फाल्गुन कृष्ण पक्ष, चतुर्थी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 28 फरवरी 2024
वर्ष 4, अंक 11, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

## उत्तराखंड बजट 2024-25

# गरीब, नारी, युवा, किसानों का 'मंगल' बजट



**710** करोड़ जमरानी बांध परियोजना के लिए

**250** करोड़ 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए

**321** करोड़ तकनीकी शिक्षा के लिए

**15,376** करोड़ का प्रावधान स्वास्थ्य एवं शिक्षा के लिए

**195** करोड़ नंदा गौरा योजना को

**25** करोड़ कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों के लिए व्यवस्था

**824** करोड़ उच्च शिक्षा के लिए

**94** हजार से ज्यादा बच्चों को आरटीई के तहत निशुल्क दी जा रही है शिक्षा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी/देहरादून

*अमृत विचार : उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में वित्त मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल ने मंगलवार को विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 89,230.07 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। इसमें सरकार को 88,597.11 करोड़ रुपये के राजस्व प्राप्ति का अनुमान है। इसमें राजस्व प्राप्ति से 60,552.90 करोड़ और पूंजीगत प्राप्ति से 28,044.21 करोड़ रुपये की प्राप्तियों का अनुमान है। वित्त मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल ने कहा कि सरकार राज्य के समग्र विकास पर आधारित बजट लेकर आई है। यह बजट वर्ष 2025 तक उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ व सशक्त राज्य बनाने पर केंद्रित है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखकर सरकार बजटीय प्रावधान और नई योजनाओं का स्वरूप निर्धारित किया है। राज्य के समावेशी विकास के लिए 18 नई योजनाओं के लिए 2,874 करोड़ रुपये का प्रावधान है। बजट में गरीब कल्याण के लिए 5658 करोड़, युवा सशक्तिकरण के लिए 534 करोड़, किसानों के लिए 2415 करोड़ और नारी सशक्तिकरण के लिए 574 करोड रुपये का अलग से प्रावधान किया गया है। बजट में इकोनॉमी के साथ-साथ इकोलॉजी का भी ध्यान रखा गया है।*



यह बजट एक असफल सरकार का बजट है, जिसने हर वर्ग को निराश किया। आशा थी कि इस बार बेरोजगारी, बेतहाशा टैक्स और आर्थिक मंदी से राहत मिलेगी पर कुछ हाथ नहीं लगा। कर्मचारी पुरानी पेंशन, किसान समर्थन मूल्य को आशान्वित थे लेकिन निराशा रही। इस बजट में अगर कुछ मिला तो कर्ज का भार है।

– **यशपाल आर्य,** नेता प्रतिपक्ष, कांग्रेस

**89,230.07**
करोड़ रुपये का प्रस्तुत किया गया बजट

### टूट गई 24 साल पुरानी परंपरा

उत्तराखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को 24 साल में पहली बार राज्य सरकार भोजनावकाश से पहले दोपहर 12 :30 बजे विधानसभा में बजट पेश किया। अब तक विधानसभा के पटल पर भोजनावकाश के बाद शाम चार बजे बजट पेश करने की परंपरा रही है, लेकिन इस बार यह परंपरा टूट गई।

**15%**
अधिक है पिछले वर्ष से यह बजट

**1,010**
करोड़ का प्रावधान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के लिए




विधानसभा में बजट पेश करने जाते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, वित्त मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल व अन्य। >>

## समग्र, समावेशी, संतुलित और विकासोन्मुखी है बजट : धामी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बजट को समग्र, समावेशी, संतुलित और विकासोन्मुखी बताया है। उन्होंने इस बजट को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के चार स्तंभ- गरीब, युवा, महिला और किसानों का बजट करार दिया है। दावा किया कि राज्य सरकार ने वर्ष 2024-25 के लिए 89,230.07 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तुत किया जो पिछले वर्ष से 15.27 प्रतिशत अधिक है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सशक्त उत्तराखंड के लिए सरकार विकल्प रहित संकल्प पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की आर्थिक विकास की दर वर्ष 2022-23 में 7.63 प्रतिशत रही थी, जो राष्ट्रीय औसत से अधिक थी। वर्ष 2023-24 में भी लगभग यही दर अनुमानित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी प्रति व्यक्ति आय में 12 प्रतिशत वृद्धि हुई है। वर्ष 2023-24 में प्रति व्यक्ति आय 2 लाख 60 हजार 201 रुपये रही। नीति आयोग की ओर से जारी बहुआयामी गरीबी सूचकांक के अनुसार राज्य के 9,17, 299 लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबों के कल्याण के लिए 5,658 करोड़ का प्रावधान किया है। इसमें गरीबों के आवास के लिए 93 करोड़, खाद्यान्न आपूर्ति में 600 करोड़ और निशुल्क गैस रिफिल के 55 करोड़ हैं। इसी तरह युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा और उच्च शिक्षा में 1,679 करोड़ रुपये का प्रावधान है। इसमें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए 250 करोड़ भी शामिल है। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए बजट में 2,415 करोड़ का प्रावधान रखा है। इसमें दीनदयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना, मिशन एप्पल, किसान पेंशन, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना पर विशेष ध्यान है। 14,538 करोड़ का जेंडर बजट है। नंदा गौरा, मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना, गंगा गाय महिला डेयरी विकास योजना आदि का भी प्रावधान है। मुख्यमंत्री ने काशीपुर-धामपुर के बीच 58 किलोमीटर रेल लाइन के सर्वे को मंजूरी प्रदान करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्ण का आभार जताया है।






## उत्तर प्रदेश में भाजपा के सभी 8 प्रत्याशी विजयी

### राज्यसभा चुनाव : सात सपा विधायकों ने भाजपा को दिया वोट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **बसपा विधायक उमा शंकर सिंह ने भाजपा प्रत्याशी को किया वोट**
- **अपना दल की पल्लवी पटेल ने सपा प्रत्याशी को किया वोट, बोलीं - मैं पीडीए के साथ**
- **अखिलेश का आरोप-विधायकों से वोट लेने को पैकेज डील हुई**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में राज्यसभा की 10 सीटों पर भाजपा ने परचम लहराया। चुनाव में भाजपा के सभी आठों प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की जबकि सपा के तीन उम्मीदवारों में से दो ही विजयी हुए। भाजपा के विजयी प्रत्याशियों में आरपीएन सिंह, सुधांशु त्रिवेदी, चौधरी तेजवीर सिंह, साधना सिंह, अमरपाल मौर्य, संगीता बलवंत, नवीन जैन के साथ 8वें प्रत्याशी के रूप में संजय सेठ भी रहे। सपा से जया बच्चन, रामजी लाल सुमन चुनाव जीते। तीसरे प्रत्याशी आलोक रंजन हार गए। 10 सीटों पर 11 प्रत्याशी मैदान में थे।

मतदान में जमकर क्रॉस वोटिंग हुई। समाजवादी पार्टी के मुख्य सचेतक मनोज पांडेय समेत सात विधायकों ने भाजपा प्रत्याशी के लिए वोट किया। वहीं, एनडीए के घटक दल सुभासपा के एक विधायक ने सपा प्रत्याशी को वोट दिया। सपा प्रमुख ने क्रॉस वोटिंग करने वाले अपने विधायकों पर सत्तासीन दल से सौदा करने का आरोप लगाया वहीं मतदान और मतगणना के दौरान कई बार नोकझोंक की भी नौबत आई। खबर लिखने तक मतगणना जारी रही। मतगणना के बाद परिणामों के मुताबिक भाजपा के अमरपाल मौर्य को 38, तेजवीर सिंह को 38, नवीन जैन को 38, आरपीएन सिंह को 37, साधना सिंह को 38, सुधांशु त्रिवेदी को 38 और संगीता बलवंत को 38 वोट मिले। जबकि संजय को 29 और सपा के आलोक रंजन को प्रथम वरीयता के 19 मत ही मिले।

### हिमाचल में भाजपा के हर्ष महाजन जीते, सिंघवी हारे

**शिमला।** 'क्रॉस–वोटिंग' के बीच भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन ने सत्तारूढ़ कांग्रेस के अभिषेक मनु सिंघवी को पराजित कर हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा की इकलौती सीट पर मंगलवार को जीत दर्ज की ।दोनों को 34–34 मत मिले जिसके बाद महाजन को 'ड्रॉ' के जरिए विजेता घोषित किया गया। यह कांग्रेस के लिए बड़ा झटका है जिसके पास 68 सदस्यीय विधानसभा में 40 विधायक हैं और उसने निर्दलीयों का समर्थन होने का भी दावा किया है। इस परिणाम से यह स्पष्ट हो गया है कि नौ विधायकों ने भाजपा के पक्ष में मतदान किया। भाजपा ने दावा किया था कि महाजन मजबूत स्थिति में हैं क्योंकि कांग्रेस के कई विधायकों ने अंतरात्मा की आवाज पर वोट डालने की उनकी अपील पर ध्यान दिया है। अभी भाजपा के राज्य विधानसभा में 25 विधायक हैं।

### कर्नाटक में कांग्रेस ने तीन, भाजपा ने एक सीट जीती

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में राज्यसभा चुनाव में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने तीन सीट, जबकि भाजपा ने एक सीट जीती। उच्च सदन के लिए निर्वाचित हुए व्यक्तियों में अजय माकन, जीसी चंद्रशेखर और सैयद नसीर हुसैन (सभी कांग्रेस से) और भाजपा के नारायणसा के. भांडगे शामिल हैं। चुनाव में चार सीट के लिए पांच उम्मीदवार मैदान में थे, जिनमें जनता दल (सेक्युलर) के उम्मीदवार डी. कुपेंद्र रेड्डी भी शामिल थे। चुनाव में क्रॉस वोटिंग हुई। भाजपा विधायकों में से एक एसटी सोमशेखर ने कांग्रेस के अजय माकन के लिए मतदान किया, जबकि अन्य विधायक ए. शिवराम हेब्बार ने मतदान में भाग नहीं लिया।

### ईडी के समक्ष पेश हों पांचों जिलाधिकारी : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कथित अवैध रेत खनन को लेकर की जा रही धन शोधन जांच के संबंध में तमिलनाडु के पांच जिलाधिकारियों को ईडी के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने ईडी के समन के खिलाफ तमिलनाडु और उसके अधिकारियों की याचिका को राहत देने के आदेश पर रोक लगा दी।

### भ्रामक दावों पर पतंजलि को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने योग गुरु रामदेव की कंपनी पतंजलि आयुर्वेद के उत्पादों के बारे में अदालत में दिए गए हलफनामे और उनके औषधीय प्रभाव का दावा करने वाले बयानों के प्रथम दृष्टया उल्लंघन को लेकर मंगलवार को उसे कड़ी फटकार लगाई। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति ए. अमानुल्लाह की पीठ ने पतंजलि आयुर्वेद एवं इसके प्रबंध निदेशक को नोटिस जारी किया तथा पूछा कि उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही क्यों न की जाए। पीठ ने पतंजलि आयुर्वेद और इसके अधिकारियों को दवा की किसी भी पद्धति के विरूद्ध प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक, दोनों मीडिया में उसे किसी भी रूप में कोई बयान देने के खिलाफ आगाह भी किया, जैसा कि उन्होंने न्यायालय के समक्ष अपने हलफनामे में कहा था। कंपनी का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील ने पिछले साल 21 नवंबर को शीर्ष अदालत को आश्वस्त किया था कि अब से कानून का किसी तरह से भी उल्लंघन नहीं किया जाएगा।




**गर्व के क्षण** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा– हम अंतरिक्ष के लिए तैयार ...इस बार काउंटडाउन, समय और राकेट भी हमारा होगा

## गगनयान मिशन के लिए नामित चार अंतरिक्ष यात्रियों के नामों की घोषणा

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी





शुभांशु शुक्ल | प्रशांत बालकृष्णन | अंगद प्रताप | अजित कृष्णन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को उन चार अंतरिक्ष यात्रियों के नामों की घोषणा की जो देश के पहले मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन गगनयान के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने थुंबा स्थित विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर, अंगद प्रताप, अजीत कृष्णन और विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला गगनयान मिशन के लिए नामित किए गए अंतरिक्ष यात्री हैं। उन्होंने इन चारों को अंतरिक्ष यात्री पंख प्रदान किए। मोदी ने इन चार अंतरिक्ष यात्रियों को चार ताकतें करार दिया, जो देश के 1.4 अरब लोगों की आकांक्षाओं को समाहित करती हैं। मोदी ने कहा कि चार दशक बाद कोई भारतीय, अंतरिक्ष में जाने के लिए तैयार है और इस बार उलटी गिनती (काउंटडाउन), समय और यहां तक कि रॉकेट भी हमारा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ये चार अंतरिक्ष यात्री सिर्फ चार नाम या व्यक्ति नहीं हैं, बल्कि वे 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को अंतरिक्ष में ले जाने वाली चार 'शक्तियां' हैं। मोदी ने केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री पिनराई विजयन, विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन और इसरो के प्रमुख एस सोमनाथ सहित अन्य गणमान्य की उपस्थिति में नाम की घोषणा की। मिशन में स्वदेशी पुर्जों के इस्तेमाल पर प्रधानमंत्री ने खुशी जताई।

### प्रयागराज से ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप और लखनऊ से विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला बने टीम के सदस्य

**प्रयागराज/लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को जिन चार अंतरिक्ष यात्रियों के नामों की घोषणा की उनमें दो यात्री अंगद प्रताप और शुभांशु शुक्ला उत्तर प्रदेश से हैं। रक्षा मंत्रालय के जनसंपर्क अधिकारी समीर गंगाखेडकर ने एक विज्ञप्ति में बताया कि 17 जुलाई 1982 को प्रयागराज में जन्मे ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप एनडीए के छात्र रह चुके हैं। उन्होंने 18 दिसंबर 2004 को वायु सेना की फाइटर स्ट्रीम में कमीशन प्राप्त किया था। अंगद प्रताप एक फ्लाइंग प्रशिक्षक और एक टेस्ट पायलट हैं जिनको लगभग 2000 घंटे के उड़ान का अनुभव है। वहीं, 10 अक्टूबर 1985 को लखनऊ में जन्मे विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला भी एनडीए के छात्र रहे हैं और उन्होंने 17 जून 2006 को वायु सेना की फाइटर स्ट्रीम में कमीशन प्राप्त किया था। शुक्ला एक फाइटर कोम्बेट लीडर और एक टेस्ट पायलट हैं जिनको लगभग 2000 घंटे का विमान उड़ाने का अनुभव है। दोनों को सुखोई, मिग–21, मिग–29, जगुआर, हॉक, डॉर्नियर, एएन–32 जैसे विमान उड़ाने का अनुभव है।



# ईजा-बैंणी, भुला व किसान के लिए खोला पिटारा

जैसी उम्मीद थी, वैसा ही हुआ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पसंदीदा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार का बजट प्रदेश की आर्थिक गति को रफ्तार देने के साथ ही मतदाताओं को रिझाने वाला है। खासकर महिला, युवा, किसान, गरीब ऐसे मतदाता हैं जो चुनावी गुणा गणित बना और बिगाड़ सकते हैं। धामी सरकार ने जेंडर बजट में 14,538 करोड़, गरीब कल्याण को 5,658 करोड़, युवा सशक्तिकरण को 1,679 और किसानों के लिए 2,415 करोड़ देकर नंबरों की आंकड़ेबाजी करने की कोशिश की है। स्वास्थ्य, शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, खेलों और औद्योगिक विकास पर भी विशेष ध्यान दिया है। सरकार ने नवाचार, स्टार्ट अप नीति से रोजगार सृजन के भी बड़े-बड़े दावे किए हैं।

| जेंडर बजट | गरीब कल्याण | युवा सशक्तिकरण |
|---|---|---|
| 14538 | 5658 | 1679 |



बजट पेश करने से पूर्व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को मिठाई खिलाते वित्त मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रामराज्य की परिकल्पना को ध्यान में रखते हुए नारी, किसान, युवा और गरीबों के कल्याण पर विशेष ध्यान दिया है। इन वर्गों के उत्थान के लिए दिल और पिटारा खोल दिए गए हैं।

राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में गरीब कल्याण के दृष्टिगत समाज कल्याण में 2756 करोड़, अनुसूचित जाति कल्याण में 2184 करोड़ और जनजाति कल्याण कल्याण में 718 करोड़ की राशि का प्रविधान किया है। इसमें गरीबों के लिए आवास को 93 करोड़, खाद्यान्न आपूर्ति को 600 करोड़ और निशुल्क गैस रीफिल को 55 करोड़ की राशि शामिल है। ईजा-बैंणी के सशक्तिकरण के लिए जेंडर बजट में 14,538 करोड़ रुपये का रखे गए है। इसमें महिला कल्याण विभाग को 574 करोड़ है। नंदा गौरा, मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट, मुख्यमंत्री बाल पोषण, वात्सल्य, गंगा गाय महिला डेरी विकास जैसी योजनाओं के लिए बजट रखा गया है। वहीं, युवा कल्याण पर सरकार 1679 करोड़ रुपये खर्च करेगी। इसमें युवा कल्याण व खेलकूद के लिए 534 करोड़, तकनीकी शिक्षा में 321 करोड़ और उच्च शिक्षा में 824 करोड़ की राशि शामिल है। 38 वें राष्ट्रीय खेलों के लिए 250 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान है। खेल महाकुंभ के लिए 27 करोड़ समेत अन्य योजनाओं को बजट रखा गया है।

इसी तरह धाकड़ धामी सरकार ने कृषि के लिए 2415 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। कृषि विभाग की ग्रांट 1045 करोड़, उद्यान विभाग की 578 करोड़ और पशुपालन विभाग की ग्रांट 791 करोड़ रुपये दी है।

## बजट पर प्रतिक्रिया



सरकार को बजट में रोजगार की व्यवस्था करनी चाहिए थी। इस समय लोगों को रोजगार की ज्यादा जरूरत है। साथ ही महंगाई कम करने के लिए प्रावधान करने चाहिए थे। **–हरीश सिनोली**, बसपा प्रदेश सचिव, उत्तराखंड



युवाओं के रोजगार के लिए बजट में कोई प्रवधान नहीं है। पर्वतीय क्षेत्र में स्वास्थ्य के लिए भी कुछ नहीं है। बजट बेहद निराशाजनक है। **–सुशील उनियाल**, केंद्रीय महामंत्री उत्तराखंड क्रांति दल



पर्यटन विकास के लिए बजट अच्छा है। शिक्षा और खेल जगत को प्रोत्साहित किया है। धामी सरकार का बजट प्रशंसनीय है, लेकिन व्यापारियों को कुछ भी नहीं मिला है। **–नवीन वर्मा**, प्रदेश अध्यक्ष व्यापार मंडल



शिक्षा जगत के लिए बजट बहुत अच्छा है। इसमें तकनीकी और उच्च शिक्षा पर फोकस हुआ है। इससे जहां उत्तराखंड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने का मार्ग प्रशस्त होगा। वहीं छात्र-छात्राओं के भविष्य के लिए भी बजट फायदेमंद होगा। **– समित टिक्कू**, प्रबंधक दीक्षांत स्कूल



बजट काफी प्रोग्रेसिव है। नई शिक्षा नीति के अनुरूप बजट में तकनीकी पहलू का ध्यान रखते हुए शिक्षा की गुणवत्ता को बनाये रखने के लिए बल दिया गया है। आने वाले समय में इसके दूरगामी परिणाम दिखेंगे। **–डॉ. प्रवीन्द्र रौतेला**, चेयरमैन सिंथिया स्कूल



उत्तराखंड का आम बजट 2024 एक संतुलित बजट है, जिसमें भविष्य की विकास की गति परिलक्षित होती है। बजट में महिलाओं के कल्याण का ध्यान रखा गया है। समाज कल्याण विभाग एवं जिला कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों के अवशेष बजट का प्रावधान किया जाना चाहिए था। **–केपी मेहता**, प्रान्तीय अध्यक्ष, उत्तरांचल ग्राम्य विकास, मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन



प्रदेश का बजट समग्र, समावेशी व संतुलित है। इसमें गरीब, युवा और नारी शक्ति के लिए व्यवस्था की गई है। शिक्षा, स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया गया है। इस बजट से प्रदेश के विकास को नई गति मिलेगी। **–मीना अरोरा**, साहित्यकार



सरकार ने मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में 2024 के बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के लिए विशेष प्रावधान रखे गए हैं। कुल मिलाकर बजट अच्छा है। **–कैप्टन सोबन सिंह भड़**, (सेवानिवृत)



जमरानी बांध के लिए बजट जारी करके सरकार ने बहुत अच्छा काम किया है। हल्द्वानी और उसके आसपास के इलाकों के लिए जमरानी बांध जरूरी है। उम्मीद है कि जल्द काम शुरू होगा। **–दीपक उप्रेती**, कुसुमखेड़ा



युवाओं के लिए रोजगार के और प्रावधान किए जाने की जरूरत है। पर्यटन से जुड़े रोजगार को बढ़ने के लिए और ज्यादा खर्च करने की जरूरत है। सरकार को अभी और मौका देना चाहिए। **–तरूण मेहरा**, गोरापड़ाव



युवा कल्याण पर खर्च करने के लिए सरकार ने 1679 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। यह अच्छा कदम है। साथ ही खेती किसानी के लिए भी 2415 करोड़ का बजट रखा गया है। **–आनंद सिंह मेर**, दमुवाढूंगा



चुनाव को देखते हुए सरकार ने सही बजट पेश किया है। इस समय कड़े कदम उठाना मुश्किल भी था। स्थिर सरकार को और बड़े कदम लेने पड़ेंगे। **–मयंक**

## बजट पर राजनैतिक प्रतिक्रियाएं



बजट प्रदेश और सभी वर्गों के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। उन्नत, सुशासित व क्षमतावान नीति पर आधारित है। बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विकास के दृष्टिकोण और दूरगामी सोच को उजागर करने के साथ-साथ प्रदेश में सड़कों के निर्माण, पर्यटन विकास, जमरानी बांध परियोजना, सौंग परियोजना और लखवाड़ परियोजना सहित तमाम विकास कार्यों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। **–सतपाल महाराज**, पर्यटन मंत्री



बजट में महिला, पुरूष, युवा व बुजुर्ग के साथ ही किसान, पूर्व सैनिक और उद्यमी हर व्यक्ति का ध्यान रखा गया है। यह एक समावेशी बजट है। प्रदेश के विकास में यह बजट मील का पत्थर साबित होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में इस दशक को उत्तराखंड का दशक बनाने और प्रदेश की आर्थिक तरक्की का फायदा समाज के हर वर्ग तक पंहुचेगा। बजट सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित बजट है। **–गणेश जोशी**, सैनिक कल्याण मंत्री



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का वर्ष 2025 तक उत्तराखंड राज्य को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने के संकल्प को पूरा करने वाला ऐतिहासिक बजट पेश करने पर बधाई। एक के बाद एक ऐतिहासिक निर्णय और एक के बाद एक नई परंपरा की शुरुआत कर देश भर में उत्तराखंड को अग्रणी राज्य बनाने के आपके सपने को साकार होने से कोई नही रोक सकता। उत्तराखंड के इतिहास का इसे सबसे बड़ा बजट माना जा रहा है। जैसा कि वित्त मंत्री ने कहा कि इस साल का ये बजट गरीब, युवा, अन्नदाता और नारीशक्ति ज्ञान पर आधारित है। समाज के हर वर्ग की चिंता कर सरकार ने अपनी राज्य की जनता के हित की मंशा भी उजागर की है। **–प्रताप बिष्ट**, जिलाध्यक्ष भाजपा नैनीताल



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व मे पेश बजट उत्तराखंड के विकास मे मिल का पत्थर साबित होगा और इस बजट से उत्तराखंड भारत के अग्रणी राज्यों मे शामिल हो इस का रोड मैप है। यह बजट आत्मनिर्भर उत्तराखंड पर सरकार का फोकस और विकास व जन हितैषी सुधारों की मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की दूरदृष्टि को दर्शाता है। डास्टिनेशन इन उत्तराखंड को प्रोत्साहित करेगा और अधिक निवेश आएगा।
**–विकास भगत**, प्रदेश प्रवक्ता भाजपा



इस बार के बजट में भी युवाओं, बेरोजगारों व व्यापारियों के लिए कुछ खास नहीं है। व्यापारियों को अतिक्रमण के नाम पर उजाड़ने का काम किया जा रहा है। यह बजट भी पिछले बजट की तरह झूठ का पुलिंदा है। **–राहुल छिम्वाल**, जिलाध्यक्ष, कांग्रेस



बजट बेहद निराशाजनक है। हल्द्वानी के आईएसबीटी, रिंग रोड, अंतर्राष्ट्रीय जू का उल्लेख नहीं है। रोजगार सृजन, भ्रष्टाचार, महंगाई, पलायन की रोकथाम के लिए कोई प्रावधान नहीं है। यह बजट निराशाजनक है। = सुमित हृदयेश, विधायक हल्द्वानी

## विशेषज्ञों की नजर में बजट



बजट में अटल आयुष्मान योजना में 25 परसेंट की बढ़ोतरी की गई है जो कि 400 करोड़ से 500 करोड़ किया गया है। इसका मुख्य *उद्देश्य गरीब तथा निर्बल वर्ग को पैसे के अभाव में इलाज से वंचित न होना पड़े। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री पलायन रोकथाम योजना के लिए प्रावधान किया है तथा शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों को निखारने के लिए बजट का प्रावधान किया गया शहरी क्षेत्रों के लिए बेहतर पेयजलापूर्ति तथा ग्रीन फील्ड सिटी निर्माण के लिए प्रावधान किया गया। जो कि प्रशंसनीय है और अत्यंत आवश्यक भी है। **–सुमित गुप्ता**, अधिवक्ता सेल्स टैक्स एवं आयकर



राज्य सरकार ने संतुलित, विकासोन्मुखी बजट पेश किया है। इस से उद्यमिता, कौशल एवं नवाचार को बढावा मिलेगा। कई विभागों के लिए उचित प्रावधान किए हैं इससे राज्य के विकास में मदद मिलेगी। **–हृदयेश गुप्ता**, अधिवक्ता सेल्स टैक्स



बजट वैसे तो घोषणाओं के साथ ही हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। इस बजट में नई नौकरियों, रोजगार के लिए बहुत कम बात की गई है। यदि रोजगार सृजन पर जोर दिया जाता तो यह बेहतर बजट बन सकता था। **–अमन साह**, सीए

## स्वास्थ्य

### 15,376 करोड़ से सुधरेगी स्वास्थ सेवाओं की सेहत



प्रदेश की चरमराती स्वास्थ्य सेवाओं की सेहत सुधारने के लिए सरकार ने स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए 15,376 करोड़ का प्रावधान किया है। इसमें एनएचएम में 1010 करोड़, अटल आयुष्मान में 500 करोड़, हेल्थ सिस्टम डेवपलमेंट में 105 करोड़, आयुष मिशन में 96 करोड़, कक्षा एक से आठ तक विद्यार्थियों को निशुल्क यूनिफार्म व बैग को 25 करोड़ का बजट शामिल है।

## शहर और गांव

### 2565 करोड़ से शहर व 2910 करोड़ से संवरेंगे गांव



सरकार ने बजट में शहरों को संवारने के लिए 2,565 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इसमें नगरीय अवस्थापना सुदृढ़ीकरण को एडीबी से 150 करोड़, हल्द्वानी व अन्य शहरों को 109 करोड़, पेयजल व जलोत्सारण योजनाओं को 200 करोड़, ग्रीन फील्ड व ब्राउन फील्ड सिटी निर्माण को 20 करोड़ और गैरसैंण में इंफ्रास्ट्रक्चर को 20 करोड़ का बजट दिया है। इसी तरह पलायन का दंश झेल रहे गांवों को संवारना भी सरकार ने प्राथमिकता दर्शाई है। ग्राम्य विकास को 2910 करोड़ का प्रावधान किया है। इसमें राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान, वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम, पंचायत भवनों का निर्माण, मुख्यमंत्री सीमांत क्षेत्र विकास योजना, मुख्यमंत्री पलायन रोकथाम योजना समेत अन्य जरूरी योजनाएं शामिल की गई हैं।

## उद्योग

### 425 करोड़ औद्योगिक विकास पर जोर



उत्तराखंड को उद्यम प्रदेश बनाने के लिए औद्योगिक विकास को 426 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को सहायता, मुख्यमंत्री स्वरोजगार, मेगा इंडस्ट्रियल एवं मेगा टेक्सटाइल नीति, स्टार्ट अप, सेंट्रल इस्टीट्यूट ऑफ प्लास्टिक इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी के लिए भी प्रावधान हैं। अनुमान है कि रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

### किस विभाग को क्या मिला

| | |
|---|---|
| प्राथमिक शिक्षा | 4008.53 |
| ऊर्जा | 1374.69 |
| पुलिस विभाग | 2796.54 |
| लोक निर्माण विभाग | 3217.25 |
| स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण | 4131.95 |
| नगर विकास | 372.67 |
| ग्रामीण विकास | 2910.22 |
| जल आपूर्ति | 1132.40 |
| भारी एवं मध्यम उद्योग | 419.74 |

### आर्थिक विकास की यात्रा

| | |
|---|---|
| 2016-17 | 195124.85 |
| 2017-18 | 220222.13 |
| 2018-19 | 230327.41 |
| 2019-20 | 239262.88 |
| 2020-21 | 225616176 |
| 2021-22 | 267143.19 |
| 2022-23 | 303780.74 |
| 2023-24 | 346206.44 |
| 2024-25 | 394675.30 |

### अर्थव्यवस्था में वृद्धि की दर

| वर्ष | उत्तराखंड की दर | केंद्र की दर |
|---|---|---|
| 2022-23 | 7.63 | 7.2 |
| 2023-24 | 7.58 | 7.3 |

### प्रतिव्यक्ति आय में हुआ इजाफा

| वर्ष | उत्तराखंड | केंद्र सरकार |
|---|---|---|
| 2022-23 | 230994 | 172276 |
| 2023-24 | 260201 | 185854 |
| वृद्धि प्रतिशत | 12 | 7.9 |

### ग्राम्य विकास



- 2024-25 हेतु कुल प्रावधान लगभग – रू0 2910 करोड़
- 2022-23 में वास्तविक व्यय लगभग – रू0 3008 करोड़
- 2023-24 का संशोधित अनुमान – रू0 2617 करोड़

### चार नए विश्वविद्यालय बनेंगे

उत्तराखंड निजी विवि (संशोधन) विधेयक पेश किया गया है। इसके तहत राज्य में चार नए निजी विवि स्थापित किए जाएंगे। इनमें माइंड पावर यूनिवर्सिटी भीमताल, नैनीताल जिले में, डीबीएस ग्लोबल विवि, व माया देवी विवि सेलाकुई देहरादून में और मंजीरा देवी विवि, डूंडा उत्तरकाशी में स्थापित किए जाएंगे।

### स्वयं के कर से होगी कमाई

बजट के मुताबिक इस सरकार का अनुमान है कि स्वयं के कर से इस बार 25.24 करोड़ की आय होगी। केंद्रीय सहायता अनुदान, राज्य सरकार की आय का बड़ा स्रोत है, फिर भी इस बार इसे 27.07 प्रतिशत से घटाकर 21.90 प्रतिशत किया गया है। लोक ऋण को 25.21 से बढ़ाकर 31.30 प्रतिशत कर दिया है।

### एक चौथाई वेतन में जाएगा

कुल बजट का 22.63 प्रतिशत खर्च वेतन, भत्तों, मजदूरी आदि पर होगा। पेंशन पर 9.12 प्रतिशत अलग से खर्च होगा। पिछले बजट में यह खर्च 24.98 फीसदी था, हालांकि इस बार इसमें कमी की गई है। सरकार ने निवेश पर खर्च बढ़ाने के लिए 15.23 प्रतिशत ऋण को बढ़ाकर 22.43 प्रतिशत कर दिया है।

### इकोलॉजी पर भी ध्यान

बजट में आर्थिकी के साथ पर्यावारणीय संतुलन पर भी फोकस है। कैंपा योजना में 343 करोड़, जलवायु परिवर्तन शमन को 55 करोड़, स्प्रिंग एंड रिवर रेजुविनेशन प्राधिकरण में राजस्व मद में 19 व पूंजीगत मद में 50 करोड़, सार्वजनिक वनों के सृजन को 10 करोड़, इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर पर 10 करोड़ का प्रावधान किया है।

### सदन में पेश हुए पांच विधेयक ये 13 बिल बने कानून

हल्द्वानी/देहरादून : विधानसभा सदन में उत्तराखंड निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) सहित पांच विधेयक पेश कि गए। वहीं, राजभवन से मंजूरी के बाद 13 विधेयक कानून बन गए हैं। इनमें उत्तराखंड बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण (संशोधन) विधेयक, उत्तराखंड लोक सेवा (कुशल खिलाड़ियों के लिए क्षैतिज आरक्षण) विधेयक, उत्तराखंड पंचायतीराज (संशोधन) विधेयक एवं उत्तराखंड (उत्तर प्रदेश गिरोहबंद और समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 (संशोधन) विधेयक पेश किया गया। **ये बने कानून**–उत्तराखंड विनियोग विधेयक, उत्तराखंड विनियोग अधिनियम (निरसन) विधेयक, उत्तराखंड (उत्तर प्रदेश जमीदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम (संशोधन) विधेयक, उत्तराखंड शहीद आश्रित अनुदान (संशोधन) विधेयक, उत्तराखंड माल और सेवाकर (संशोधन) विधेयक, उत्तराखंड संयुक्त (प्रांतीय रक्षक दल अधिनियम) 1984 संशोधन विधेयक, उत्तराखंड सड़क संरचना सुरक्षा (संशोधन) विधेयक, उत्तराखंड (उत्तर प्रदेश अधिवक्ता कल्याण निधि अधिनियम 1974 (संशोधन) विधेयक, वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक, उत्तराखंड निवेश और आधारित (संरचना विकास और विनियमन) विधेयक 2023, उत्तराखंड निरसन विधेयक, आम्रपाली विश्वविद्यालय विधेयक 2021 एवं उत्तराखंड निजी विश्वविद्यालय विधेयक 2023 राजभवन से मंजूरी के बाद कानून बन गए हैं।

## पांच सालों में श्रेष्ठ राज्य बनने को सशक्त उत्तराखंड@2025

उत्तराखंड को देश का सशक्त व अग्रणी राज्य बनाने के लिए उत्तराखंड@2025 की पहल की है। इसमें अगले पांच वर्षों में राज्य की आर्थिक को वर्ष 2027 तक दोगुना करने का लक्ष्य है। यानी 5.5 लाख करोड़ करना है। कृषि एवं सहवर्गीय, विनिर्माण, पर्यटन, आयुष एवं वेलनेस, उच्च शिक्षा, कोशल विकास, शहरी विकास, सड़क, ऊर्जा, रेलवे जैसे कोर इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस है। अग्रणी राज्य बनाने के लिए 30 नई नीतियां बनाई गई एवं पूर्व नीतियों में संशोधन किया गया। इनमें वृहद-निजी औद्योगिक नीति, सेवा क्षेत्र, एमएसएमई, स्टार्ट अप, पर्यटन, कस्टमाइज पैकेज, लॉजिस्टिक, निर्यात, आयुष एवं वेलनेस, फिल्म, ड्रोन, पंप भंडारण परियोजना और सौर नीति बनाई है।

### समावेशी विकास के लिए नई योजनाएं

- ई – विधान सभा एप्लीकेशन कार्यक्रम अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में लगभग 31 करोड़
- मेगा प्रोजेक्ट योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में रू0 850 करोड़
- जमरानी बांध परियोजना हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में लगभग रू0 710 करोड़
- सॉंग परियोजना हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में 300 करोड़
- लखवाड परियोजना हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में 250 करोड़
- प्रदेश में आयोजित होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन को 250 करोड़
- यूनिटी मॉल / प्लाजा निर्माण को 157 करोड़
- प्रशासकीय एवं अनावसीय भवनों की रूफ टॉप सोलर योजना हेतु 100 करोड़
- राजस्व अभिलेखों को पूर्णत: डिजिटाइजेशन किया जाएगा, जिस को नई मांग से 50 करोड़
- स्क्रैप पॉलिसी के तहत वाहन क्रय के लिए 50 करोड़
- टाटा टेक्नॉलाजी मॉडल के अनुसार आई0टी0आई0 के उन्नयन हेतु 40 करोड़
- खाद्य सुरक्षा योजना के अन्तर्गत प्राथमिक तथा अंत्योदय राशन कार्ड धारकों को सस्ती दरों पर नमक उपलब्ध कराने हेतु 2024-25 में लगभग 34 करोड़
- प्रत्येक जनपद में चिल्ड्रन ट्रैफिक पार्क का निर्माण हेतु नई मांग में 10 करोड़ बंजर भूमि में सामूहिक कृषि 7 करोड़
- प्रत्येक जनपद में थीम बेस्ड विज्ञान एवं नवाचार केन्द्र के लिए 10 करोड़
- राज्य में शहरी यातायात को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अर्बन मोबिलिटी कार्यक्रम हेतु नई मांग के माध्यम से 10 करोड़
- थर्मल प्रोजेक्ट हेतु टी0एच0डी0सी0 एवं यू0जे0वी0एन0 संयुक्त उपक्रम के लिए 5 करोड़
- परिवहन विभाग के अन्तर्गत ई0वी0 चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट के निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है ताकि प्रदेश को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार किया जा सके।

# मास्टर माइंड के बाद 36 और उपद्रवियों पर लगा यूएपीए

## सपा प्रदेश प्रभारी के भाई समेत कई पार्षद और प्रभावशाली लोगों के नाम, सभी पर थाना और वाहनों को फूंकने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा हिंसा का मास्टर माइंड कहे जा रहे अब्दुल मलिक को पुलिस ने सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। मलिक के साथ ही बनभूलपुरा थाना और वहां खड़े वाहनों को फूंकने वाले कुल 36 लोग जेल भेजे जा चुके थे। मलिक पर तो पुलिस ने पहले ही यूएपीए लगा दिया था और अब सभी 36 लोगों पर यूएपीए लगा दी गई है। इन सभी पर हत्या की कोशिश करने सहित तमाम गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है। जिन पर ये धाराएं लगाई गईं हैं, उनमें समाजवादी पार्टी के प्रदेश प्रभारी अब्दुल मतीन सिद्दीकी के भाई जावेज सिद्दीकी समेत कई पार्षद और प्रभावशाली लोगों के नाम हैं।

बता दें कि बीती 8 फरवरी को मलिक का बगीचा में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करने गई प्रशासन, पुलिस और नगर निगम की टीम पर पथराव हुआ था। भारी भीड़ ने जमकर हिंसा की और सरकारी व निजी वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया। लोगों की जान लेने की कोशिश की गई और ये हिंसा बनभूलपुरा थाने तक पहुंच गई। उपद्रवियों ने बनभूलपुरा थाने के बाहर खड़े वाहनों को आग के हवाले कर दिया और थाने में भी आग लगा दी थी। इस मामले में पुलिस ने लाइन नंबर 8 वार्ड 25 आजाद नगर निवासी अब्दुल मलिक पुत्र अब्दुल रज्जाक समेत 36 लोगों को गिरफ्तार किया है। ये मामला बनभूलपुरा थाने की ओर से दर्ज किया गया है।

सोमवार तक यह बात सामने आई थी कि पुलिस ने हिंसा के मास्टर माइंड कहे जा रहे अब्दुल मलिक पर ही उत्तराखंड लोक संपत्ति अधिकार अधिनियम, आपराधिक कानून संशोधन अधिनियम और गैर कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के साथ आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 307, 395, 323, 332, 341, 342, 353, 427 और 436 में मुकदमा दर्ज किया है, लेकिन अब बनभूलपुरा थाने की ओर से दर्ज मामले में गिरफ्तार किए गए सभी 36 लोगों पर भी इन्हीं धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।



मलिक के बगीचे में मलबे को हटाती जेसीबी। ● फाइल फोटो।






### बोले एसएसपी

बनभूलपुरा की ओर से दर्ज किए गए मामले में गिरफ्तार सभी लोगों के खिलाफ यूएपीए के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के मामले से जुड़े पुख्ता साक्ष्य हैं। **-प्रह्लाद नारायण मीणा**, एसएसपी नैनीताल

### इन पर लगा है यूएपीए

1. अरशद अय्यूब पुत्र अमीर निवासी लाइन नंबर 12 बनभूलपुरा
2. महबूब आलम पुत्र अब्दुल रऊफ निवासी लाइन नंबर 16 बनभूलपुरा
3. जीशान परवेज पुत्र जमील अहमद निवासी लाइन नंबर 14 बनभूलपुरा
4. जावेद सिद्दीकी पुत्र अब्दुल मोईन निवासी लाइन नंबर 17 बनभूलपुरा
5. असलम चौधरी पुत्र स्व .इब्राहिम निवासी लाइन नंबर 8 बनभूलपुरा
6. जुनैद पुत्र असलम निवासी लाइन नंबर 17 बनबूलपुरा
7. निजाम पुत्र असलम निवासी लाइन नंबर 17 बनभूलपुरा
8. महबूब उर्फ माकू पुत्र मुक्तार अहमद निवासी गफूर बस्ती बनभूलपुरा
9. शहजाद उर्फ कनफड़ा उर्फ ठेकेदार पुत्र दिलशाद निवासी इंद्रानगर बनभूलपुरा
10. शहनवाज पुत्र जुम्मा निवासी नैनीताल पब्लिक स्कूल के सामने बनभूलपुरा
11. अब्दुल माजिद पुत्र अब्दुल खालिद निवासी नई बस्ती ठोकर पुराना चीलघर बनभूलपुरा
12. साजिद पुत्र अब्दुल खालिद निवासी नई बस्ती ठोकर पुराना चीलघर के पास बनभूलपुरा
13. मो .नईम पुत्र मो .फईम निवासी नई बस्ती ठोकर पुराना चीलघर के पास बनभूलपुरा
14. शकील अहमद पुत्र शब्बीर अहमद निवासी मोहम्मद चौक के पास पप्पू का बगीचा बनभूलपुरा
15. इसरार अली पुत्र अजगर अली निवासी मोहम्मदी चौक के पास पप्पू का बगीचा सलमानी वाली गली बनभूलपुरा
16. सानू उर्फ राजा पुत्र मो .याकूब निवासी गफूर बस्ती बनभूलपुरा
17. रईस उर्फ बिट्टू पुत्र अनीस अहमद निवासी स्प्रिंग फील्ड स्कूल के पास बनभूलपुरा
18. अब्बू तस्लीम पुत्र स्व .इब्राहिम निवासी लाइन नंबर 10 आजादनगर बनभूलपुरा
19. भोला उर्फ सोहेल पुत्र मो .ताहिर निवासी बाबा मजार के पास लाइन नंबर 18 वार्ड 24 बनभूलपुरा
20. सोहेब पुत्र बब्बू खां निवासी बाबा मजार के पास लाइन नंबर 18 वार्ड 24 बनभूलपुरा
21. सलीम पासा पुत्र समीम पासा निवासी वार्ड 15 जवाहर नगर बनभूलपुरा
22. शकील अहमद अंसारी पुत्र जमील अहमद अंसारी निवासी इंद्रानगर बड़ी मस्जिद के पास वार्ड 32 बनभूलपुरा
23. मौकिन अहमद सैफी पुत्र नईम अहमद सैफी निवासी गौजाजाली साह जी मस्जिद वार्ड 59 बनभूलपुरा
24. जिया उर्रहमान पुत्र स्व .अकलाल हुसैन निवासी अब्दुला बिल्डिंग वार्ड 21 लाइन नंबर 9 बनभूलपुरा
25. शारिक सिद्दीकी पुत्र फिदा हुसैन निवासी लाल मस्जिद के सामने नई बस्ती मैदान के पास वार्ड 25 बनभूलपुरा
26. दानिश मलिक पुत्र मो .नईम निवासी लाइन नंबर 14 वार्ड 23 उवैश रजा के सामने वाली गली में हसीना मंजिल के पास बनभूलपुरा
27. मो .शुएब पुत्र सईद अहमद निवासी लाइन नंबर 14 गफ्तारी मस्जिद के पीछे बनभूलपुरा
28. वसीम सिद्दीकी उर्फ हप्पा पुत्र अनीश अहमद निवासी लाइन नंबर 18 वार्ड 26 कारीबाबा मदरसा के पास बनभूलपुरा
29. तस्लीम कुरेशी पुत्र साबिर कुरेशी निवासी मलिक का बगीचा वार्ड 31 बनभूलपुरा
30. मो .अयान पुत्र अकील अहमद निवासी लाइन नंबर 16 आजादनगर बनभूलपुरा
31. मो .अनस पुत्र यासीन निवासी लाइन नंबर 16 बनभूलपुरा

32 मो .समीर उर्फ चांद पुत्र शफीक अहमद निवासी इंद्रानगर वार्ड 31 बनभूलपुरा

33. जावेद कुरैशी पुत्र मो .शाकिब निवासी मोहम्मदी चौक जियाउद्दीन कुरैशी के घर के पीछे वार्ड 32 बनभूलपुरा
34. अयाज अहमद पुत्र हाफिज शकील निवासी गोपाल मंदिर वार्ड 26 बनभूलपुरा
35. रईश अहमद अंसारी पुत्र रफीक अहमद अंसारी निवासी मलिक का बगीचा बिजली घर के पास वार्ड 31 बनभूलपुरा
36. अब्दुल मलिक पुत्र अब्दुल रज्जाक लाइन नंबर 8 वार्ड 25 आजादनगर बनभूलपुरा

# हिंसा के बाद एक साथ नहीं भागा मलिक का परिवार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**पैंतरा**

- अलग-अलग इसलिए भागे ताकि पुलिस एक साथ न पकड़ सके
- अब मलिक की गिरफ्तारी के बाद पुलिस का पूरा ध्यान मोईद पर

**अमृत विचार :** हिंसा के बाद अब्दुल मलिक परिवार साथ लेकर नहीं भागा, क्योंकि वो जानता था कि अगर एक साथ भागे तो एक साथ पकड़े भी जाएंगे। भागने से पहले उसने पुलिस से पैंतरा खेला और परिवार को अलग-अलग दिशा में भागने को कहा। फिलहाल तो मलिक पुलिस की गिरफ्त में है और अब पुलिस का पूरा ध्यान बेटे मोईद की गिरफ्तारी पर है।

दंगे के बाद से फरार अब्दुल मलिक को पुलिस 16वें दिन गिरफ्तार करने में कामयाब हुई। पैसा और राजनीतिक पहुंच रखने वाले अब्दुल मलिक के भारत के कोने-कोने में संबंध हैं और यही वजह है कि मलिक हल्द्वानी से महाराष्ट्र तक ठिकाने बदलता रहा, लेकिन पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा। वह दिल्ली लौटा तो पुलिस की नजर में आया और पकड़ा गया। माना जा रहा है कि बाप की इसी पहुंच का इस्तेमाल उसका बेटा अब्दुल मोईद भी कर रहा है। पुलिस का मानना है कि मोईद यहीं कहीं आस-पास भी छिपा हो सकता है या फिर भारत के किसी भी कोने में। हालांकि मलिक की गिरफ्तारी के बाद अब एसएसपी ने एक स्पेशल टीम को मोईद की गिरफ्तारी में लगा दिया।

इधर, एक बाद और स्पष्ट हुई। पता लगा कि हिंसा के बाद मलिक यह जानता था कि उसका परिवार हिंसा की आंच में झुलस सकता है। पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिए न सिर्फ खुद मलिक अलग दिशा में भागा, बल्कि परिवार के अन्य सदस्यों को भी अलग-अलग दिशा में रवाना होने के आदेश दिए। यह सिर्फ इसीलिए था कि सभी एक साथ न पकड़े जाएं। एक साथ होते तो पुलिस को प्रयास कम करने पड़ते, लेकिन अलग-अलग थे इसी वजह से गिरफ्तारी नहीं हो सकी।

एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि हमने मोईद की तलाश तेज कर दी है। जितने लोगों को वांटेड घोषित किया गया था, उनमें से अब सिर्फ मोईद ही बचा है। हमारी टीम जल्द ही मोईद को भी गिरफ्तार कर लेगी।

# 'ऐसी कठोर कार्रवाई करें, फिर से उपद्रव नहीं हो'

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने बनभूलपुरा बवाल में घायल हुईं महिला पुलिस कर्मचारियों और नगर निगम कर्मियों का हालचाल जाना। उन्होंने कहा कि उपद्रवियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए ताकि देवभूमि में फिर से उपद्रव नहीं हो।

मंगलवार को शहर कोतवाली स्थित पुलिस सभागार में अध्यक्ष कंडवाल ने बनभूलपुरा बवाल के प्रभावितों से मुलाकात की। इस अवसर पर महिला पुलिस कर्मचारियों ने बीती 8 फरवरी को बनभूलपुरा में मलिक का बगीचा में नजूल भूमि से अतिक्रमण हटाने के दौरान हुई हिंसा में आपबीती बताई। उन्होंने बताया कि उपद्रवियों ने बेरहमी से पत्थर, लाठी-डंडों, पेट्रोल बम से जानलेवा हमला किया। इसी तरह नगर निगम कर्मचारियों ने बताया कि चारों तरफ से पथराव, पेट्रोल बम से हमला हो रहा था। इस पर अध्यक्ष कंडवाल ने कहा कि महिला आयोग बनभूलपुरा हिंसा में घायल हुई महिला व नगर निगम कर्मियों की सुरक्षा के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है यहां सभी धर्मों के लोग आपसी सौहार्द के साथ रहते हैं। कुछ अराजक तत्वों ने प्री प्लान ढंग से वारदात की है, उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। अपराधी सिर्फ अपराधी होता है,उसका कोई धर्म नहीं होता है। देवभूमि को बदनाम करने वालों को कभी माफ नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर एसएसपी पीएन मीणा, सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, एसडीएम परितोष वर्मा, सीओ संगीता, तहसीलदार सचिन कुमार आदि मौजूद रहे।



कोतवाली स्थित बहुउद्देशीय भवन में दंगे में घायल हुई महिला पुलिस कर्मियों का हाल लेतीं राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल।

## मलिक से पूछताछ शुरू मिले अहम सुराग

**हल्द्वानी :** अब्दुल मलिक को रिमांड पर लेकर पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दी है। पहले दिन की पूछताछ में अधिकांश वक्त मलिक पुलिस को बरगलाता रहा, लेकिन फिर भी पुलिस के हाथ कुछ अहम सुराग लगे हैं। जिसके बाद फरार मोईद और मलिक की पत्नी साफिया की गिरफ्तारी हो सकती है। बता दें कि उपद्रव का वांटेड अब्दुल मोईद अभी भी फरार है। सूत्र बताते हैं कि पुलिस को कुछ जानकारी मिली है। पुलिस उसी दिशा में काम कर रही है। पुलिस अब्दुल मोईद की तलाश में दिल्ली, पश्चिमी यूपी, जयपुर, चंडीगढ़ जाएगी। सूत्र बताते हैं कि जल्द ही पुलिस अब्दुल मोईद पर इनाम घोषितकरसकतीहै।

# मास्टर माइंड व साथियों पर अलबशर की मौत का इल्जाम

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**एक और मुकदमा**

- जांच में पुष्टि हुई तो आरोपियों पर दर्ज होगा हत्या का भी मुकदमा
- सब्जी बेचकर आ रहे अलबशर पर हुआ था हमला

**अमृत विचार :** पुलिस की बढ़ती जांच के साथ उपद्रवियों की मुश्किलें भी बढ़ती जा रही हैं। बनभूलपुरा थाना फूंकने के आरोपियों पर पहले से ही हत्या का प्रयास और यूएपीए समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है। अब इन आरोपियों पर हत्या का मुकदमा भी दर्ज हो सकता है।

अब्दुल मलिक समेत थाना फूंकने के सभी 36 आरोपियों पर अलबशर की हत्या का शक है और मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बता दें कि नई बस्ती ताज मस्जिद निवासी अलबशर (18 वर्ष) पुत्र अब्दुल माजिद सब्जी के ठेले से फेरी लगाता था। बीती 8 फरवरी को अलबशर सब्जी बेचकर घर लौट रहा था। लाल मस्जिद लाइन नंबर 17 के पास उस पर हमला हुआ।

घर खबर पहुंची कि अलबशर घायल पड़ा है। पेट फटा है और आंतें बाहर आ गई हैं। 25 फरवरी को उसकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सूत्रों का कहना है कि अब्दुल मलिक समेत जिन 36 लोगों पर बनभूलपुरा थाने की ओर से मुकदमा दर्ज है, उन्हीं पर अलबशर की हत्या का शक है। पुलिस ने इन सभी लोगों से अलबशर की मौत के लेकर सवाल-जवाब शुरू कर दिए हैं। इसके साथ ही घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी भी चेक किए जा रहे हैं, लेकिन दिक्कत यह है कि घटना की रात बिजली नहीं थी, ऐसे में फुटेज से साफ तस्वीर निकालनी मुश्किल है। पुलिस हादसे का एंगल को ध्यान में रखकर भी जांच कर रही है। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने कहा कि हमारी टीम ने अलबशर की मौत समेत दंगे के दौरान हुई सभी मौतों की जांच शुरू कर दी है। प्रकाश हत्याकांड से पहले ही पर्दा उठ चुका है। अलबशर की मौत को लेकर गिरफ्त में आए लोगों से पूछताछ की जा रही है। हादसे के एंगल से भी जांच की जा रही है।

# रडार पर आया मलिक का निर्माणाधीन रिसॉर्ट

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**जांच**

- नैनीताल में चल रहा है रिसॉर्ट का निर्माण, पुलिस ने शुरू की जांच
- यदि रिसॉर्ट का मालिक निकला मलिक का बेटा तो कुर्की होगी

**अमृत विचार :** जांच में जुटी पुलिस को मास्टर माइंड परिवार की एक और संपत्ति का पता चला है। ये एक निर्माणाधीन रिसॉर्ट है और पुलिस पता कर रही है कि यह संपत्ति किसके नाम पर है। अगर यह संपत्ति मलिक के बेटे अब्दुल मोईद के नाम पर हुई तो इसे कुर्क कर लिया जाएगा।

पुलिस पहले ही अब्दुल मलिक के लाइन नंबर 8 आजादनगर बनभूलपुरा स्थित अब्दुला बिल्डिंग की कुर्की कर चुकी है। न्यायालय ने मलिक के साथ ही अब्दुल मोईद की संपत्ति भी कुर्क करने के आदेश दिए हैं, लेकिन अभी तक पुलिस को मोईद की संपत्ति की जानकारी नहीं मिली है। बता दें कि अब्दुल मोईद के खिलाफ भी लुक आउट नोटिस जारी हुआ है और वह अभी तक पुलिस की पहुंच से दूर है।

ऐसे में पुलिस ने मोईद के नाम पर जुड़ी संपत्ति की खोज तेज कर दी है। पुलिस को पता लगा है कि नैनीताल शहर में मलिक परिवार का एक निर्माणाधीन रिसॉर्ट है, लेकिन यह रिसॉर्ट किसके नाम पर है, यह पुष्ट नहीं है। पुलिस का कहना है कि अगर यह प्रॉपर्टी मोईद के नाम पर हुई तो इसे भी कुर्क किया जाएगा।

# अब्दुल मलिक को जेल में तामील कराया जाएगा वसूली नोटिस

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** तहसील प्रशासन, बनभूलपुरा हिंसा के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक को जिला जेल नैनीताल में बैरक नंबर-1 पर वसूली का नोटिस तामील कराएगी। नोटिस तामीली के बाद नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल तहसील अधिकारियों ने नोटिस तामीली के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं।

बीती 8 फरवरी को बनभूलपुरा में कंपनी बाग में नजूल भूमि से अतिक्रमण हटाने गई नगर निगम, प्रशासन, पुलिस की संयुक्त टीम पर उपद्रवियों ने पथराव व आगजनी की और बनभूलपुरा पुलिस थाना फूंक दिया था। अतिक्रमण हटाने गई नगर निगम की जेसीबी, वाहन, अन्य उपकरणों को भी क्षतिग्रस्त किया था। इस पर पूर्व नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने नुकसान का आकलन करने के बाद भरपाई के लिए अब्दुल मलिक निवासी लाइन नंबर-8, आजाद नगर की 2.44 करोड़ रुपये की आरसी काट दी थी। जिला प्रशासन की संस्तुति के बाद आरसी तहसील पहुंच गई थी। तहसील में संग्रह अमीन मलिक की तलाश कर रहे थे। बीती 23 फरवरी को पुलिस ने अब्दुल मलिक को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया था।



अब्दुल मलिक को जिला जेल नैनीताल में वसूली का नोटिस तामील कराया जाएगा। उसकी चल-अचल संपत्ति की तलाश की जा रही है ताकि वसूली की जा सके। **-सचिन कुमार**, प्रभारी तहसीलदार, हल्द्वानी

इधर, तहसील प्रशासन जेल में बंद बंदी को वसूली नोटिस तामीली की विधिक प्रक्रिया की जानकारी लेने में जुटा हुआ था। अब तय किया गया है कि तहसील प्रशासन अब्दुल मलिक को जिला जेल नैनीताल की बैरक नंबर-1 में वसूली का नोटिस तामील कराएगा। नोटिस तामीली के 14 दिनों के भीतर मलिक को रकम जमा करनी होगी। यदि वह रकम जमा नहीं करता है तो उसकी चल-अचल संपत्ति कुर्क की जाएगी।

**निराशा** साढ़े चार साल में उपचार में 1.25 करोड़ खर्च, हल्द्वानी उप-कारागार को मौजूदा वित्तीय वर्ष में मिले 20 लाख रुपये

# कैदियों के उपचार का खर्चा बढ़ा, फिर भी बजट घटाया

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** हल्द्वानी उप-कारागार में कैदियों और बंदियों के उपचार में होने वाले खर्च में बढ़ोत्तरी हो रही है। इसके बावजूद मौजूदा वित्तीय वर्ष में कैदियों के स्वास्थ्य पर होने वाले बजट को घटा दिया गया है।

हल्द्वानी उप-कारागार में वित्तीय वर्ष 2019-20 में कैदियों के उपचार के लिए 15 लाख रुपये का बजट मिला था। उप-कारागार की क्षमता से ज्यादा कैदी और बंदी होने की वजह से कैदियों के उपचार में पूरा बजट खर्च हो गया। खर्च को बढ़ते देख इसके बाद बजट में भी बढ़ोत्तरी होती रही। वित्तीय वर्ष 2022-23 में सरकार की ओर से कैदियों के उपचार के लिए 52 लाख रुपये का बजट मिला। करीब पूरी रकम ही खर्च हो गई। इधर मौजूदा वित्तीय वर्ष साल 2023-24 में कैदियों के उपचार के लिए 20 लाख रुपये का बजट मिला है। कैदियों के उपचार में जेल प्रशासन का खर्च बढ़ रहा है। इसके बावजूद बजट को कम कर दिया गया। यहां तक की 15 दिसंबर 2023 तक ही मिले बजट में में से 18.16 लाख रुपये खर्च हो गए हैं।




### क्षमता से ज्यादा कैदियों को रखा जाता है

हल्द्वानी उप-कारागार में क्षमता से ज्यादा कैदियों को रखा जाता है। हल्द्वानी उप कारागार में 11 बैरक हैं। इनकी क्षमता 600 कैदी-बंदियों को रखने की है, मगर इन बैरकों में हल्द्वानी उप कारागार में एक बार में 1500 से 1600 कैदी व बंदी रहते हैं। यानी बंदियों और कैदियों की संख्या दोगुनी से अधिक है।

### हृदय रोग और टीबी के ज्यादा मरीज

तिकोनिया निवासी हेमंत गौनिया को सूचना के अधिकार के तहत मिली जानकारी के अनुसार हल्द्वानी उप-कारागार के अनुसार हल्द्वानी में कैदियों को एलर्जी, हृदय रोग, टीबी जैसी बीमारियां ज्यादा होती हैं। साथ ही मौसमी बीमारियां जैसे सर्दी-जुकाम, बुखार आदि की समस्याएं आम हैं।

एक अप्रैल 2019 से 15 दिसंबर 2023 तक हल्द्वानी उप-कारागार के 2.19 लाख कैदियों और बंदियों का उपचार किया गया है। बीमार कैदियों या बंदियों के उपचार के लिए जेल प्रशासन की ओर से यथा संभव प्रयास किए जाते हैं। -रामपाल सैनी, प्रभारी कारपाल, उप-कारागार हल्द्वानी

**एक ही कैदी के उपचार में लगे 2.41 लाख रुपये**

हाल-फिलहाल के सालों में हल्द्वानी उप-कारागार में बंद एक विचाराधीन कैदी के उपचार में जेल प्रशासन को 2.41 लाख रुपये खर्च करने पड़ गए। इसका उपचार अप्रैल 2019 से दिसंबर 2023 तक चला था।

### हल्द्वानी उप-कारागार में उपचार के लिए मिला बजट

| | |
|---|---|
| साल 2019-20- | 15 लाख |
| साल 2020-21- | 17 लाख |
| साल 2021-22- | 22 लाख |
| साल 2022-23- | 52 लाख |
| साल 2023-24- | 20 लाख |

## दुष्कर्म का आरोपी कोर्ट से दोषमुक्त

**हल्द्वानी :** बनभूलपुरा थाने में वर्ष 2021 में दर्ज हुए दुष्कर्म व पॉक्सो के आरोपी को कोर्ट ने दोषमुक्त करार दिया है। 20 दिसंबर 2021 को बनभूलपुरा निवासी एक व्यक्ति ने सुभाष नाम के युवक पर बेटी से दुष्कर्म करने और विरोध पर परिजनों से मारपीट का आरोप लगाया था।

सुनवाई के दौरान कई तथ्य सामने आए। वादी की बेटी ने ही अपने बयानों में 20 दिसंबर को किसी भी तरह की घटना होने से इंकार किया। साथ ही सामने आया कि किशोरी के पिता और सुभाष का किसी बात को लेकर दिन में झगड़ा हुआ था। मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो नंदन सिंह की कोर्ट ने पुलिस ने आरोपी सुभाष को दोषमुक्त करार देते हुए बरी कर दिया।

# बाघ एक्सप्रेस में चोरों ने ज्वैलरी का बॉक्स उड़ाया

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**वारदात**

- गोरखपुर से लौट रहा था रानीखेत का रहने वाला दंपति
- लालकुआं और हल्द्वानी के बीच जंगल में कूदे बदमाश

**अमृत विचार :** बीमार पति के साथ घर लौट रही महिला को शातिर ने बाघ एक्सप्रेस में अपना शिकार बना लिया। मदद का झांसा देकर शातिर महिला की लाखों रुपये की ज्वैलरी का बॉक्स लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने जीआरपी थाना काठगोदाम में तहरीर दी है।

सदर बाजार रानीखेत निवासी दीपक गर्ग पुत्र नंद किशोर गर्ग ने बताया कि बीती 26 फरवरी को वह पत्नी संगीता संग गोरखपुर रेलवे स्टेशन से बाघ एक्सप्रेस में सवार हुए थे। वह बीमार थे और लालकुआं स्टेशन से निकलने के बाद पत्नी ने कुछ युवकों से सामान उठाने के लिए मदद मांगी।

शातिरों ने सात नग बोगी के गेट पर रखा दिए। इसी बीच एक शातिर ने बातों में उलझाया और दूसरे ने बैग में रखा गले का हार और कान के बुंदे पार कर दिए। लालकुआं और हल्द्वानी के बीच जंगल आते ही ट्रेन धीमी हुई तो शातिर फरार हो गए।

# हरिद्वार में सर्वाधिक, चंपावत में सबसे कम छात्र अनुपस्थित

## उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में पहले दिन कोई परीक्षार्थी नकल करते नहीं मिला, हाईस्कूल में 2362 व इंटर में 2355 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** उत्तराखंड बोर्ड की परीक्षा में पहले दिन हाईस्कूल एवं इंटर की परीक्षा में कोई नकल करता नहीं पाया गया लेकिन हाईस्कूल में 2362 व इंटर में 2355 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए।

इंटर हिंदी के पेपर में पहले दिन सर्वाधिक 570 परीक्षार्थी ऊधमसिंह नगर जनपद में और चंपावत में सबसे कम 21 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद से मिली जानकारी के मुताबिक हाईस्कूल हिंदी टंकण/ अंग्रेजी में कुल 149 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 6 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। हाईस्कूल हिंदुस्तानी संगीत की परीक्षा में 28 परीक्षार्थी पंजिकृत थे, जिसमें केवल एक परीक्षार्थी अनुपस्थित पाया गया। इसी तरह इंटर हिंदी की परीक्षा में 92790 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें से 90438 ने परीक्षा दी यानि 2352 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे, जिसमें हरिद्वार में 837, देहरादून में 211, उत्तरकाशी में 70, टिहरी में 125, पौड़ी में 91, चमोली में 82, रुद्रपयाग में 53, पिथौरागढ़ में 66, चंपावत में 21, अल्मोड़ा में 67, बागेश्वर 56, नैनीताल में 103 और ऊधमसिंह नगर में सर्वाधिक 570 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इंटर कृषि विभाग भाग दो की परीक्षा में 379 में केवल तीन परिक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए।



रामनगर जीपीपी इंटर कालेज में बच्चों को परीक्षा के नियम बताते परीक्षक। ● अमृत विचार

## परीक्षा देकर आए बच्चों के खिले चेहरे

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** मंगलवार से उत्तराखंड बोर्ड की परीक्षा शुरू हो गयी है। हल्द्वानी में शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न हुई। सुबह ही पाली में 10वीं और दोपहर की पाली में 12वीं की परीक्षा हुई। 10वीं में हिंदी टंकण और अंग्रेजी, हिंदुस्तानी संगीत विषय की परीक्षा थी। इंटर में हिंदी की परीक्षा थी। शिक्षा विभाग की ओर से बताया गया कि परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई है। कहीं भी कोई नकल करते हुए नहीं पाया गया।

### साल भर मेहनत की है

प्रश्नपत्र से पहले काफी चिंता थी लेकिन बाद में परीक्षा काफी अच्छी हुई। अच्छे नंबर आएंगे। –हेमलता



साल भर मेहनत की है। पहली परीक्षा सही तरीके से संपन्न हुई है। आगे भी परीक्षाएं सही होंगी। –अल्का मिश्रा



इस बार परीक्षा फरवरी से शुरू हो गई है। परीक्षा होली से पहले खत्म हो जाएगी। होली अच्छे से मनाएंगे। – हिमानी



परीक्षा केंद्र में सही व्यवस्थाएं की गईं थीं। प्रश्नपत्र भी सही आया था। सभी प्रश्न किए हैं। – प्रियंका



### पढ़ा हुआ आया, आसान था हिंदी का प्रश्नपत्र

**रामनगर :** इंटर मीडियट में हिंदी का प्रश्नपत्र देखकर बच्चे खुश नजर आए। किसी ने अपनी टीचर को धन्यवाद दिया तो किसी ने कहा पेपर देकर उत्साहित हैं। एमपी इंटर कालेज रामनगर की छात्रा माही अधिकारी ने कहा कि आज के हिंदी के पेपर में निबंध और पत्र लेखन आसान आए थे जिनकी तैयारी हमें विद्यालय में अच्छे ढंग से कराई थी। मुझे आज के पेपर बहुत अच्छे नंबर आने की उम्मीद है। एमपी इंटर कालेज की ही छात्रा साक्षी रावत बोली कि हिंदी का पेपर आसान आया था। सभी प्रश्नों की तैयारी स्कूल में करवा दी थी। पैटर्न की जानकारी होने से समय पर पेपर पूरा कर लिया था। राइंका ढेला की आकांक्षा सुंदरियाल कहती हैं कि परीक्षा का आज पहला दिन था हम अपनी बोर्ड की परीक्षा देने ढेला से लगभग 10 किलोमीटर दूर सेमलखलिया गए। हिंदी का प्रश्नपत्र जो आया उसे हमारी अध्यापिका ने हमें पहले ही पढ़ा दिया था। हमारा पेपर बहुत अच्छा गया। राइंका ढ़ेला की छात्रा दिव्या आर्या बोलीं मेरा पेपर बहुत अच्छा गया। सभी प्रश्नों का उत्तर दिया। शुरू में थोड़ा नर्वस जरूर थी मगर पेपर हाथ में आते ही खुशी का ठिकाना नहीं रहा। सबकुछ पढ़ा हुआ आया। राइंका ढ़ेला के छात्र अजय का कहना था बहुत आसान पेपर। एक्जाम काफी अच्छा गया जो कुछ भी हमारी मैम ने पढ़ाया था वह सब ही पेपर में आया था और जिस वजह से मैंने सारे प्रश्नों के उत्तर आसानी से हल कर लिए थे।









### भीमताल में बोर्ड परीक्षा प्रारंभ

**भीमताल, अमृत विचार :** बोर्ड परीक्षा में इंटर की हिंदी और कृषि विज्ञान विषय की परीक्षा हुई। हिंदी विषय में 7849 परीक्षार्थियों में से 7746 परीक्षार्थी ही परीक्षा देने पहुंचे। जिले में 103 परीक्षार्थी हिंदी विषय की परीक्षा में अनुपस्थित रहे। साथ ही कृषि विषय में पंजीकृत सभी 50 परीक्षार्थी शामिल हुए। मुख्य शिक्षा अधिकारी जगमोहन सिंह सोनी ने बताया कि जनपद में 100 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

## सार-संक्षेप

### शिविर में 41 दिव्यांग बच्चों को बांटी सामग्री

**हल्द्वानी :** समग्र शिक्षा अभियान के तहत मंगलवार को सीआरसी नगर क्षेत्र जेल रोड में दिव्यांग बच्चों के लिए सहायता उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 41 दिव्यांग बच्चों को सामग्री बांटी गई। कार्यक्रम में 9 बच्चों को व्हीलचेयर, 3 को ट्राई साइकिल और 9 को रोलेटर, 9 बच्चों को कैलीपर्स शूज,1 को सेरेब्रल पाल्सी चेयर, 1 सुगम छड़ी, 4 क्रच एल्बो और 7 बच्चों को कान की मशीन दी गई। दिव्यांग बच्चों के विद्यालय आने–जाने और प्रतिदिन की दिनचर्या को सुगम बनाने के लिए शिक्षा विभाग हर साल शिविर लगाता है। भारत सरकार की दिव्यांगों के लिए उपकरण बनाने वाली संस्था अलीमको कानपुर के सहयोग से शिविर का आयोजन किया गया। अलीमको कानपुर से आए विशेषज्ञ डॉ. अमित कुमार, डॉ. निश्चय कुमार ने दिव्यांग बच्चों को सहायता उपकरण के प्रयोग और उनके रखरखाव के बारे में बताया।

### सड़कों का डामरीकरण नहीं होने पर गरजीं महिलाएं

**कालाढूंगी :** बीते बरसात में आपदा से क्षतिग्रस्त हुए सड़कों पर डामरीकरण नहीं होने से तहसील में महिलाएं गरजीं। महिलाओं ने गुलजारपुर बंकी के आंतरिक सड़कों में डामरीकरण की मांग कर एसडीएम को ज्ञापन दिया। मंगलवार को क्षेत्र पंचायत सदस्य संगठन के जिलाध्यक्ष गंगा सामंत के नेतृत्व में ग्रामीण महिलाओं ने तहसील परिसर में पहुंचकर सड़कों के निमार्ण के लिए एसडीएम रेखा कोहली को ज्ञापन सौंपा। गंगा सामंत ने कहा कि बीते बरसात में वन निगम के नाले, निहाल नाले से गुलजारपुर बंकी के मार्ग क्षतिग्रस्त हो गये थे। महिलाओं ने कहा कि सात महीने बाद भी सड़कें रेत व बडे.पत्थरों से पटी हैं, जिससे बाइक सवार गिरने से घायल हो रहे हैं। बसें बच्चों को लेने नहीं आ पा रही हैं, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जल्द आंतरिक सड़कों में डामरीकरण की मांग की। इस दौरान ग्राम प्रधान दीपक गोस्वामी, क्षेपंस विरेन्द्र कुमार, कमला देवी, गीता कार्की, पुष्पा कार्की, भावना जोशी, गीता धामी, लक्ष्मी चुफाल, राखी रावत, ममता रावत सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं।



भारत विकास परिषद के कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते कार्यकर्ता।

### भारत विकास परिषद के नरेश कंसल प्रान्तीय अध्यक्ष बने

**रामनगर :** भारत विकास परिषद उत्तराखण्ड पूर्व की प्रान्तीय परिषद की प्रान्तीय सम्मान समारोह के दौरान प्रान्तीय कार्यकारिणी का चुनाव भी सम्पन्न हुआ। मंगलवार को एक होटल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय चुनाव अधिकारी अजय विश्नोई, भगवान सहाय अग्रवाल, अजय अग्रवाल, आरके गुप्ता, पाला महत्ता, प्रवीण अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप दीप प्रज्जवलित किया गया। इसके उपरांत उत्तराखण्ड की विभिन्न शाखाओं से पहुंचे अध्यक्ष सचिवों ने साल भर में किये गये सेवा, संस्कार के कार्यकमों पर विस्तार से बताया। मुख्य अतिथि एवं चुनाव अधिकारी अजय विश्नोई ने चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न की, जिसमें तथा सर्वसम्मति से प्रांतीय अध्यक्ष नरेश कंसल, प्रान्तीय महा सचिव हरीश शर्मा एवं प्रान्तीय वित्त सचिव एडवोकेट दीपक अरोरा को नव निर्वाचित घोषित किया गया। भारत विकास परिषद के प्रान्तीय सम्मान समारोह में उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए शाखा हल्द्वानी को प्रथम पुरस्कार, काठगोदाम शाखा को द्वितीय पुरस्कार तथा रुद्रपुर शाखा को तृतीय पुरस्कार दिया गया। रामनगर, सितारगंज, खटीमा, बिवेकानन्द, रुद्धपुर, लालकुओं शाखा उधमसिंहनगर शाखाओं को प्रोत्साहन पुरस्कार दिये गये।

### शादी से पहले फॉरेस्ट गार्ड हरीश जोशी की मौत



**हल्द्वानी।** वन प्रभाग शारदा रेंज में कार्यरत फॉरेस्ट गार्ड हरीश जोशी कि अचानक हुई मौत से परिवार व क्षेत्र वासियों को गहरा सदमा लगा है। पिता की मृत्यु के बाद आश्रित कोटे से उन्हें नौकरी मिली थी। मृतक के भाई हेमू जोशी ने बताया कि सोमवार की रात हरीश का फोन आया था और कह रहा था कि मंगलवार सुबह 11 :00 बजे तक घर पहुंच जाएगा। हरीश की 18 अप्रैल को शादी भी तय हो गई थी। शादी की तैयारी हेतु वह मंगलवार को घर पहुंच रहे थे। शव का सायं 4 :00 बजे पोस्टमार्टम के बाद चोरगलिया में उनके आवास पर पहुंचा। उनकी अंतिम यात्रा में फॉरेस्ट स्टाफ, एसडीओ ममता चंद, वन क्षेत्राधिकार शारदा पीसी जोशी, आरओ नंधौर भोपाल मेहता, सुनील कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

### कैलाश चंद्र अध्यक्ष व कैलाश चौसाली बने महामंत्री

**लालकुआं।** सेंचुरी पल्प एंड पेपर मिल लालकुआं कि वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष देवकीनंदन सुयाल के निधन के उपरांत यूनियन का विधिवत चुनाव में कैलाश चंद्र मेलकानी अध्यक्ष व कैलाश चौसाली महामंत्री निर्वाचित हुए हैं। कार्यक्रम के दौरान नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने दिवंगत पूर्व अध्यक्ष डीएन सुयाल का स्मरण कर एकजुटता का संकल्प लिया। कार्यकारिणी में महेश चंद्र दुर्गापाल और अमन सुयाल उपाध्यक्ष, किशन सिंह बघरी एवं महेंद्र सिंह नेगी संगठन मंत्री, राजेंद्र गंगवार, कैलाश उपाध्याय संयुक्त मंत्री , संदेश कुमार सिंह व एमएन राय प्रचार मंत्री, डीके जोशी कोषाध्यक्ष, प्रमोद रॉय उपकोषाध्यक्ष, अजय नारायण मिश्रा कार्यालय मंत्री, मोहन सिंह नगरकोटी उप कार्यालय मंत्री निर्वाचित हुए।

## बीडीसी की बैठक में छाया रहा पानी-बिजली व सड़क का मुद्दा

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** बीडीसी की मंगलवार को आयोजित बैठक में स्वास्थ्य, बिजली-पानी, सड़क, सिंचाई, पशु चिकित्सा समेत कई मुद्दे छाए रहे। जनप्रतिनिधियों के आक्रमक तेवर देख ब्लॉक प्रमुख रेखा रावत ने कहा कि जनप्रतिनिधियों की मांगों के प्रति अधिकारी गम्भीरता से कार्य करें। इस दौरान कुल 35 समस्याएं सामने आई।

जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी ने सभी समस्याओं को संबंधित विभागों को भेजने के निर्देश दिए हैं। विकास खंड कार्यालय के सभागार में आयोजित बीडीसी बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख रेखा रावत ने की। बैठक में ज्येष्ठ उपप्रमुख संजय नेगी ने सीटीआर के जंगल से सटे गांवों में झाड़ी कटान करने और जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र में एएनएम की रिपोर्ट को स्पष्ट करने की मांग की। इस मौके पर कनिष्ठ उपप्रमुख महेश भारद्वाज, राहुल कांडपाल, सांसद प्रतिनिधि इंदर रावत, प्रधान संगठन अध्यक्ष मिथलेश डंगवाल, मानसिंह रावत, सांसद प्रतिनिधि इंदर रावत आदि मौजूद रहे।



बीडीसी बैठक में ब्लॉक प्रमुख रेखा रावत, सांसद प्रतिनिधि इंदर रावत व अन्य।

### देबू बने अल्मोड़ा के सह प्रभारी

**हल्दूचौड़ः** पूर्व सांसद प्रतिनिधि तथा दिशा के डायरेक्टर देवेंद्र सिंह बिष्ट देबू भाई को उनकी कार्य क्षमता को देखते हुए लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बड़ी जिम्मेदारी सौंप गई है। इस जिम्मेदारी के तहत देबू बिष्ट को अल्मोड़ा संसदीय क्षेत्र का लोकसभा सहप्रभारी मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन पर पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट, विधायक डॉ. मोहन बिष्ट, पूर्व विधायक नवीन दुमका, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता हेमंत द्विवेदी, दर्जा राज्य मंत्री दिनेश आर्य, डॉ. अनिल कपूर डब्बू, सुरेश भट्ट, सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण खाती, भाजपा मंडल अध्यक्ष जगदीश पंत आदि ने खुशी व्यक्त की है।

## कोसी नदी के किनारे मिला बाघिन का शव

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** वन प्रभाग रामनगर के तहत रिंगोड़ा क्षेत्र में मंगलवार की दोपहर को कोसी नदी के किनारे एक बाघिन का शव मिला। रिगोड़ा क्षेत्र में भैंस चराकर लौट रहे पशुपालक ने सबसे पहले उसे देखा। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी। तभी सूचना मिलने पर वन प्रभाग के डीएफओ दिगंथ नायक, एसडीओ पूनम कैंथोला भी मौके पर पहुंच गए। आनन फानन में बाघ के शव को उठाकर वन प्रभाग की कार्यशाला में लाया गया, जहां उसका पशुचिकित्सक डॉ. हिमांशु पांगती व डॉ. आयुष उनियाल की देखरेख में पोस्टमार्टम हुआ। वन क्षेत्राधिकारी शेखर तिवारी ने बताया कि गश्त के दौरान दोपहर डेढ़ बजे बाघिन का शव बरामद हुआ। विभाग ने पोस्टमार्टम के बाद शव को नष्ट कर दिया। वृद्ध बाघिन की मौत स्वाभाविक हो सकती है। बिसरा सुरक्षित रखा गया है।



## स्मैक की तस्करी में रोडवेज का चालक दो लोगों संग धरा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** रोडवेज का चालक साले और साथी संग स्मैक का धंधा कर रहा था। तीनों एक बाइक पर लाखों रुपये कीमत की स्मैक लेकर निकले और पुलिस के हत्थे चढ़ गए। तीनों के पास से पुलिस ने 223 ग्राम स्मैक बरामद की है।

पुलिस बहुउद्देशीय भवन में मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि सोमवार रात करीब एक बजे टीपी नगर चौकी प्रभारी सुशील जोशी टीम के साथ टांडा बैरियर के पास चेकिंग कर रहे थे। तभी एक बाइक पर सवार हल्द्वानी की ओर जा रहे तीन लोगों को रोका गया। पूछताछ पर एक ने खुद को वार्ड चार दूधियानगर रुद्रपुर ऊधमसिंहनगर निवासी चरणजीत सिंह बताया और बताया कि वह रुद्रपुर-बदायूं रोडवेज बस का चालक है। उसके साथ उसका साला बरगवां रसूलरपुर बहेड़ी बरेली उत्तर प्रदेश निवासी मनीष कुमार था। तीसरे युवक ने खुद को अंगदराय नाथपुर दातागंज बदायूं निवासी रिंकू कश्यप बताया। तलाशी के दौरान चरणजीत के पास से 107 ग्राम, मनीष कुमार की जेब से 62 ग्राम और रिंकू के पास से 54 ग्राम स्मैक बरामद हुई। आरोपियों ने बताया कि वह बरामद स्मैक दातागंज बदायूं निवासी बिट्टू से खरीदकर लाए थे।




धरने पर ग्रामीणों के साथ बैठे कांग्रेस प्रदेश महासचिव महेश शर्मा व अन्य।

### वातावरण में जहर घोलने का काम हो रहा

**कालाढूंगी।** एथेनॉल प्लांट के विरोध में 14 दिन से ग्रामीणों का धरना जारी है। धरने पर बैठे ग्रामीणों का अधिकारियों व सरकार के खिलाफ आक्रोश पनपने लगा है। ग्रामीणों को पूर्व सैनिकों व विपक्ष का सहयोग मिल रहा है। कांग्रेस प्रदेश महासचिव महेश शर्मा ने ग्रामीणों को संबोधित किया। चकलुवा सुरपुर में गांव के बीचों बीच एथेनॉल प्लांट का विरोध ग्रामीण बीते 14 दिनों से गांव बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले पं. दीनदयाल पार्क में धरना दे रहे हैं। धरने में पक्ष-विपक्ष व पूर्व सैनिक के साथ बुजुर्ग व महिलाएं भी अपना विरोध जता रहे हैं। मंगलवार को कांग्रेस प्रदेश महासचिव ने ग्रामीणों को संबोधित कर कहा कि जनविरोधी कार्यों का जवाब जनता अपने वोट से सरकार को देगी। इस दौरान त्रिभुवन कन्याल, गीता देवी, पूनम चौहान, गीता देवी, जमना देवी, चंपा देवी, पार्वती देवी, ममता देवी, हेमा मेहरा, दीपा देवी, तारा चंद्र, रवि दिगारी, जनार्दन जोशी, गिरीश पलड़िया, विक्रम जंतवाल, अनिल वालिया, कुबेर जलाल, गुलाब राय, आनंद जोशी, सरताज फारुखी आदि उपस्थित रहे।

SAHAS Homeo
Homeopathic Clinic & Medical Store
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता
कुमाऊँ की सबसे पुरानी दुकान
30 वर्षों का भरोसा
होम्योपैथी के जरिये पाएं अपनी बीमारियों का इलाज
डॉ. यश पाण्डेय्
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर

Call for Appointment
9456727473
9410514531
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धी रोग
अन्य रोग • स्पॉन्डिलाइटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
शनिवार अवकाश
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरूद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी

॥श्रीः॥
विश्वप्रांगण महाराष्ट्रीयन आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सालय
CELEBRATING 10 Years ANNIVERSARY 2ND FEB 2023
SVP Ayurveda Clinic
उपलब्ध चिकित्सक

नाड़ी वैद्य राहुल गुप्ता (BAMS, MD)

वैद्य अंकिता गुप्ता (BAMS, MS)
उपलब्ध चिकित्सा
अल्सरेटिव कोलाइटिस
स्ट्रिक्चर यूरेथरा/ किडनी रोग
नेत्र रोग
सफेद दाग
स्पाइनल समस्याएँ
बालों की समस्या
पाचन समस्याएँ
पोस्ट कोविड समस्याएँ
सर्दी खाँसी-दमा
सोरायसिस
थाइरायड समस्या
माइग्रेन/ मानसिक रोग
स्पोर्ट्स इंजरी
इन्फर्टिलिटी
बच्चों के रोग
गॉल ब्लैडर स्टोन
सौंदर्य समस्याएँ
स्त्री रोग
सुविधायें
पंचकर्म
नाड़ि परीक्षण
गर्भ संस्कार
लीच थैरेपी
नेत्र तर्पण
उत्तर बस्ती
शिरोधारा
स्वर्ण प्राशन
पत्र पोट्टलि
अग्निकर्म
Google TOP RATED
7895372936
05946-222577
शनिवार पूर्ण अवकाश
मुखानी चौराहा, शिव मंदिर के पास, हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
For Online Consultation svpayurvedaclinic.com

जोशी क्लीनिक

डॉ. संजय जोशी
B.A.M.S. (Lko)
N.D.D.Y.
C.K.S., C.Y.P.
वरिष्ठ आयुर्वेदिक फिजीशियन
(उदर एवं गुदा रोग विशेषज्ञ)

1. विशेषज्ञ चिकित्सा
पाइल्स (बवासीर)
फिस्चुला (भगंदर)
फिशर एवं पाइलोनिडल साइनस का इलाज विश्व प्रसिद्ध आयुर्वेदिक क्षार-सूत्र चिकित्सा द्वारा


2. आयुर्वेदिक रक्तमोक्षण चिकित्सा
Leech Therapy
(जलोका)

Cupping Therapy

रोग : सोरायसिस, चर्म रोग, जोड़ों के दर्द, माइग्रेन, वैरीकोज वेन, बालों का झड़ना, शरीर की गाँठ, न भरने वाले घाव
समय
प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक
सायं 5:30 बजे से 8 बजे तक
शनिवार अवकाश
BOOK APPOINTMENT
Scan QR Code for More Details
कुसुमखेड़ा
निकट गैस गोदाम तिराहा, कालाढूंगी रोड हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
M : 9412958478

## सार-संक्षेप



उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यकर्ताओं ने नदी में स्नान कर विधायकों को दिखाया आइना।

### गार्गी नदी में स्नान कर विपक्ष के विधायकों को दिखाया आइना

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यकर्ताओं ने गैरसैंण में सत्र न चलाने पर मंगलवार को अनोखे अंदाज में विरोध किया। उन्होंने रानीबाग चित्रशिला घाट स्थित गार्गी नदी में स्नान कर सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों को आइना दिखाया। उक्रांद केंद्रीय महामंत्री सुशील उनियाल ने कहा कि पक्ष और विपक्ष को गैरसैंण में शीतकालीन सत्र चलाना होता है तो विधायकों को ठंड लग जाती है। उन्होंने कहा कि जब पहाड़ के विधायकों को ही गैरसैंण में ठंड लगती है तो यह विधायक अपने क्षेत्र का क्या भला कर पाएंगे। इस दौरान इरफान, करन जोशी, विनायक वर्मा आदि मौजूद रहे।

### नगर आयुक्त से स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने की मांग

**हल्द्वानी :** नगर निगम हल्द्वानी के निवर्तमान पार्षदों और पूर्व पार्षदों ने नगर आयुक्त विशाल मिश्रा का स्वागत किया। सभी ने स्ट्रीट लाइटों और पुलियों को ठीक करने जैसी मांगें रखीं। नगर आयुक्त ने सभी समस्याओं के जल्द समाधान की बात कही। नगर आयुक्त ने सभी से नगर निगम क्षेत्र में विकास में सहयोग मांगा। इस दौरान रईस अहमद उर्फ गुड्डू, मनोज जोशी, मनोज मठपाल, मो. गुफरान, नवीन पांडे, तौफीक अहमद, शकील अहमद सलमानी, मनोज जोशी, मनोज मठपाल, मधुकर श्रोत्रिय आदि रहे।



नगर निगम के नगर आयुक्त विशाल मिश्रा का स्वागत करते जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

### आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का कार्य बहिष्कार जारी

**हल्द्वानी :** आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सेविका, मिनी कर्मचारी संगठन उत्तराखंड के बैनर तले कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार मंगलवार को भी जारी रहा। प्रदेश स्तरीय आह्वान पर कार्यकत्रियों ने बुद्धपार्क में धरना-प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष हेमा लोहनी ने बताया कि संगठन को सरकार ने 2 मार्च को वार्ता का आश्वासन दिया है। कहा कि जब तक सरकार के साथ मांगों पर सफल वार्ता नहीं हो जाती तब तक पूर्ण कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। धरना-प्रदर्शन के दौरान दीपा सामंत, सीमा नेगी, धीरज गौड़, कमला पांडे, सोनी दरम्वाल, हंसा, पूजा पाठक, मुन्नी जोशी, गीता कन्याल, तुलसी, बीना जोशी, रंजना, हेमा बिष्ट, गीता अधिकारी, कला गर्ब्याल, जानकी शर्मा, पुष्पा नेगी, उषा भट्ट, ललिता दुर्गापाल आदि मौजूद रहीं।

### संदीप पांडे व्यापार मंडल के मुख्य चुनाव अधिकारी बने



**हल्द्वानी :** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की हल्दूचौड़ इकाई के चुनाव के लिए संदीप पांडे को मुख्य चुनाव अधिकारी मनोनीत किया गया है। जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता, इकाई प्रभारी रविंद्र बोरा व जिला निर्वाचन अधिकारी रामपाल गंगोला की संस्तुति पर जिला महामंत्री हर्षवर्द्धन पांडे ने नए मुख्य चुनाव अधिकारी का मनोनयन किया। रामपाल गंगोला ने बताया कि निवर्तमान चुनाव संचालन की कार्यप्रणाली में निष्पक्षता पर संदेह होने के कारण चुनाव रद्द किया गया था। चुनाव कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए नए मुख्य चुनाव अधिकारी की नियुक्ति की गई है। उन्होंने संदीप पांडे चुनाव कार्यक्रम को तय करने और सहायक चुनाव अधिकारी नियुक्त करने का आदेश दिया है। जिससे पुन: निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराया जाए।

### यूओयू ने परीक्षा शुल्क में की बढ़ोत्तरी

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय ने स्नातक और स्नाकोत्तर स्तर पर परीक्षा शुल्क बढ़ा दी है। यूओयू में परीक्षा समिति की 17वीं बैठक में कुलपति प्रो. ओपीएस नेगी की अध्यक्षता में बैठक हुई। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत परीक्षा परिणाम और उसका नया प्रारूप तैयार करने और ग्रेड प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया गया। परीक्षा नियंत्रक प्रो. सोमेश कुमार ने बताया कि परीक्षा शुल्क स्नातक स्तर पर 200 से 2500 रुपये और स्नातकोत्तर स्तर पर 250 से 300 रुपये कर दिया गया है। बैठक में रजिस्ट्रार प्रो. पीडी पंत, वित्त नियंत्रक आभा गर्खाल, प्रो. गिरिजा पांडे, प्रो. रेनू प्रकाश, प्रो. जितेंद्र पांडे रहे।

### मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहीं आशा कार्यकत्रियों को मिला हरियाणा की तर्ज पर मानदेय देने का आश्वासन

नैनीताल : लंबे समय से समान कार्य समान वेतन समेत अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहीं आशा कार्यकत्रियों को अब हरियाणा राज्य की आशा कार्यकत्रियों के तर्ज पर मानदेय भत्ता और सुविधा मिलने जा रही है। आशा कार्यकतत्री संघ की प्रदेश अध्यक्ष कमलक कुंजवाल ने बताया बीते दिनों प्रदेश भर में किए गए आंदोलन के बाद उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आशा कार्यकत्रियों को उनकी मांग पूरी करने का आश्वासन देते हुए अगली बैठक में आशा कार्यकत्रियों को बुलाने की भी बात कही है। बताते चलें कि विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेश भर में आशा कार्यकत्रि पल्स पोलियो अभियान के तहत मिलने वाले मानदेय को बढ़ाने, आशाओं को राज्य कर्मचारी का दर्जा देने, स्थायी कर्मचारी घोषित कर सेवानिवृत्त होने पर सभी आशाओं के लिए एकमुश्त धनराशि व आजीवन अनिवार्य पेंशन देने की मांग कर रही थी। प्रदेश भर में हुए आंदोलन के बाद अब राज्य सरकार ने आशाओं की समस्या का संज्ञान लेते हुए जल्द से जल्द समस्या का समाधान का आश्वासन दिया है जिससे आशा कार्यकत्रियों अब खुश नजर आ रही है।

## शासन व मुख्यालय स्तर पर तैयार की जा रही है सूची, चुनाव में ड्यूटी कर चुके अधिकारियों को प्राथमिकता से किया जा रहा शामिल

# राज्य कर विभाग में वर्षों से जमे अधिकारियों का होगा तबादला

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राज्यकर विभाग में वर्षों से जमे अधिकारियों का तबादला किया जाएगा। सालों से एक ही पदों पर जमे अधिकारी राज्य निर्वाचन आयोग के निशाने पर आ गए हैं। वहीं, शासन ने भी नैनीताल-ऊधम सिंह नगर संसदीय सीट पर सालों से मलाईदार पदों पर जमे अधिकारियों की सूची बनाना शुरू कर दी है, जल्द ही उन पर तबादले की गाज गिर सकती है।

केंद्रीय चुनाव आयोग ने अधिकारियों के स्थानांतरण से जुड़ी नीति में बदलाव किया है। नए निर्देशों के अनुसार, सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में एक ही लोकसभा में पिछले तीन वर्षों से सेवाएं दे रहे अफसर का तबादल अन्य लोकसभा में किया जाएगा।

इधर, राज्य कर विभाग में अधिकारी नैनीताल और ऊधम सिंह नगर में इधर-उधर होते रहते हैं। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार नैनीताल और ऊधम सिंह नगर जिले एक ही संसदीय सीट का हिस्सा हैं। ऐसे में राज्य कर विभाग में एक ही पद पर वर्षों से नैनीताल और ऊधम सिंह नगर में घूम रहे अफसरों को पहाड़ चढ़ना पड़ सकता है। चुनाव आयोग के निर्देशों के बाद शासन व मुख्यालय स्तर पर भी सूची तैयार की जा रही है। साथ ही ऐसे अधिकारियों को भी चिन्हित किया जा रहा है जिन्होंने पूर्व में लोकसभा, विधानसभा चुनाव में ड्यूटी की हो।

> ऐसे कोई अधिकारी जिन्होंने चुनाव ड्यूटी की हो उन्हें हटाने का प्रावधान है। ऐसे अफसरों की सूची तैयार की जा रही है, उन्हें जल्द ही स्थानांतरित किया जाएगा।
> **-दलीप जावलकर**, वित्त सचिव, देहरादून

### आठ सालों में रुद्रपुर के एक अफसर का नहीं हुआ तबादला

**हल्द्वानी :** राज्य कर विभाग की एक विंग में बतौर प्रभारी तैनात अधिकारी लगभग आठ वर्षों से इसी पद पर तैनात हैं। वह वर्ष 2016 में रुद्रपुर में इस पर आए थे, तब से इसी पद पर बने हुए हैं। वर्ष 2017 में विधानसभा, वर्ष 2019 में लोकसभा, वर्ष 2022 में फिर से विधानसभा चुनाव की अवधि में भी वह इसी पद पर रुद्रपुर में तैनात रहे। सूत्रों की मानें तो उनकी केंद्रीय व राज्य निर्वाचन आयोग, शासन व मुख्यालय में शिकायतें हुई है। यह सिर्फ बानगी भर हैं, ऐसे कई अफसर है जो एक ही जिले में एसी से डीसी बन गए। शासन इन अफसरों की कुंडली खंगाल रहा है।

### गृह जिलों में भी तैनात नहीं होंगे अफसर

**हल्द्वानी :** केंद्रीय चुनाव आयोग ने मंगलवार की देर सायं आदेश जारी कर कहा कि ऐसे अफसर जो पिछले चार वर्षों में तीन वर्ष एक ही संसदीय सीट पर तैनात रहे हैं तो उनका तबादला संसदीय सीट और गृह जिले को छोड़कर अन्य जिले में किए जाएगा। वरिष्ठ प्रमुख सचिव एनएन बुटोलिया ने निर्देश दिए कि सभी जिला निर्वाचन, उप जिला निर्वाचन, आरओ, एआरओ, एडीजी, आईजी, एसएसपी, एसपी, डिप्टी एसपी रैंक के अधिकारियों पर उपरोक्त नियम के तहत तबादला किया जाए।

# बोर्ड बैठक के बाद भी हल नहीं हो पाई हैं एमएसीपी की विसंगतियां

## सातवें वेतन आयोग में एमएसीपी के अंतर्गत 1900 के बाद मिलेगा 2000 ग्रेड पे

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बोर्ड बैठक के बाद भी परिवहन निगम के कर्मचारियों की कई समस्याओं का हल नहीं हो पाया है जिसमें उनकी ग्रेड पे संबंधित विसंगति भी प्रमुख रूप से शामिल है।

बीते दिनों हुई बोर्ड बैठक में कर्मचारियों की इस समस्या को भी शामिल किया गया था जिस पर कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया। सातवें वेतन आयोग के बाद कर्मचारियों को मिलने वाले एसीपी के लाभ में परिवर्तन किया गया था जिसके बाद कई कर्मचारी वेतन में बढ़ोत्तरी के लाभ से वंचित हैं।

बता दें कि परिवहन निगम के कर्मचारियों का न्यूनतम ग्रेड पे 1900 है जिसमें 10 साल की सेवा होने पर कर्मचारियों को एसीपी के रूप में 2400 ग्रेड पे का लाभ मिलता था। सातवां वेतन आयोग लगने के बाद इसमें परिवर्तन कर 10 साल की सेवा पर एमएसीपी (मॉडिफाइड एश्योर्ड करियर प्रोग्रेशन) के अंतर्गत 2000 ग्रेड पे कर दिया जबकि 16 और 26 साल की सेवा पर मिलने वाला एसीपी का लाभ एमएसीपी में 20 और 30 साल में मिलेगा। बता दें कि कर्मचारी समय-समय पर होने वाले धरना प्रदर्शन और विभिन्न संगठनों की बैठकों में इस मुद्दे को उठाते हैं लेकिन आज तक शासन ने इस पर कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया।

कर्मचारियों का कहना है कि पहले तो न्यूनतम ग्रेड पे 2000 किया जाना चाहिए और एमएसीपी में 10 साल की सेवा पूरी होने पर 2400 ग्रेड पे दिया जाना चाहिए जिससे कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान न झेलना पड़े।

### प्रोन्नति न मिलने के कारण चालकों को है सबसे अधिक नुकसान



परिवहन निगम में चालकों को पूरे सेवाकाल में प्रोन्नति नहीं मिलती इसलिए सबसे अधिक उनको ही इस नियम से नुकसान हो रहा है जबकि परिचालकों व अन्य कर्मचारियों को प्रोन्नति मिलने पर लाभ मिल पाता है। उत्तराखंड परिवहन निगम में वर्तमान में नियमित 490 नियमित चालक हैं।

### शासन को सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए

> ग्रेड पे पर संशोधन बहुत जरूरी है जिससे कर्मचारियों को पूर्व की तरह एसीपी का लाभ मिले। शासन को इस मामले में सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए।
> **- कमल पपनै**, प्रांतीय अध्यक्ष, उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन

> कर्मचारियों को एमएसीपी के स्थान पर पूर्व की तरह एसीपी का लाभ दिया जाए और उनको 10 साल की सेवा पर 1900 के बाद 2400 ग्रेड का लाभ मिले जिससे कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान न झेलना पड़े।
> **- आन सिंह जीना**, प्रांतीय अध्यक्ष, रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद

### क्या है एमएसीपी

सातवें आयोग की सिफारिशों के अनुसार एमएसीपी (मॉडिफाइड एश्योर्ड करियर प्रोग्रेशन) उन कर्मचारियों के लिए है जिनका प्रमोशन नहीं होता है। इस स्कीम के तहत कर्मचारी को पूरे सेवाकाल में तीन बार फाइनेंशियल अपग्रेडेशन मिलता है। अपग्रेडेशन के बाद कर्मचारी को नए ग्रेड पे के तहत वेतन मिलता है जो प्रमोशन से मिलने वाले वित्तीय लाभ के बराबर होता है। इसके तहत कर्मचारी के आखिरी तीन सालों की एपीएआर (एनुअल परफार्मेंस अप्रेजल रिपोर्ट) न्यूनतम बहुत अच्छा हो, उसी को इसका लाभ मिलेगा।



जल संस्थान व पेयजल निगम के संयुक्त मोर्चा ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

# रैली के बाद हड़ताल के स्थगन का निर्णय

संवाददाता, हल्द्वानी

### सांकेतिक धरना देंगे

- रैली में 3 हजार से अधिक कार्मिकों ने लिया भाग
- मोर्चा मुख्यालय स्तर पर देगा प्रतिदिन सांकेतिक धरना

**अमृत विचार :** जल निगम-जल संस्थान संयुक्त मोर्चा ने मंगलवार को देहरादून के जल भवन से विधान सभा सचिवालय तक रैली निकाली। पूरे प्रदेश के पेयजल कार्मिक देहरादून में एकत्र हुए और 3 हजार से अधिक कार्मिकों ने रैली में भाग लिया हालांकि पुलिस ने कार्मिकों को रिस्पना पुल के पास ही रोक लिया था।

शांतिपूर्ण रैली के बाद संयुक्त मोर्चे ने विधान सभा स्थित बैरीकेडिंग पर एसडीएम योगेश मेहरा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कर्मचारियों ने पेयजल निगम व जल संस्थान का राजकीयकरण करते हुए एकीकरण करने, यूयूएसडीए की ओर से कराए जा रहे समस्त पेयजल व सीवरेज कार्यों को पेयजल निगम से कराने व संचालन का कार्य जल संस्थान को देने की मांग की। मोर्चे ने कहा कि शहरी विकास विभाग में सालों से प्रतिनियुक्ति पर तैनात अभियंताओं को तत्काल उनके मूल विभाग में वापस भेजने के साथ ही एडीबी से लिये गए लोन से कराए गए समस्त पेयजल व सीवरेज कार्यों की जांच के लिए एसआईटी गठित की जाए। उक्त वार्ता में शासन ने अवगत कराया कि मोर्चे की मांगों पर शासन गंभीर है और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जल्द ही कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। इधर, रैली के बाद मोर्चे की उच्चाधिकार समिति की बैठक हुई जिसमें पदाधिकारियों ने जल जीवन मिशन कार्यों के समयबद्ध होने और पेयजल व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए कार्यबहिष्कार/हड़ताल स्थगित करने का निर्णय लिया हालांकि मोर्चा मुख्यालय स्तर पर प्रतिदिन 2 घंटे का सांकेतिक धरना देगा। कहा कि आचार संहिता लागू होते ही धरना स्थगित कर दिया जाएगा और हटते ही फिर से लागू कर दिया जाएगा। इस दौरान रमेश बिंजोला, जितेंद्र सिंह विजय खाली, संजय जोशी, शीतल शाह, अजय बेलवाल, रामकुमार, श्याम सिंह नेगी, संदीप मल्होत्रा आदि उपस्थित रहे।

## अन्य कार्य भी सौंपे जाने पर नाराजगी

**गरमपानी।** रामगढ़ ब्लॉक के नथुवाखान में हुई आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक में तमाम अहम बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। लाभार्थियों को वितरित की जाने वाली खाद्यान्न सामग्री पूर्व की भांति केंद्रो में उपलब्ध कराने की मांग उठाई गई। विभागीय कार्यों के अलावा अन्य कार्य कराए जाने पर नाराजगी जताई गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक जिलाध्यक्ष लीला बिष्ट की अगुवाई में हुई। बैठक में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की समस्याओं पर चर्चा हुई। बीते नवम्बर में दिल्ली में हुई रैली के बाद भी मानदेय बढ़ाने, राज्य कर्मचारी का दर्जा, ग्रेजविटी, पेंशन आदि मांगों को पूरा न होने पर नाराजगी व्यक्त की। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष शांति नेगी, दीपा बिष्ट, ममता नेगी, दीपा मंगा, गीता बिष्ट, रेनू मेहरा, शांति नेगी, यशोदा आर्या, जया चुबडाल, कुसुम बिष्ट, तुलसी जीना, जीवंती डसीला, आशा भट्ट आदि मौजूद रहे।

# न्यूरो सर्जरी विभाग में डॉक्टर नहीं

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) का न्यूरो सर्जरी विभाग इन दिनों डॉक्टरों की कमी से जूझ रहा है। जिस कारण यहां इमरजेंसी में आने वाले गंभीर मरीजों के ऑपरेशन नहीं हो पा रहे हैं। इन मरीजों को इमरजेंसी से ही हायर सेंटर रेफर कर दिया जा रहा है।

एसटीएच में रोजाना सिर में चोट लगने के चलते 2 या 4 गंभीर मरीज इमरजेंसी में पहुंचते हैं। कई बार इन मरीजों को तुरंत सिर के ऑपरेशन की जरूरत होती है, लेकिन पिछले चार माह से न्यूरो सर्जरी विभाग में डॉक्टरों की कमी बनी है। जिससे गंभीर मरीजों के ऑपरेशन नहीं हो पा रहे हैं। ऐसे मरीजों को इमरजेंसी में प्राथमिक उपचार देने के बाद तुरंत हायर सेंटर रेफर कर दिया जा रहा है। इससे सबसे ज्यादा परेशानी आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को उठानी पड़ रही है। पूर्व में जिन मरीजों को ऑपरेशन की डेट दी गई है, उन्हीं के ही ऑपरेशन हो पा रहे हैं।

### मरीज परेशान

- एसटीएच में रोजाना सिर में चोट के 2 या 4 मरीज पहुंचते हैं
- कई मरीजों को तुरंत सिर के ऑपरेशन की जरूरत होती है

### गंभीर मरीज रेफर

> जूनियर डॉक्टरों की कमी है। जिस कारण इमरजेंसी से गंभीर मरीजों को रेफर करना पड़ रहा है। डॉक्टर उपलब्ध कराने के लिए कॉलेज प्रबंधन को पत्र लिखा है। **-डॉ. अभिषेक राज**, न्यूरोसर्जन, एसटीएच

### मंडी में स्वैच्छिक रक्दान शिविर आज

**हल्द्वानी :** आलू फल आढ़ती व्यापारी एसोसिएशन की ओर से बुधवार को एसोसिएशन कार्यालय में स्वैच्छिक रक्दान शिविर का आयोजन किया जाएगा। अध्यक्ष कैलाश जोशी ने बताया कि सुशीला तिवारी और बेस अस्पताल के रक्त बैंक में रक्त की कमी को देखते हुए एसोसिएशन रक्तदान शिविर आयोजित कर रही है, जो सुबह 10.30 बजे से शुरू होगा। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की है।

# माया, हेमा और लीला को मिला पहला स्थान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** महिला महाविद्यालय में 21वीं वार्षिक क्रीड़ा समारोह शुरू हो गया है। प्रतियोगिता के पहले चक्का फेंक, गोल फेंक और ऊंची कूद प्रतियोगिताएं हुईं।

प्रतियोगिता का उद्घाटन प्राचार्य प्रो. शशि पुरोहित ने किया। एनसीसी कैडेट्स ने मार्च पास्ट भी किया। पूर्व प्रतियोगिता में सर्वाधिक पदक जीतने वाली छात्रा कल्पान ने मशाल लेकर प्रांगण की परिक्रमा भी की। प्रतियोगिता 100 मीटर दौड़ से शुरू हुई। चक्का फेंक प्रतियोगिता में माया बिष्ट, हेमा राणा, निष्ठा आर्या क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहीं। गोला फेंक प्रतियोगिता में हेमा रावत प्रथम, उमा द्वितीय और मीनाक्षी पंत तृतीय स्थान पर रहीं। ऊंची कूद प्रतियोगिता में लीला नयाल प्रथम, माया बिष्ट द्वितीय और भूमिका तृतीय स्थान पर रहीं। लंबी कूद में लीला नयाल प्रथम, कल्पना बिष्ट द्वितीय और पूनम सम्मल तृतीय स्थान पर रहीं। बुधवार को 100 मीटर, 200 मीटर और 1500 मीटर की दौड़ का फाइनल मुकाबल होगा। रस्सी कूद और रिले रेस का भी आयोजन किया जाएगा। इस दौरान वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एके श्रीवास्तव, क्रीड़ा प्रभारी डॉ. गीता पंत, डॉ. देवकी गिरी, डॉ. टीवी सिंह, डॉ. नरेंद्र कुमार, डॉ. रश्मि पंत आदि रहे।



वार्षिक केल कूद प्रतियोगिता में लंबी कूद में प्रतिभाग करती छात्रा। ● अमृत विचार

### बॉस्टन मैराथन में हिस्सा लेंगे हल्द्वानी के शिवेंद्र



**हल्द्वानी :** वरिष्ठ अल्ट्रा मैराथन धावक शिवेंद्र सिंह बिष्ट ने एक और उपलब्धि अपने नाम की है। राष्ट्रीय चैंपियनशिप मैराथन रिकॉर्ड समय में पूरा कर शिवेंद्र ने बॉस्टन मैराथन के लिए क्वालीफाई किया है, जो वर्ष 2025 में आयोजित होगी। ऊंचापुल निवासी 63 वर्षीय शिवेंद्र सिंह बिष्ट विभिन्न प्रतिष्ठित मैराथनों में प्रतिभाग कर कई उपलब्धियां हासिल कर चुके हैं। उन्होंने बीती 25 फरवरी को नई दिल्ली में हुई राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हिस्सा लिया था, जिसमें 42.97 किमी की दूरी को 3 घंटे 46 मिनट में पूरा कर दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित बॉस्टन मैराथन के लिए क्वालीफाई किया। इस मैराथन का आयोजन हर साल अमेरिका के बोस्टन शहर में होता है। धावक शिवेंद्र इससे पूर्व जनवरी में संपन्न एशिया की सबसे बड़ी मैराथन टाटा मुंबई मैराथन के सीनियर वर्ग में ऑल इंडिया स्तर पर 10वां स्थान प्राप्त कर चुके हैं। उन्होंने जैसलमेर से पाकिस्तान बॉर्डर तक आयोजित 100 किमी की बॉर्डर रन में भी हिस्सा लेकर इस दूरी को 12 घंटे 30 मिनट में पूरा किया था, जिसमें उन्होंने 10वां स्थान हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र के खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है।

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली
FREE
ओ. पी. डी. परामर्श
बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के नि:शुल्क परामर्श के लिए मिलें
मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा नि:शुल्क परामर्श
दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024
समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक
स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084



डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, मुंबई
रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900, 8006460900
Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly

## सार-संक्षेप


रोडवेज कार्यशाला के बाहर खड़े वाहन। ● अमृत विचार

### रोडवेज कार्यशाला के बाहर खड़े टैक्सी वाहन मुसीबत बने

**भीमताल :** भवाली-भीमताल रोड स्थित फरसौली रोडवेज कार्यशाला के बाहर टैक्सी वाहनों ने अवैध पार्किंग का अड्डा बना लिया है। रोडवेज गेट के बाहर गाड़िया खड़ी करने की मनाही को लेकर विभाग के अधिकारी भी मौन है। मात्र यहां गाड़ी खड़ी ना करे का बोर्ड लगाकर रोडवेज ने अपना पल्ला झाड़ लिया है, जिससे आस पास के ग्रामीणों को वाहनों को निकालने में परेशानी हो रही है। स्थानीय कन्नू लोशाली, गौरव पाण्डे ने कहा कि कई बार अचानक रात के समय गाड़िया निकालने में मुसीबत हो जाती है। रोडवेज गेट के बाहर खड़े वाहन लोगो के लिए मुसीबत बन गए हैं। कहा कि रोडवेज अधिकारी वाहनों को गाड़ी ना कराने को लेकर कार्रवाई करे, जिससे लोगों को परेशानी से छुटकारा मिले। रोडवेज एआरएम मोहन राम ने बताया कि नो पार्किंग के बोर्ड लगाए गए हैं। उसके बाद भी वाहन खड़े किए जा रहे हैं, जल्द वाहन नही हटाए गए तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### विमल बिष्ट चिकित्सा प्रकोष्ठ संयोजक नियुक्त



**नैनीताल :** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने जनपद में विभिन्न प्रकोष्ठों के संयोजकों व सहसंयोजकों की घोषणा की है। जिसमें नैनीताल मंडल से विमल बिष्ट चिकित्सा प्रकोष्ठ संयोजक, अरविंद पडियार निकाय प्रकोष्ठ संयोजक, हरीश भट्ट लघु उद्योग प्रकोष्ठ संयोजक, जगमोहन सिंह बिष्ट सांस्कृतिक प्रकोष्ठ सह संयोजक, पंकज राठौर व्यापार प्रकोष्ठ सह संयोजक, उमेश भट्ट विधि प्रकोष्ठ सह संयोजक, संजय साह प्रबुद्ध प्रकोष्ठ सह संयोजक, चंदन सिंह कल सेवानिवृत कर्मचारी सह संयोजक नियुक्त किया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट, विधायक सरिता आर्या, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री शान्ति मेहरा, वरिष्ठ भाजपा नेत्री विमला अधिकारी, मंडल मीडिया प्रभारी विक्रम रावत आदि कार्यकर्ताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### देसी शराब के 109 पव्वे पकड़े

**भीमताल :** भीमताल पुलिस ने 109 पव्वे देसी शराब के पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। पवन पलड़िया पुत्र हरीश पलड़िया निवासी ग्राम भोरसो पोओ अमृतपुर और ललित सिंह महरा निवासी ग्राम अमिया पोओ अमृतपुर से शराब पकड़ी गई। थानाध्यक्ष जगदीप नेगी ने बताया कि शराब पकड़ने वाली पुलिस टीम में हैड कांस्टेबल सुमित कुमार चौधरी, संजय नेगी, मनोज पंत और नरेश परिहार रहे।

#### नैनीताल में गिरी बर्फ, पहाड़ों में कड़ाके की ठंड, मैदानी इलाकों में भी चली तेज हवाएं, सुबह से ही आसमान में छाए रहे बादल

# पश्चिमी विक्षोभ फिर सक्रिय होने से बर्फबारी और बूंदाबांदी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पश्चिमी विक्षोभ एक बार फिर से सक्रिय हो गया है। सर्दियों में होने वाली बारिश फरवरी में हुई है जबकि इससे पहले सर्दियों के अन्य महीने सूखे बीते थे। हल्द्वानी में हल्की बूंदाबांदी हुई है जबकि पहाड़ों में कुछ स्थानों पर हल्की बर्फबारी भी हुई है।

हल्द्वानी में सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए थे। सर्द और तेज हवाएं चल रहीं थीं। हल्की बूंदाबांदी भी हुई लेकिन रिमझिम बौछारों का लोगों को इंतजार ही रहा। इधर पहाड़ों में नैनीताल में हल्की बर्फबारी हुई है। मौसम बदलने की वजह से पहाड़ों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मंगलवार की शाम तक भी पहाड़ों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो रही थी। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार बारिश मंगलवार की रात तक थम जाएगी। इधर फरवरी में बार-बार हुई बारिश से यह भी लाभ मिला है कि वनाग्नि की घटनाएं अभी शुरू नहीं हुई हैं। मंगलवार को हल्द्वानी का अधिकतम तापमान 23.9 डिग्री और न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री दर्ज किया है।


शहर में गिरीं बर्फ के फाहे। ● अमृत विचार

### एक मार्च से फिर बदलेगा मौसम

**हल्द्वानी :** मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार एक मार्च से एक बार फिर से मौसम में बदलाव होगा और एक से तीन मार्च तक बारिश और बर्फबारी के आसार हैं। पहाड़ से लेकर मैदान तक बारिश हो सकती है। साथ ही ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी और ओलावृष्टि के आसार हैं।

### बर्फ के फाहे गिरने से पर्यटक काफी खुश नजर आए

**नैनीताल :** सरोवर नगरी नैनीताल के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में मंगलवार को हल्की बर्फबारी हुई। साथ ही शहर की आबादी वाले क्षेत्रों में बर्फ की फाहें गिरीं। मौसम विभाग की ओर से जारी पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश और बर्फबारी के अलर्ट के बाद नैनीताल, मुक्तेश्वर, धारी समेत आसपास के पहाड़ी पर्यटक स्थलों में दिनभर बादल छाए रहे। ऊंचाई वाले क्षेत्रों स्नो व्यू, हिमालय दर्शन, बिरला में रुक-रुककर बर्फ की फाहें गिरती रहीं। पर्यटक स्थलों पर बर्फ की फाहें गिरने से नैनीताल समेत आसपास के क्षेत्र में घूमने आए पर्यटक काफी खुश नजर आए, लेकिन शाम तक बर्फबारी ना होने से पर्यटक मायूस होकर लौट गए। फरवरी के अंत में मौसम बदलने से एक बार फिर ठंडक लौट आई है, जिससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ नैनीताल घूमने आए पर्यटकों को ठंड का सामना करना पड़ा है।

### फसलों के लिए वरदान है बारिश

**हल्द्वानी :** मुख्य कृषि अधिकारी विकेश कुमार यादव ने बताया कि इस समय रबी की फसल खेतों में होती है। गेहूं, फसल, मसूर, राई की फसल खेतों में प्रमुख तौर पर लगी है। बारिश की वजह से पहाड़ों में असिंचित इलाके जहां सिंचाई की सुविधा नहीं है वहां भी अब अच्छी पैदावार होने की संभावना है। इस कारण किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।

# पीएम आवास योजना में घपला, 7 दिन में मांगी रिपोर्ट

#### दमुवाढूंगा में बरसाती नाले पर मकान बनाने का मामला, नगर आयुक्त ने सहायक नगर आयुक्त को दिए जांच के आदेश

**अमृत विचार इम्पैक्ट**

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** दमुवाढूंगा में बरसाती नाले पर अवैध रूप से मकान बनाने और नजूल भूमि पर पीएम आवास योजना का लाभ लेने के मामले का जल्द पटाक्षेप हो जाएगा। मामले में नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने जांच के आदेश जारी कर दिए हैं।

'अमृत विचार' समाचार पत्र ने बीती 19 फरवरी को दमुवाढूंगा में घपले की 'काली स्याही' पर 'सफेद पेंट' शीर्षक से मामले को उठाया था। यहां जवाहर ज्योति वार्ड 37 में बरसाती नाले के पास करीब 6-7 मकान बने हैं। जिसमें से एक मकान का निर्माण केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम आवास योजना से हो रहा था। इसके लिए बकायदा निर्माणाधीन मकान के बगल में बने मकान की दीवार पर लाभार्थी गंगा देवी पत्नी चंदन राम का नाम और योजना की जानकारी चस्पा की गई थी।

लाभार्थी को योजना का लाभ नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम से दिया गया। जिसकी पहली और दूसरी किश्त की धनराशि भी उसे को मिल चुकी है। खबर प्रकाशित होने के बाद नगर निगम के अधिकारियों और लाभार्थी में हड़कंप मच गया। जिसके बाद आनन-फानन में लाभार्थी ने बगल के मकान में चस्पा योजना से संबंधित जानकारी पर सफेद पेंट कर उसे मिटा दिया। इस मामले की शिकायतकर्ता मनोज गोस्वामी ने नगर आयुक्त से की। जिसके बाद मंगलवार को नगर आयुक्त ने सहायक नगर आयुक्त सरिता राणा को जांच कर एक सप्ताह के अंदर रिपोर्ट मांगी है।


दमुवाढूंगा में बनाए जा रहे मकान। ● अमृत विचार




### निगम अधिकारियों की भूमिका भी है संदिग्ध

बरसाती नाले की जमीन पर गलत तरीके से मकान बनाने और उसपर पीएम आवास योजना का लाभ लेने के मामले में नगर निगम के अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध लग रही है। ऐसा इसलिए कि जब लाभार्थी ने योजना का लाभ लेने के लिए नगर निगम में आवेदन किया तो संबंधित अधिकारियों ने बिना जमीन की जांच पड़ताल किए कैसे आवेदन स्वीकार कर लिया। हैरानी की बात है कि मकान का निर्माण सिर्फ बुनियाद तक ही हुआ है, जबकि लाभार्थी को योजना के तहत पहली और दूसरी किश्त भी जारी कर दी है।

### नगर निगम बनने के बाद बढ़े जमीनों के दाम

दमुवाढूंगा खाम में राजस्व क्षेत्र की लड़ाई सालों पुरानी है। उत्तराखंड बनने के बाद यहां बसावट बढ़ना शुरू हो गई। हालांकि इस क्षेत्र को ग्राम पंचायत का दर्जा दिया गया था। जिस वजह से यहां रहने वालों के पास चाहें भले जमीन के कागज न हो लेकिन उनके पास वोट देने का अधिकार था। साल 2014 में दमुवाढूंगा के इस क्षेत्र को नगर निगम में शामिल कर दिया गया। इसके बाद यहां भू-माफियाओं ने जमीनों के रेट बढ़ाना शुरू कर दिए। लोगों को सरकारी जमीन बेच-बेच कर यहां भू-माफियाओं ने करोड़ों रुपये बटोरे।

### दमुवाढूंगा में भूमाफिया सक्रिय, अब मची हलचल

दमुवाढूंगा क्षेत्र में पिछले कुछ समय से भूमाफिया सक्रिय हैं। इन भूमाफियाओं ने दमुवाढूंगा खाम, जवाहर ज्योति आदि क्षेत्रों में कई जगह वन भूमि पर अवैध तरीके से कब्जा किया हुआ है। जिसे यह प्लाटिंग कर मोटे दामों में बेच रहे हैं। चर्चा है कि भूमाफिया जमीन को मात्र 100 और 500 रुपये के स्टाम्प पेपर पर बेच देते हैं। इनके सबसे ज्यादा शिकार मेहनत मजदूरी करने वाले लोग हैं, जो इनके झांसे में आकर फंस जाते हैं। मामले की जांच शुरू होने से इन भूमाफियाओं में हलचल मच गई है।

### 15 फीट तक पाट दिया बरसाती नाला

दमुवाढूंगा में जिस बरसाती नाले पर पीएम आवास योजना से मकान का निर्माण हो रहा है। उस नाले की जमीन पर कब्जेदारों ने करीब 15 फीट तक पाट दिया है। जिससे नाले का आकार आधे से भी कम रह गया है। हैरानी की बात ये है कि इसकी भनक न तो वन विभाग को है और न ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को है। सब कुंभकर्णी नींद में सोए हुए हैं। बीते वर्ष इसी बरसाती नाले ने दमुवाढूंगा में भारी तबाही मचाई थी। इसके बावजूद नाले पर कब्जा कर मकान बनाने का खेल जारी है।

## शिविर में आशाओं को किया जागरूक

**नैनीताल:** उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश व जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुबीर कुमार के मार्गदर्शन में विशेष साइबर अपराध जागरूकता अभियान के तहत सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बीनू गुलयानी द्वारा मंगलवार को दीवानी न्यायालय परिसर में आशा कार्यकर्ताओं के लिए विधिक जागरूकता शिविर लगाया।

शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकलाप, निःशुल्क विधिक सहायता, लीगल एड क्लिनिक, स्थाई लोक अदालत, मासिक लोक अदालत, राष्ट्रीय लोग अदालत, महिलाओं के अधिकार, जेंडर जस्टिस नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, हेल्पलाइन पोर्टल, पोश अधिनियम के अंतर्गत इंटरनल कंप्लेंट कमेटी व उनके कार्यकलाप आदि विषयों पर भी जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन पीएलवी कुमारी अंबिका ने किया।

**सूचना**

मेरा एक भवन सं. EWS 462 जिसका पंजीयन दिनांक 12-04-2006 को उपनिबंधक कार्यालय किच्छा में पंजीकृत हुआ से सम्बन्धि बैनामा की मूल रजिस्ट्री जो कि आवंटि मुखतर अली पुत्र श्री अखतर अली क्रेता श्रीमती सुनीता जोशी सिद्की पत्नी श्री मो० साबिर अली सिद्की बैनामा रजिस्ट्री दिनांक 08.02.2007 क्रमांक 481 को उपनिबिन्धक कार्यालय किच्छा में पंजीकृत हुआ कहीं खो गई है,जिसका किसी भी प्रकार का दुरुपयोग नही किया गया है तथा किसी भी बैंक में बंधक नहीं है।

**- धर्मवीर कौर पत्नी श्री संतोख सिंह, निवासी नगर बिलासपुर, जिला रामपुर, उत्तरप्रदेश**

# हाईवे पर ट्रकों की टक्कर में दो चालक गंभीर घायल

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचारः** अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे पर क्वारब क्षेत्र में दो ट्रकों की भिड़ंत में दोनों वाहनों के चालक घायल हो गए।

हाईवे पर हल्द्वानी से अल्मोड़ा व अल्मोड़ा से हल्द्वानी की ओर जा रहे ट्रक आपस में टकरा गए। टक्कर के बाद दोनों वाहनों कोसी नदी क्षेत्र को मुड़ गए। गनीमत रही की हाईवे किनारे सुरक्षित यातायात को लगे क्रश बेरियर से वाहन कोसी नदी क्षेत्र की ओर गिरने से बच गए और बड़ा हादसा टल गया। दुर्घटना की आवाज सुन आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। दोनों वाहनों के चालकों को दुर्घटनाग्रस्त वाहनों से बाहर निकाल निजी वाहन से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुयालबाड़ी पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने बेरीनाग निवासी चालक पुष्कर सिंह बोहरा तथा दूसरे वाहन चालक सोमेश्वर निवासी राजेंद्र का प्राथमिक उपचार किया। पुष्कर को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

# बलियानाला ट्रीटमेंट का जायजा लिया

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** मंडलायुक्त दीपक रावत ने मंगलवार को सिंचाई विभाग द्वारा भू-स्खलन प्रभावित क्षेत्र बलियानाले पर लगभग 170 करोड़ से अधिक की लागत से निर्माणाधीन फ्रेजाइल स्लॉप ट्रीटमेंट के विकास कार्यों का ग्राउंड जीरो पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान दीपक रावत ने मुख्य अभियंता, हल्द्वानी संजय शुक्ला से बलिया नाले पर होने वाले विकास कार्यों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने सिंचाई विभाग द्वारा बनाए गए बार चार्ट का भी अध्ययन किया और उनके द्वारा स्टेप वाई स्टेप की जाने वाली एक्टिविटी की भी जानकारी ली। जिसके क्रम में मुख्य अभियंता, हल्द्वानी ने बताया कि उनके द्वारा अप्रोच, ड्रिलिंग, नाली ड्रेनेज, हाइड्रोकिडिंग आदि के कार्य किए जाएंगे। मंडलायुक्त ने बताया कि पिछले कई वर्षों से वर्षाकाल के दौरान इस क्षेत्र में भूस्खलन, जल स्रोतों की अलग-अलग धाराओं के कारण हो रहा था जिसे एक धारा के रूप में परिवर्तित कर भूस्खलन को रोका जायेगा। भू-स्खलन की रोकथाम, स्थिरीकरण के लिए सेल्फ ड्रिलिंग एंकरिंग के माध्यम से उपचारात्मक कार्य भी किया जाएगा। इस क्षेत्र में स्लोप काफी ज्यादा है उसे कम किया जायेगा साथ ही धारायें काफी निकलती हैं, जिनको एक सूत्र में पिरोकर ड्रेनेज सिस्टम तैयार कर भू-स्खलन को रोका जायेगा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पर्यटन की अपार सम्भावनायें हैं भविष्य में पर्यटन के विकास के दृष्टिगत कार्य किया जाए।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी शिव चरण दिवेदी, उपजिलाधिकारी सदर, नैनीताल प्रमोद कुमार, अधिशासी अधिकारी सिंचाई खंड नैनीताल अनिल वर्मा, मुख्य शिक्षा अधिकारी जगमोहन सोनी, नगर पालिका परिषद नैनीताल सहायक अधिशासी अधिकारी पूजा आर्या सहित वन विभाग और राजस्व विभाग की टीम मौजूद रही।


बलियानाला क्षेत्र का निरीक्षण करते मंडलायुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

## मल्लीताल बाजार में दुकान से नगदी और सामान चोरी

**नैनीताल।** मल्लीताल क्षेत्र में मंगलवार की सुबह चोरों ने पान की दुकान के शटर का ताला तोड़कर नगदी व सामान उड़ा लिया। मल्लीताल निवासी धर्मेंद्र बड़ा बाजार मल्लीताल में पान की दुकान चलाते हैं। वह रोजाना की तरह सोमवार को दुकान बंद कर अपने घर चले गए।

इधर मंगलवार की सुबह लगभग सात बजे एक अज्ञात व्यक्ति उसकी दुकान के शटर को खोल रहा था। इस दौरान वहां से गुजर रहे नेपाली मूल के मजदूरों ने व्यक्ति से पूछा तो वह दुकान के शटर की रिपेयरिंग की बात कहने लगा। जिस पर मजदूरों ने ध्यान नहीं दिया और वह आगे बढ़ गए, लेकिन जब दुकान संचालक दुकान में पहुंचा तो वहां दुकान का गल्ला व सामान गायब था। दुकान संचालक धर्मेंद्र ने बताया कि उसके गल्ले से लगभग पांच हजार व अन्य सामान चोरी किया गया है। उसने कोतवाली में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल धर्मवीर सोलंकी ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी काशीपुर, उधमसिंहनगर

पत्रांक : 1429/1-लेखा/सां०निधि/2023-24 **अल्पकालिक निविदा सूचना** दिनांक : 27 फरवरी, 2024

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से विकास खण्ड काशीपुर के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 में सांसद निधि योजनान्तर्गत स्वीकृत निम्न कार्य कराने बावत् स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष तकनीकी स्वीकृति प्राक्कलन के आधार पर मुहरबन्द अल्पकालीन निविदाएं जनपद उधमसिंहनगर के विकास खण्ड काशीपुर में दिनांक 02-03-2024 के अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जो दिनांक 05-03-2024 को अपरान्ह 12:00 बजे उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खण्ड विकास अधिकारी काशीपुर के कार्यालय में गठित समिति द्वारा खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्रों की बिक्री विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से दिनांक 02-03-2024 के अपरान्ह 12 बजे तक विकास खण्ड कार्यालय काशीपुर में की जायेगी। निविदा सम्बन्धी शर्तें/अन्य जानकारी कार्य दिवस में आकर किसी भी समय प्राप्त की जा सकती है। निविदा के साथ खण्ड विकास अधिकारी के पदनाम से 02 प्रतिशत जमानत/ धरोहर राशि डाक घर बचत पत्र/ के०बी०पी०/ एम०एस०सी०/ एफ०डी०आर० व 100.00 रु० मात्र का नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर 100.00 रू. का रसीदी टिकट हस्ताक्षर युक्त संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी काशीपुर का होगा तथा इसमें किसी भी प्रकार का वाद विवाद स्वीकार नही होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | संस्तुत धनराशि लाख में | धरोहर राशि रू. में | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | ठेकेदार की पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | देवभूमि पर्वतीय महासभा काशीपुर में रामलीला हेतु सार्वजनिक भवन निर्माण कार्य | 5.00 | 10000 | 500.00 एवं 18 प्रतिशत जी.एस.टी. | 06 माह | 01 माह | डी एवं उच्चतर |
| 2 | तुलाराम राजाराम सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज चैती मोड काशीपुर में दो कक्ष निर्माण | 5.00 | 10000 | 500.00 एवं 18 प्रतिशत जी.एस.टी. | 06 माह | 01 माह | डी एवं उच्चतर |

**खण्ड विकास अधिकारी**
**काशीपुर, उधमसिंहनगर**

# अशोक पार्किंग का टेंडर 51 लाख 61 हजार रुपये में छूटा

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** नगर पालिका के निवर्तमान बोर्ड की ओर से मात्र 35 हजार रुपये माह पर ठेके में दिए गए अशोक पार्किंग का ठेका पालिका द्वारा निरस्त करने के बाद पार्किंग को ओपन टेंडर के लिए रखा गया था, जिसके लिए बेस प्राइज 25 लाख रुपये रखी गयी थी। मंगलवार को पार्किंग की निविदा खोली गयी, जिसमें नीरज मिश्रा, नैनीताल कंस्ट्रक्शन, प्रदीप सिंह बोरा, उमेश चंद मिश्रा, फरमान अली व नवीन अग्रवाल द्वारा आवेदन किया गया था। जिसमें नैनीताल कंस्ट्रक्शन, उमेश मिश्रा व फरमान अली के दस्तावेज पूरे नहीं होने से तीनों के आवेदन निरस्त कर दिए गए, जबकि फाइनेंशियल निविदा में नीरज मिश्रा द्वारा 41 लाख एक सौ रुपये, ठाकुर जी इंटरप्राइजेज 42 लाख 11 हजार 11 सौ 11 रुपये तथा नवीन अग्रवाल द्वारा 51 लाख 61 हजार रुपये का टेंडर डाला गया था। जिसके बाद अगले साल के लिए अशोक पार्किंग का संचालन नवीन अग्रवाल को दिया गया। इस दौरान एसडीएम केएन गोस्वामी, ईओ राहुल आनंद, मुख्य कोषाधिकारी दिनेश राणा, ईई केके जोशी, संजय कनवाल आदि मौजूद रहे। बता दें कि 2015 में नगर पालिका बोर्ड ने अशोक सिनेमा व कैपिटल सिनेमाहॉल को निमिष साह को शशर्त तीस वर्ष के लिए लीज पर दिया गया था, जिसमें लीजधारक को तीन माह के भीतर नक्शा प्रस्तुत कर दो वर्ष के भीतर अशोका सिनेमाहॉल परिसर में डिजिटल सिनेमाहॉल, केंटीन, शॉपिंग काम्प्लेक्स और रेस्टोरेंट का निर्माण करना था। मगर लीजधारक निर्धारित समय पर नक्शा पेश नहीं कर सका।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज -----5cmX4cm / 500
साइज -----6cmX4cm / 600
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

### सड़क पर अचानक वाहन आ जाने से अनियंत्रित हुई बाइक, जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित किया

# पेड़ से टकराई बाइक, छात्र और युवक की मौत

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** अचानक सामने अज्ञात वाहन आ जाने से दो युवकों की बाइक बेकाबू होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस की टीम ने दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस से जिला चिकित्सालय भेजा।

जिला चिकित्सालय में चिकित्सकों ने नाबालिग सहित दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना से परिजनों में कोहराम मचा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मंगलवार




मृतक अंशु राजभर उमेश कुमार साहनी

शाम ग्राम कनकपुर बंगाली कॉलोनी क्षेत्र में बाइक सवार दो युवकों के दुर्घटना में मौत हो गई। स्थानीय लोगों पुलिस ने बताया कि बंगाली कॉलोनी मोड पर सामने से अचानक अज्ञात वाहन आ जाने से सवार दोनों युवकों की मोटर साइकिल बेकाबू होकर पेड़ से टकरा गई। घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।



रुद्रपुर जिला अस्पताल में शोकाकुल परिजन। ● अमृत विचार

उन्हें जिला चिकित्सालय रुद्रपुर ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर मृतकों के परिजन भी जिला चिकित्सालय पहुंच गए। मृतकों की पहचान ग्राम नारायणपुर कोठा, कोतवाली किच्छा निवासीगण 22 वर्षीय उमेश कुमार साहनी पुत्र रामप्रवेश साहनी तथा 14 वर्षीय अंशु राजभर पुत्र राधेश्याम राजभर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक अंशु ग्राम लालपुर स्थित किसान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 9 का छात्र था। पुलिस ने मृतकों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि मृतक उमेश चार भाइयों में सबसे बड़ा था।

उसकी एक बहन भी है। वहीं दूसरी तरफ तीन भाइयों में सबसे छोटे अंशु की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि उमेश कुमार और अंशु राजभर मोटर साइकिल लेकर ग्राम राघव नगर स्थित चक्की पर सरसों का तेल निकलवाने के लिए गए थे और वापस लौटते समय दुर्घटना का शिकार हो गए। घटना की सूचना पर शोक व्यक्त करने वालों का उनके निवास पर तांता लग गया है।

# सीबीआई ने रिश्वत लेते पकड़ा सीजीएसटी का अधीक्षक

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** सीबीआई ने रिश्वतखोरी के मामले में सेंट्रल गुड्स एंड सर्विस टैक्स (सीजीएसटी) के एक अधीक्षक को गिरफ्तार किया है।

आरोप है कि इन्होंने एक फर्म के सस्पेंड जीएसटी नंबर को एक्टिवेट करने के लिए फर्म की मालकिन से रिश्वत मांगी। पीड़िता के पति की शिकायत सीबीआई ने जाल बिछाकर आरोपी को रिश्वत की रकम लेते गिरफ्तार कर लिया।

सीबीआई ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम योगेश अग्रवाल है। योगेश रुद्रपुर में

- **सस्पेंड जीएसटी नंबर को एक्टीवेट करने के लिए ले रहा था 10 हजार की रिश्वत**
- **सीबीआई ने आरोपी के रुद्रपुर और हरियाणा में दो ठिकानों पर मारा छापा**

सीजीएसटी विभाग में सुपरिटेंडेंट है। सीबीआई से की शिकायत में पीड़ित ने बताया कि उसकी पत्नी के नाम से एक फर्म है, लेकिन किन्हीं कारणों से उसकी फर्म का जीएसटी नंबर सस्पेंड हो गया था। इसे एक्टिवेट कराने के लिए उन्होंने रुद्रपुर स्थित सीजीएसटी के ऑफिस में संपर्क किया।

यहां आरोपी ने उनसे जीएसटी नंबर एक्टिवेट करने के लिए 15 हजार रुपये रिश्वत की मांग की। इस पर सीबीआई ने जाल बिछाया। इसके तहत आरोपी सुपरिटेंडेंट से रिश्वत की रकम को कुछ कम करने के लिए कहा गया। 15 हजार रुपये की जगह 10 हजार पर मामला तय हो गया और आरोपी सुपरिटेंडेंट को उस वक्त रंगे हाथों दबोच लिया गया जब वह कथित रूप से रिश्वत के 10 हजार रुपये ले रहा था। इसी के साथ सीबीआई ने आरोपी के रुद्रपुर व अंबाला हरियाणा में दो ठिकानों पर छापेमारी की। रेड के दौरान सीबीआई को दो लॉकरों और बैंक अकाउंट से संबंधित दस्तावेज बरामद होने के साथ ही अन्य दस्तावेज भी मिले हैं।

## नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्रों के निरीक्षण को गठित होगी समिति

**रुद्रपुर :** जिला न्यायाधीश प्रेम सिंह खिमाल ने मानसिक स्वास्थ्य देखरेख अधिनियम-2017 के तहत बैठक आयोजित की।

जिसमें बताया गया कि राज्य में संचालित 92 सरकारी एवं गैर सरकारी मानसिक स्वास्थ्य संस्थानों, नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्रों को राज्य मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण में पंजीकृत कर लिया गया है। इसमें से ऊधमसिंह नगर में सात नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्रों को पंजीकृत किया गया है। जनपद में पंजीकृत केंद्रों का समय-समय पर निरीक्षण होना है। जिसके लिए जल्द समिति का गठन किया जाएगा। बताया कि समाज कल्याण विभाग की ओर से जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र फुलसूंगा रुद्रपुर में निर्माण किया जा रहा है, जिससे भविष्य में मानसिक रोग से पीड़ित व्यक्ति इस केंद्र का उपयोग करेंगे। समिति ने निर्णय लिया कि समाज कल्याण विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर खुले में विचरण कर रहे विक्षिप्त जनों की सूचना जल्द से जल्द मानसिक स्वास्थ्य पुनर्विलोकन बोर्ड को उपलब्ध कराई जाए। जिला न्यायाधीश ने सभी सरकारी व प्राइवेट स्कूल संचालकों को मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा के लिए विद्यालयों में काउंसलर तैनात करने के निर्देश दिए। यहां सीएमओ डॉ. मनोज कुमार शर्मा, एसडीएम मनीष बिष्ट, मनोचिकित्सक डॉ. ईश कुमार डल्ला, डॉ. माधवी अवस्थी आदि रहे।

# सरकारी भूखंड से खोद डाली करोड़ों रुपये की मिट्टी

### किच्छा बाईपास मार्ग स्थित भूमि से सैकड़ों डंपर मिट्टी गायब, डीएम ने लिया संज्ञान, नायब तहसीलदार और पटवारी ने की नपाई

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** किच्छा बाईपास मार्ग पर राज्य सरकार की भूमि पर माफियाओं द्वारा मिलीभगत कर करोड़ों की मिट्टी खुदाई का करने का मामला सामने आया है। मिट्टी खुदाई का मामला संज्ञान में आते ही डीएम के आदेश पर नायब तहसीलदार ने अपनी टीम के साथ मौका मुआयना किया और खुदाई स्थल की नपाई कर जांच शुरू कर दी है। वहीं शिकायतकर्ता ने निगम पर भूमि की अनदेखी करने का आरोप लगाया है।

बताते चलें कि बीएचईएल की पूर्वी दिशा में सरकार भूखंड पड़ा हुआ। जिसकी निगरानी तत्कालीन नगर पालिका और वर्तमान नगर निगम के सुपुर्द किया गया था। बताया जा रहा है कि इस भूमि में से दक्षिण दिशा में 15 एकड़ की भूमि निगम द्वारा सीवर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए छोड़ दी गयी थी। जिस पर किसी भी प्रकार का कूड़ा कचरा नहीं डाला जा सकता था। पिछले एक माह के अंदर मिट्टी माफियाओं ने मिलीभगत कर 15 एकड़ के भूखंड में से लगभग दो एकड़ की समतल भूमि से मिट्टी की खुदाई कर करोड़ों रुपये का लाभ प्राप्त कर लिया। इसकी भनक जिला प्रशासन व नगर निगम प्रशासन को नहीं हुई। जब शिकायतकर्ता एवं पूर्व सभासद रामबाबू को इसकी भनक लगी तो पूर्व सभासद ने मौके का वीडियो बनाकर जिलाधिकारी से मामले की शिकायत दर्ज की। मामले को गंभीरता से लेते हुए डीएम उदयराज सिंह के आदेश पर नायब तहसीलदार और पटवारियों की एक टीम ने खबर वायरल होने के बाद सोमवार की शाम को ही मौका मुआयना किया और मंगलवार को भी टीम ने मौका मुआयना कर भूखंड की नपाई शुरू कर दी। टीम ने पूरे भूखंड की पैमाइश कर रिपोर्ट बनानी शुरू कर दी है, जबकि स्थानीय लोगों का कहना था कि देर रात को जेसीबी के जरिए मिट्टी खुदाई का कार्य चोरी छिपे होता है और खुदाई नियम विरुद्ध है। उन्होंने बताया कि एक माह के अंदर करीब 500 से अधिक डंपर मिट्टी की ढुलाई कर चुके हैं। ऐसे में अनुमान लगाया जा सकता है कि मिट्टी माफियाओं ने करोड़ों की मिट्टी बेचकर सरकार को चूना लगा दिया है। जब इस प्रकार में नगर निगम प्रशासन से पूछा गया तो उन्होंने अनभिज्ञता जताई।



भूखंड का मौका मुआयना करती प्रशासन की टीम। ● अमृत विचार



रुद्रपुर में मंगलवार सुबह खुदाई स्थल की नपाई करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

> किच्छा बाईपास मार्ग स्थित करीब 15 एकड़ की भूमि को अभी तक नगर निगम ने फ्री होल्ड तक नहीं किया है। ऐसे में बिना सरकार की अनुमति और जिला प्रशासन के संज्ञान के बिना बड़े पैमाने पर मिट्टी खुदान का मामला सरकारी भूमि की मिट्टी को खुर्दबुर्द करने के समान है, जबकि मिट्टी खुदाई के कारण होने वाले गड्ढों को कूडा कचरा डालकर भरा जा रहा है। ताकि करोडों के घोटालें पर पर्दा डाला जा सके। प्रकरण में कोई कार्रवाई नहीं हुई, मामला हाईकोर्ट तक जाएगा।
>
> **-रामबाबू,** पूर्व सभासद एवं शिकायतकर्ता।

> नगर निगम अपनी जमीन से मिट्टी खुदाई कर वैडिंग जोन में डलवा रहा है और निगम प्रशासन की देखरेख में मिट्टी की खुदाई की गई है। ऐसे में पूर्व सभासद के आरोप निराधार हैं और किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार या मिट्टी खनन का प्रकरण नहीं है। जांच होने के बाद मामले साफ हो जाएगा। निगम अपने दायित्वों के प्रति गंभीर है।
>
> **-नरेश दुर्गापाल,** एमएनए, नगर निगम

## दिनेशपुर में रात में धड़ल्ले से चल रहा मिट्टी का अवैध खनन

**दिनेशपुर :** प्रशासन व पुलिस की अनुमति के बगैर मिट्टी खनन माफिया रात में बेरोकटोक चल रहे हैं। यातायात नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। ट्रालियों में भरी ओवरलोड मिट्टी सड़कों व गलियों में बिखर रही है। इससे दोपहिया वाहनों के रपटने का खतरा बना हुआ है। पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। विदित हो कि थानाध्यक्ष अनिल जोशी ने क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों व अवैध मिट्टी खनन पर रोक लगाई थी। थानाध्यक्ष के छुट्टी पर जाने पर खनन माफिया फिर से बेरोकटोक रात में अवैध मिट्टी का कारोबार कर रहे हैं। अवैध खनन की ट्रालियां सड़कों पर दौड़ रही हैं। जिससे सिडकुल से आने व जाने-वाले कर्मचारियों व राहगीरों का निकलना दूभर हो रहा है। साथ ही हादसों का भी खतरा बना है। पुलिस की नजर ओवरलोड ट्रकों व अवैध खनन में लगीं ट्रैक्टर ट्राली पर नहीं पड़ती।



दिनेशपुर में रात्रि में अवैध खनन कर मिट्टी ले जाती ट्रैक्टर ट्राली।

## खटीमा में 40 व्यापारियों ने बनवाए खाद्य लाइसेंस

**खटीमा।** व्यापार मंडल खटीमा के तत्वावधान में सनातन धर्मशाला में खाद्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 40 व्यापारियों ने खाद्य लाइसेंस का पंजीकरण कराया। नगर के कुछ व्यापारियों का खाद्य सुरक्षा लाइसेंस नहीं बना था। जिसको देखते हुए व्यापार मंडल द्वारा खाद्य शेयर आयोजित किया गया। जिसमें जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. प्रकाश फुलारा, खाद्य निरीक्षक आशा आर्य और नवीन पांडे द्वारा व्यापारियों की पंजीकरण किया। इस अवसर पर व्यापार मंडल महामंत्री हिमांशु अग्रवाल, चकरपुर के व्यापार मंडल अध्यक्ष गणेश जोशी, तारा दत्त कांडपाल,जगजीत सिंह, अनमोल अग्रवाल, सुदर्शन अग्रवाल, अर्जुन चंद, मनीष गोस्वामी, हरीश शर्मा आदि मौजूद रहे।

**पाठकों हेतु सूचना**

प्रिय पाठको,
हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

# सुरई रेंज की झाड़ियों में मिला भिलैया के युवक का शव

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** सुरई रेंज के साइफन चौकी क्षेत्र के वनकर्मियों ने झाड़ियों में युवक का सड़ा गला शव पड़ा देखा। उन्होंने इसकी सूचना सत्रहमील पुलिस को दी।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। बाद में मृतक की शिनाख्त भिलैया निवासी गौरव राणा के रूप में हुई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। सुरई रेंज की साइफन चौकी के वनकर्मियों को गश्त के दौरान सुबह करीब 12 बजे झाड़ियों से दुर्गंध का आभास हुआ। उन्होंने झाड़ी में देखा तो युवक का शव दिखाई दिया।



मृतक गौरव सिंह राणा।

उन्होंने सत्रहमील चौकी प्रभारी ललित सिंह बिष्ट को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराई तो मृतक के पिता किरण कुमार राणा ने शव की शिनाख्त अपने पुत्र गौरव राणा (23) के रूप में की। पुलिस को मौके से सिरिंज, गुटखा, तम्बाकू, बीड़ी, माचिस और 365 रुपये नगद बरामद हुए। शव लगभग पन्द्रह दिन पुराना बताया जा रहा है। मृतक तीन भाई बहनों में दूसरे नंबर का है। बड़ी बहन विवाहित है और छोटा भाई सौरभ राणा है। परिजनों ने बताया कि गौरव अक्सर घर से चला जाया करता था जो इस बार भी करीब 20 दिन पहले घर से चला गया था। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। इस दौरान कोतवाल प्रकाश सिंह दानू, एसएसआई अशोक कुमार, वन दरोगा गोविंद सिंह कोरंगा, बीट प्रभारी चंद्र प्रकाश, रवि कुमार रहे।

# चुघ ने प्रदेश अध्यक्ष से की तमाम मुद्दों पर चर्चा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** देहरादून में भाजपा चुनाव प्रबंधन की बैठक आयोजित हुई। इसमें भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ ने भी शिरकत की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट व संगठन महामंत्री अजेय कुमार से मुलाकात की और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

मंगलवार को कार्यक्रम के बाद भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक चुघ ने कहा कि केंद्र सरकार आने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर प्रतिबद्ध है। ऐसे में अब ऐसे कर्मठ और जिम्मेदार पार्टी के लोगों को राज्यसभा भेजा जा रहा है।

ताकि संगठन और पार्टी और मजबूती से कार्य कर सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार केंद्र में भाजपा की सरकार बनेगी और देश का नेतृत्व पुनः पीएम मोदी के हाथों में होगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य में ऐतिहासिक फैसला लिया गया और यूसीसी कानून लागू कर दिया गया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने भाजपा 370 और एनडीए 400 पार का नारा दिया है जो इस बार सार्थक होगा।

**मौसम का मिजाज**

### विशेषज्ञों के अनुसार बारिश कम होने से आने वाले महीनों में लोगों को सताएगी गर्मी

# पिछले 14 सालों में औसत से कम हुई फरवरी में बारिश

मौहम्मद अर्शी, काशीपुर

**अमृत विचार :** उत्तर भारत में दिसंबर और जनवरी में सामान्य से अधिक शुष्क मौसम के बाद फरवरी में सामान्य और सामान्य से अधिक बारिश होने का अनुमान था। लेकिन फरवरी माह बीतने को है और अभी तक सामान्य से भी कम वर्ष फरवरी माह में हुई है। जिसको लेकर मौसम वैज्ञानिकों ने चिंता जाहिर की है और आने वाले महीनों में भीषण गर्मी की संभावना भी जताई है।

दरअसल फरवरी माह में सामान्यतया 45 मिमी तक बारिश होती है। जिससे मौसम में नमी रहती है और आगामी माह में सुबह व शाम में हलकी ठंड रहती है। लेकिन इस बार फरवरी माह में सामान्य से 30.8 मिमी बारिश कम होने से आने वाले महीनों में गर्मी का सितम लोगों को झेलना पड़ सकता है।

इस बार फरवरी माह में अभी तक 14.2 मिमी बारिश हुई है। हालांकि पिछले साल की तुलना में यह बारिश 5.8 मिमी अधिक हुई है। पिछले 14 सालों के मौसम पर अगर नजर डाले तो वर्ष 2013, 2014 व 2022 को छोड़कर बाकी वर्षो में फरवरी माह में औसतन बारिश से कम वर्षा हुई है। वहीं इन 14 सालों में औसतन बारिश 21.48 मिमी है और वर्ष 2013, 2014 और 2022 को छोड़ दें तो बाकी सालों में औसतन बारिश 14.91 मिमी ही हुई है। पिछले 14 सालों में फरवरी माह में वर्ष 2013 में सबसे अधिक 132.1 मिमी बारिश हुई थी और सबसे कम वर्ष 2017 में हुई थी।

### दो दिन में अधिकतम तापमान में आई दो डिग्री की गिरावट

**काशीपुर।** काशीपुर सहित क्षेत्र में लगातार दूसरे दिन बादल छाए रहे। वही सुबह व शाम को हल्की बारिश भी हुई। तो वही धूप छांव के बीच दिन भर बादल छाए रहने और ठंडी हवाएं चलने से तापमान में गिरावट आई। जिसके चलते लोगों ने एक बार फिर सर्द कपड़े निकाल लिए। रविवार दोपहर से अचानक मौसम में आए बदलाव के कारण लोगों को सर्दी का एक बार फिर एहसास होने लगा। मौसम विभाग ने भी आगामी 2 दिन तक क्षेत्र में बादल छाए रहने और हल्की बारिश के साथ तापमान में गिरावट होने की चेतावनी दी थी। इन दो दिन में अधिकतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई।

> रविवार से मौसम में बदलाव आया है और अगले दो दिन और मौसम ऐसा ही बना रहने की संभावना है। पिछले दो दिन में अधिकतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। वहीं तराई क्षेत्र में हल्की बारिश और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हो सकती है। सोमवार को अधिकतम तापमान 23 .5 व न्यूनतम 10 .2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया है।
>
> **-डॉ. आरके सिंह,** मौसम वैज्ञानिक, जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर

**विवरण**

| वर्ष | वर्षा (मिमी में) |
|---|---|
| 2011 | 32 .8 |
| 2012 | 0 .6 |
| 2013 | 132 .1 |
| 2014 | 120 .4 |
| 2015 | 8 .4 |
| 2016 | 2 .5 |
| 2017 | 0 |
| 2018 | 4 |
| 2019 | 33 .4 |
| 2020 | 23 .2 |
| 2021 | 4 .6 |
| 2022 | 50 .4 |
| 2023 | 8 .4 |
| 2024 | 14 .2 |



## एक नजर

### घर के बाहर खड़ी स्कूटी चोरी, तहरीर सौंपी

**काशीपुर।** घर के बाहर खड़ी स्कूटी चोर चुरा ले गये। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर स्कूटी बरामदगी की मांग की है। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मोहल्ला खत्रियान निवासी राजेश टंडन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 23 फरवरी की रात करीब 10 बजे उन्होंने अपनी स्कूटी अपने निवास स्थान पर खड़ी की थी। अगले दिन स्कूटी वहां से गायब थी। जिसकी आसपास काफी खोजबीन भी की। लेकिन स्कूटी का कुछ पता नहीं चल सका। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर स्कूटी चोर की तलाश शुरू कर दी है।

### बाजार से उड़ाई बाइक

**बाजपुर।** वार्ड नंबर-पांच केलाखेड़ा निवासी मोहम्मद आसिफ पुत्र शफीक अहमद ने पुलिस को बताया कि वह 22 फरवरी की सायं अपनी बाइक संख्या यूके18जे2176 पर बाजार आया था। सरकारी अस्पताल चौराहा केलाखेड़ा के पास बाइक खड़ी कर वह सामान लेने दुकान पर चला गया। आरोप है कि कुछ देर बाद वापस लौटा तो बाइक गायब थी। आसपास काफी खोजबीन करने के बाद भी उसका पता नहीं चला। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोर की तलाश कर रही है।

### अवैध शराब के साथ आरोपी दबोचा

**काशीपुर।** पुलिस ने गश्त के दौरान एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया। जिसके पास से अवैध शराब बरामद की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। पैगा चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान बांसखेड़ा पुल के नीचे से अवैध शराब बेचते एक युवक को गिरफ्तार किया। जिसके पास से पुलिसने करीब 60 पाउच कच्ची शराब बरामद की। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम राहुल निवासी ग्राम बरखेड़ा पांडे बताया। पुलिस ने आरोपी का आबकारी एक्ट की धारा 60 में चालान किया है।

### कच्ची शराब के साथ दबोचा

**बाजपुर।** नशा मुक्ति अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए बेरिया दौलत चौकी की पुलिस ने 20 लीटर कच्ची शराब समेत ग्राम महोली जंगल निवासी गुरमेल सिंह पुत्र जीत सिंह को गांव के नजदीक बैरियर के पास से गिरफ्तार किया है।

# अवैध असलहों का जखीरा बरामद

## मध्यप्रदेश के मुरैना से लाए गए थे अवैध हथियार, लोकसभा चुनाव के दौरान बेचने की थी योजना

संवाददाता, गदरपुर


गदरपुर थाने में अवैध असलहे पकड़ने का खुलासा करते एसएसपी मंजूनाथ टीसी।

**अमृत विचार :** एसएसपी ने गदरपुर पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा भारी मात्रा में अवैध असलहा पकड़े जाने का खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस ने अवैध पिस्टल, देशी तमंचे, बन्दूक सहित 10 असलहे व एक दर्जन कारतूस के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसएसपी ने पकड़ने वाली टीम को 2000 रुपए इनाम देने की घोषणा की है।

सोमवार को अवैध असलहा पकड़े जाने का खुलासा करते एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि जनपद में सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाने के दौरान मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष भुवन चंद जोशी, एसओजी प्रभारी मनोज धोनी के नेतृत्व में गदरपुर पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम 26 फरवरी को रतनपुरा बार्डर से लगभग 150 मीटर पीछे रात्रि 8 बजे चेकिंग कर रही थी। उसी दौरान संदिग्ध हालत में खड़ा व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस को देख वह घबरा गया। इस पर पुलिस ने युवक को पकड़ लिया। पुलिस ने जब सख्ती से पूछताछ की तो उसने अपना नाम किशनपाल पुत्र स्व. खयाली राम निवासी वार्ड 5 खेड़ा रुद्रपुर ऊधम सिह नगर बताया। पुलिस ने जब किशन पाल की तलाशी ली तो इसके पास से एक पिस्टल फैक्ट्री मेड .32 बोर बरामद हुई। पुलिस ने जब उसके कन्धे पर लटके बैग को चेक किया तो उसके भीतर 1 पिस्टल फैक्ट्री मेड .32 बोर, 1 पौनिया बन्दूक 12 बोर, 7 तमंचे 315 बोर, 7 कारतूस 315 बोर, 5 कारतूस 12 बोर, 5 कारतूस .32 बोर बरामद किए गए। आरोपी ने बताया कि आने वाले लोकसभा चुनाव में जब लाइसेंसी असलहे जमा हो जाएंगे तो वह अवैध असलहों को ऊंचे दामों में ऊधमसिह नगर और उत्तराखण्ड के अन्य शहरों में बेचकर मोटा मुनाफा कमाता।

उसने बताया कि अवैध असलहा वह मध्य प्रदेश के मुरैना से खरीदकर लाया था। पुलिस ने आरोपित किशनपाल के खिलाफ धारा 3/25 आर्म एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि आरोपित किसको माल बेचने जा रहा था और कहां जमा कर रहा था, इसकी जांच की जा रही है। आरोपी को पकड़ने वाली टीम में थानाध्यक्ष भुवन चन्द्र जोशी, उप निरीक्षक गणेश दत्त भट्ट, एसओजी प्रभारी मनोज धौनी, भुवन पांडे, इरशाद उल्ला, दर्शन सिंह, दीपक जोशी, ललित कुमार, भूपेन्द्र, नीरज कुमार, राजेन्द्र रजवार शामिल थे।

## परीक्षा परिणामों में आईएमटी के विद्यार्थियों का श्रेष्ठ प्रदर्शन

**काशीपुर।** बाजपुर रोड स्थित सत्येंद्र चंद्र गुड़िया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड लॉ कॉलेज के यूजी पाठ्यकर्मों बीसीए एवं बीबीए प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा परिणामों में संस्थान के विद्यार्थियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है।

संस्थान की प्राचार्या डॉ. निमिषा अग्रवाल ने बताया कि बीसीए में मनोज सिंह ने 73.80 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं जसपाल सिंह 73.20 एवं सीमा खानम 69 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे।

बीबीए प्रथम सेमेस्टर के परिणामों में नेहा कुमारी ने सर्वाधिक 75.14 प्रतिशत अंक प्राप्त का प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं आयुष शर्मा 72 एवं खुशबू कुमारी 67.14 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। विद्यार्थियों के अच्छे प्रदर्शन पर संस्थान के चेयरमैन विमला गुड़िया, डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय, संस्थान की एकेडमिक काउंसिल के सदस्य डॉ. नीरज आत्रेय आदि ने बधाई दी।

# मान्यता लिए बिना स्कूल चलाने पर होगी कार्रवाई

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत काशीपुर ब्लॉक के समस्त मान्यता प्राप्त विद्यालयों की एक बैठक मंगलवार को कुंडेश्वरी रोड स्थित शिवाय रिसोर्ट में हुई।

जिसमें मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत ने मान्यता लेने एवं विद्यालय संचालन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास क्षेत्र में अमान्य विद्यालय चलाने पर अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी। प्रत्येक विद्यालय नियमों के अंतर्गत विद्यालय संचालन करें, ताकि भविष्य में किसी को दिक्कत ना आए। जनपद समन्वयक हिमांशु चौहान ने अवगत कराया गया कि सभी विद्यालय आरटीई मान्यता से आच्छादित होने आवश्यक हैं। विद्यालय जिस कक्षा से संचालित हो और अंतिम कक्षा तक का डायस कोड एक होना आवश्यक है। अध्यापक एवं छात्र की अंकना डबल हो गई है इसलिए उसे सभी विद्यालय चेक कर लें। बैठक में श्री दुर्गेश, मनिंदर, सुरेश सिंह, सूरजभान अनिल चौहान, हेमेन्द्र सिंह, प्रीति अरोरा, बबीता पंत, सत्य प्रकाश आदि मौजूद रहे।

### अलग-अलग मामलों के तीन आरोपियों की जमानत खारिज

**काशीपुर।** प्रथम एडीजे की अदालत ने बाइक चोरी करने के आरोपी की जमानत अर्जी निरस्त कर दी है। बीती 28 जनवरी को पुलिस टीम के द्वारा दड़ियाल रोड पर मारिया स्कूल के पास वाहन चेकिंग के दौरान बाइक सवार दो युवकों को गिरफ्तार किया था। पकड़े गए ग्राम वीरपुर कटैया निवासी वसीर अली उर्फ तन्ना पुत्र नवाब अली व लाभ सिंह पुत्र नत्था सिंह के कब्जे से पुलिस ने चोरी की गई नौ और बाइकें बरामद की थी। इनमें से एक आरोपी लाभ सिंह की जमानत के लिए उसके अधिवक्ता ने अदालत में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। जिसे सुनवाई के बाद प्रथम एडीजे विनोद कुमार की अदालत ने खारिज कर दिया। उधर, न्यायिक मजिस्ट्रेट विनीत कुमार श्रीवास्तव ने एक सप्ताह पूर्व गुलडिया ढेला नदी के पास से सवा दो क्विंटल प्रतिबंधित मांस के साथ पकड़े गए ग्राम गुलड़िया निवासी सनब्बर पुत्र मोहम्मद याकूब की जमानत भी खारिज कर दी है।

## महाशिवरात्रि पर्व पर चलेंगी अतिरिक्त बसें

**काशीपुर।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर गंगा जल लेने के लिए कांवड़िए हरिद्वार जाने लगे हैं। ऐसे में रोडवेज बसों से जाने के लिए कांवड़िये रोडवेज स्टेशन पहुंचने लगे हैं। हालांकि अभी कांवड़ियों की संख्या अधिक नहीं है।

प्रत्येक वर्ष महाशिवरात्रि पर्व पर गंगा जल लेने के लिए भारी संख्या में भगवान शंकर के भक्त हरिद्वार जाते हैं। ऐसे में रोडवेज बसों की संख्या कम होने पर कांवड़ियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसको देखते हुए रोडवेज निगम ने भी तैयारियां पूरी कर ली हैं। अभी निगम द्वारा उन्हीं बसों को हरिद्वार भेजा जा रहा है जो प्रतिदिन हरिद्वार के लिए चलती हैं। लेकिन इनके फेरे बढ़ाए जा रहे हैं। हरिद्वार मार्ग पर काशीपुर डिपो से रोजाना 11 बसों का संचालन होता है।

# चलती कार का दरवाजा खुलने से बाइक दुर्घटनाग्रस्त

संवाददाता, काशीपुर

▸▸ **घायल बाइक सवार को अस्पताल में कराया भर्ती, पैर की हड्डी टूटी**

**अमृत विचार :** चलती कार में थूकने के लिए कार चालक ने जैसे ही कार का दरवाजा खोला, तो एक बाइक सवार उससे टकरा गया और घायल हो गया। गंभीर अवस्था में उसे अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

घायल की पत्नी ने लापरवाही से कार चलाने का आरोप लगाते हुए कार चालक के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

आईटीआई थाना पुलिस को दी तहरीर में ग्राम पैगा निवासी राखी ने बताया कि बीती 20 फरवरी की शाम करीब 6 बजे उनके पति मित्रपाल अपनी बाइ से जसपुर खुर्द से कार्य कर वापस घर लौट रहे थे। तभी गढ़वाल सभा कब्रिस्तान के पास एक कार चालक ने थूकने के लिए चलती कार का दरवाजा खोल दिया।

जिससे उसके पति की बाइक टकरा गई और वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में उनके एक पैर की हड्डी भी टूट गई। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस को तहरीर सौंपी। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दो पक्षों में मारपीट महिला घायल

**बाजपुर :** पारिवारिक विवाद के चलते दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे सरकारी अस्पताल ले गए, प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। नगरपालिका के वार्ड नंबर-13 इंदिरा कालोनी निवासी चम्पा (40) पत्नी स्व. छत्रपाल सिंह मंगलवार को घर से बाहर किसी कार्य के लिए जा रही थी। इसी बीच देवर व जेठ से उसका किसी बात को लेकर विवाद हो गया और कहासुनी बढ़ गई। आरोप है कि देवर ने गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया जिसमें वह घायल हो गई। वहीं पीड़ित पक्ष ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# पुलिस ने 9 वारंटी किए गिरफ्तार

संवाददाता, काशीपुर


कोतवाली में गिरफ्तार वारंटियों के साथ मौजूद पुलिस टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** फरार वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस का अभियान लगातार जारी है। एक बार फिर पुलिस ने विभिन्न मामलों के फरार नौ वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

ऑपरेशन क्रेकडाउन एनबीडब्लू की गिरफ्तारी के अनुपालन में कोतवाली पुलिस ने न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर ग्राम रम्पुरा निवासी संता सिंह, राजेश तिवारी निवासी गुलरघट्टी रामनगर, ग्राम गोपीपुरा निवासी कुलदीप, शादाब निवासी रेलवे स्टेशन पड़ाव रामनगर, शशिकांत निवासी फसियापुरा, अख्तर निवासी नई बस्ती अल्ली खां, त्रिलोक निवासी पट्टी बाजार भीमनगर कुंडेश्वरी, शादाव निवासी रामनगर को गिरफ्तार कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

उधर थाना कुंडा पुलिस ने भी न्यायलय से जारी वारंट के आधार पर एक वारंटी योगेन्द्र निवासी ग्राम गोरखपुर करनपुर थाना रामनगर जनपद नैनीताल को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मनोज रतूड़ी, एसएसआई प्रदीप मिश्रा, एसआई विनोद जोशी, नीमा बोरा, कंचल पड़लिया, देवेन्द्र सिंह सामन्त व एएसआई अजीत सिंह समेत हेड कांस्टेबल हरीश चन्द्र, कांस्टेबल तारा चन्द्र, हेमचन्द्र विजय कुमार, कुलदीप सिंह शामिल रहे।

# मतदान जागरूकता के लिए दिलाई शपथ



नगरपालिका में कर्मचारियों को मतदान की शपथ दिलाते ईओ मनोज कुमार दास।

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** मंगलवार को स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत नगरपालिका परिषद कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसका शुभारंभ नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार दास ने किया। कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए शपथ दिलाई गई। साथ ही अपने-अपने क्षेत्र के लोगों में जन-जागरूकता लाने का आह्वान किया गया। ईओ मनोज दास ने कहा कि हर भारतीय को मतदान करने के अधिकार पर गर्व होना चाहिए, क्योंकि मतदान भविष्य का विधाता होता है। इसलिए खुद भी मतदान करें तथा औरों को भी प्रेरित करें। इस मौके पर कैलाश चंद्र जोशी, संजय धीमान, सीताराम तिवारी, वरिष्ठ लिपिक राजीव पांडे, दीपक कुमार, कृष्णावतार प्रेमी, सुरेश कुमार, नन्हें यादव, मो.यासीन आदि रहे।

## ननद से किराया मांगा तो फेंक दिया भाभी का सामान

**बाजपुर।** मकान के किराये को लेकर ननद-भाभी में विवाद हो गया। भाभी ने किराया मांगने पर गाली-गलौज कर उसी का सामान बाहर फैंकने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप ननद पर लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है।

ग्राम धनसारा निवासी समीरा पत्नी दिलशाद ने पुलिस को बताया कि पिछले आठ माह से ननद उसके मकान में रह रही है और किराया नहीं दे रही है। बहाने बनाकर टालमटोल करती है। आरोप है कि मंगलवार प्रातः करीब 8 बजे ननद से मकान खाली करने को कहा तो वह आग बबूला हो गई। इतना ही नहीं गाली-गलौज करते हुए भाभी का सामान फेंकने लगी। अब वह पैसे देने व मकान खाली करने से साफ इन्कार करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दे रही है। पुलिस ने जांच कर उचित कार्रवाई का भरोसा पीड़िता को दिलाया है।

# पालिका के 31 अस्थायी कर्मियों ने स्थायी नियुक्ति की मांग उठाई

संवाददाता, बाजपुर


बाजपुर नगरपालिका में ईओ मनोज दास को ज्ञापन सौंपते कर्मचारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पिछले करीब दो दशक से अस्थाई तौर पर कार्यरत नगरपालिका के 31 कर्मचारियों ने उन्हें स्थाई नियुक्ति देने की मांग की है जिसके चलते कर्मचारियों ने ईओ के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया है।

मंगलवार को उत्तराखंड निकाय कर्मचारी महासंघ एवं स्वच्छकार सफाई कर्मचारी संघ की स्थानीय शाखाओं से जुड़े पालिका कर्मी नगरपालिका कार्यालय पहुंचे और, वहां अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार दास से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। उनका कहना था कि नगरपालिका परिषद बाजपुर में पिछले 20-25 वर्षों से दैनिक वेतन, समान कार्य समान वेतन, संविदा पर कार्यरत लिपिक, लाइनमैन, ड्राइवर, कैशियर, चपरासी, पर्यावरण मित्रों सहित करीब 31 कर्मचारियों को आज तक स्थाई नियुक्ति प्रदान नहीं दी गई है, जबकि कर्मचारी पूरी लगन व ईमानदारी के साथ अपना कार्य करते आ रहे हैं। स्थाई नियुक्ति न मिल पाने के कारण इन कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में कर्मचारियों को स्थाई नियुक्ति प्रदान करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में उत्तराखंड निकाय कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सीताराम तिवारी, स्वच्छकार सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष चंद्रजीत प्रेमी, अखिल भारतीय सक्सेना, संतोष कुमार, फूल सिंह, नन्हे सिंह, नंदकिशोर, कुंदन सिंह, देव सिंह, वनवारी लाल, मोहम्मद यासीन, राजीव, अनिल कुमार, संजय, विशेष कुमार, कृष्ण अवतार, सुरेश कुमार, उमेश कुमार, सुभाष रहे।

# शादी के 17 साल बाद दे दिया तीन तलाक

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** कोतवाली अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में तीन तलाक का मामला प्रकाश में आया है। विवाह के करीब 17 साल बाद आरोपी पति ने पीड़िता को तीन तलाक बोलकर घर से निकाल दिया। घर से निकालने से पूर्व पति सहित आरोपी ससुरालियों ने पीड़िता के साथ मारपीट भी की। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत करते हुए जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में किच्छा कोतवाली अंतर्गत ग्राम दरऊ तथा वर्तमान में मोहल्ला टांडा हुरमतनगर, थाना बिलासपुर, जिला रामपुर (उत्तर प्रदेश) निवासी श्रीमती समीना पुत्री बब्बू ने बताया कि उसका निकाह ग्राम दरऊ निवासी बाबू पुत्र शरीफ के साथ करीब 17 वर्षों पूर्व हुआ था। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही आरोपी पति पीड़िता के साथ दुर्व्यवहार तथा लड़ाई झगड़ा करने लगा और मायके से पैसे लेकर आने का दबाव बनाते हुए पीड़िता के साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता ने बताया कि उसके मायके वाले गरीब हैं। कहा कि अपनी गृहस्थी बचाने के लिए वह उत्पीड़न बर्दाश्त करती रही। पुलिस को दी शिकायत में पीड़िता का आरोप है कि पति बाबू के साथ ही देवर अजीम एवं अहमद उर्फ अन्ना, देवरानी उजमा भी मारपीट करते थे। आरोप है कि बीते 10 जनवरी को पति बाबू, देवर अजीम एवं अहमद उर्फ अन्ना, देवरानी उजमा ने उसके साथ मारपीट की तथा मारपीट करने के बाद पति बाबू ने तीन तलाक बोलते हुए तन्हा कपड़ों में पीड़िता को घर से निकाल दिया। घटना के बाद पीड़िता की सूचना पर पहुंचे भाई के साथ वह मायके चली गई।

**निर्देश** | एसडीएम ने बैठक में अधिकारियों को शत-प्रतिशत बच्चों को खुराक पिलाने को कहा

# एक भी बच्चा पोलियो खुराक से न रहे वंचित

संवाददाता, बाजपुर


बाजपुर में अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक लेते एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी।

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय कार्यक्रम पल्सपोलियो अभियान की सफलता के लिए अभियान में तेजी लाते हुए विकासखंड क्षेत्र में शत-प्रतिशत बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाने के लक्ष्य को हासिल करने के निर्देश एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी ने इस अभियान के जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक लेकर दिए।

मंगलवार को एसडीएम कार्यालय में उपजिलाधिकारी राकेश चंद्र तिवारी ने पल्स पोलियो अभियान से जुड़े स्वास्थ्य, राजस्व, शिक्षा व बाल विकास परियोजना आदि विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ बैठक ली। जिसमें कहा गया कि पल्स पोलियो अभियान राष्ट्रीय कार्यक्रम में इसमें किसी भी तरह की लापरवाही व कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। इस कार्यक्रम से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी ईमानदारी व लगनशीलता के साथ करना है। तभी हम निर्धारित लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। बताया गया कि 3 से 9 मार्च तक चलने वाले इस कार्यक्रम के लिए विकासखंड क्षेत्र में 164 पल्स पोलियो बूथों पर 32 सुपरवाइजर की देखरेख में पोलिंग एजेंट महिला-पुरुष कर्मचारियों को लगाया गया है। इसके अलावा 94 मोबाइल टीमें इनकी निगरानी करेंगी। इसके पश्चात पोटिंग एजेंट घर-घर दस्तक देकर शेष बचे बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी। इस मौके पर तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट, नायब तहसीलदार वीरेंद्र सजवाण, सीएचसी के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. पीके गुप्ता, बाल विकास परियोजना अधिकारी रेनू यादव, शिक्षा विभाग से डॉ. बृजेश कुमार जोशी, पीडी ममगई, राजस्व विभाग से पटवारी दीपक कुमार ,ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक संजीव पाल आदि मौजूद रहे।

# साथियों संग जंगल गया युवक लापता

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** तीन लोगों के साथ पीपली वन क्षेत्र में गया युवक रहस्यमय ढंग से लापता हो गया। उसके साथ गए लोग लौट आए हैं, लेकिन युवक का अभी तक कोई पता नहीं चला है। पिता ने केलाखेड़ा थाने में तहरीर देकर बेटे को तलाशने की गुहार लगाई है।

ग्राम रम्पुराकाजी निवासी फौजा सिंह पुत्र स्व.लक्ष्मण सिंह ने पुलिस को बताया कि 25 फरवरी को दोपहर उनका बेटा सेठ सिंह उर्फ सेठी अपने साले कामरेड का डेरा थाना केलाखेड़ा निवासी कुलवंत उर्फ काका सिंह पुत्र मिन्नदर सिंह, खुशालपुर सकैनिया गदरपुर निवासी बलविंदर सिंह व कंगनपुर ग्राम पंचायत भंगवतनगर थाना स्वार जिला रामपुर (उप्र) निवासी जस्सी के साथ पीपली के जंगल गया था। देर सायं वह घर नहीं लौटा तो फौजा सिंह अपने बेटे के बारे में जानकारी लेने कुलवंत सिंह के घर गए। आरोप है कि बेटे के बारे में पूछताछ करने पर कुलवंत सिंह गुस्से में आ गया और सेठ सिंह के बारे में कुछ नहीं बताया। पिता ने बेटे के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए बेटे को तलाशने की गुहार लगाई है। पुलिस ने युवक की तलाश शुरू कर दी है।


सेठ सिंह।

### परिचित के घर गए युवक को लाठियों से पीटा

**काशीपुर।** अपने परिचित के घर गए एक युवक को वापस लौटते हुए पांच-छह लोगों ने मारपीट कर लहुलुहान कर दिया। घायल को सरकारी अस्पताल में मेडिकल कराकर मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई है। सोमवार शाम मानपुर रोड पर्वतीय कालोनी निवासी आदित्य राजपुरम कालोनी में रहने वाले अपने एक मित्र से मिलने के लिए आया था। वहां से रात करीब सवा आठ बजे वह अपने घर वापस लौट रहा था। इसी बीच सड़क के मोड़ पर पांच-छह लोगों ने उसे घेर लिया। बताया जा रहा है कि आरोपी उससे पुरानी रंजिश रखते हैं। उनके खिलाफ मारपीट के दो केस काशीपुर कोतवाली में दर्ज हैं। इन लोगों ने आदित्य पर लाठी डंडो व धारदार हथियारों से हमला कर उसे गंभीर रुप से घायल कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर आ गए। जिन्होंने घायल आदित्य को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया। मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को दे दी गई है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल


अस्पताल में भर्ती घायल।

**बाजपुर।** मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे ग्राम सिहाली निवासी अमरजीत सिंह (36) पुत्र बूटा सिंह बाइक पर कहीं जा रहा था। बताया जाता है कि इसी बीच ग्राम बेरिया दौलत मुख्यमार्ग पर ग्राम शिवपुरी के समीप तेज रफ्तार कार ने उसे चपेट में ले लिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी चालक वाहन समेत फरार हो गया। आसपास के ग्रामीणों व राहगीरों ने उसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

# ऊधमसिंह नगर में पहले दिन इंटर के 570 विद्यार्थी रहे अनुपस्थित

## उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाएं शुरू, इंटर में पंजीकृत 15667 विद्यार्थियों में से 15097 ने दी परीक्षा, सुबह 10 से दिन में 1 बजे तक हुई परीक्षा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की ओर से आयोजित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं शुरू हो गयी है। पहले दिन इंटरमीडिएट की हिन्दी विषय की परीक्षा आयोजित हुई। परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। जिले में 15097 विद्यार्थी सम्मिलित हुए, जबकि 570 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

जिले में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के कुल 36849 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। इनमें हाईस्कूल परीक्षा में कुल 21182 विद्यार्थी और इंटरमीडिएट परीक्षा में 15667 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। इसके लिए 100 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें 92 मिश्रित परीक्षा केंद्र व 8 एकल परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। जबकि जनपद में 12 परीक्षा केंद्र संवेदनशील हैं। मंगलवार को पहले दिन इंटरमीडिएट हिंदी की परीक्षा आयोजित हुई। परीक्षा सुबह 10 बजे से एक बजे तक आयोजित हुई। परीक्षा से पूर्व विद्यार्थियों की चेकिंग भी की गयी। ताकि परीक्षा नकल विहीन और पारदर्शिता के साथ हो। सीईओ केएस रावत ने बताया कि जनपद में परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि काशीपुर के जीआईसी, तुलाराम राजाराम, जीजीआईसी सहित करीब छह स्कूलों का निरीक्षण किया गया। यहां सभी व्यवस्थाएं सही मिली। उन्होंने बताया कि बुधवार को हाईस्कूल की हिंदी विषय की परीक्षा होगी।


रुद्रपुर जनता इंटर कॉलेज में परीक्षा देकर बाहर निकलते विद्यार्थी। ● अमृत विचार


जीआईसी शांतिपुरी में उत्तराखण्ड बोर्ड परीक्षा का पहला प्रश्न पत्र देने के बाद गेट से बाहर निकलते परीक्षार्थी।

### 13 परीक्षा केंद्रों में हुई इंटरमीडिएट की हिंदी परीक्षा

**काशीपुर :** उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा के पहले दिन 13 परीक्षा केंद्रों में इंटरमीडिएट हिंदी की परीक्षा हुई। पंजीकृत 2367 परीक्षार्थियों में 39 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। हिंदी की परीक्षा का पेपर देख छात्रों के चेहरे खिल उठे। छात्रों ने पेपर को काफी आसान बताया और कहा कि उन्होंने शत प्रतिशत प्रश्न पत्र हल किये हैं। पेपर में सभी प्रश्न पढ़े हुए आये। ब्लॉक क्षेत्र में हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा के लिये 15 और इंटरमीडिएट के लिये 13 परीक्षा केंद्र बनाए गये हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर धारा 144 लागू की गई है। मंगलवार को परीक्षा केंद्रों में इंटरमीडिएट हिंदी का पेपर हुआ। परीक्षा देने के बाद बाहर निकले छात्रों के चेहरे खिले दिखे और अधिकांश छात्रों ने पेपर को आसान बताया। वहीं बीईओ आरएस नेगी ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।


पेपर में मजा आ गया। सभी प्रश्नों को हल किया गया है। सभी कुछ पढ़ा हुआ आया। अच्छे अंक आने की उम्मीद है। –**रोहित पाल**


पूरी तैयारी के साथ पेपर देने आये थे। पेपर भी बहुत अच्छा गया है। शत प्रतिशत प्रश्न हल किये गये हैं। काफी उम्मीदें हैं। –**आरिस**


पेपर काफी आसान था। अधिकांश पेपर पढ़ा हुआ आया। अच्छे अंक आने की उम्मीद है। –**सुखविंदर सिंह**


पेपर बहुत बढ़िया गया है। उम्मीद से अधिक अच्छा पेपर आया है। पेपर की पूरी तैयारी की थी। –**जीवनजोत सिंह**

### परीक्षा केन्द्र से खुश होकर बाहर आए बोर्ड विद्यार्थी

**शांतिपुरी :** शांतिपुरी राजकीय इंटर कॉलेज में मंगलवार को उत्तराखण्ड इण्टरमीडिएट बोर्ड के 89 परीक्षार्थियों परीक्षा दी जबकि एक छात्र अनुपस्थित रहा। दोपहर एक बजे अपनी बोर्ड परीक्षा का पहला पेपर पूरा होने के बाद कॉलेज गेट से बाहर निकलते छात्र-छात्राओं के चेहरों पर मुस्कान थी। पूछने पर उन्होंने बताया कि पेपर ज्यादा कठिन नहीं था और अच्छा गया। प्रधानाचार्य नरबहादुर चंद ने बताया कि परीक्षाओं को पारदर्शी एवं नकल विहीन बनाने के लिए केन्द्र व्यवस्था में लगे शिक्षकों सख्त दिशानिर्देश दिए हैं। बावजूद इसके अगर कोई नकल को लेकर संदिग्ध पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र पर बिजली, पानी, सोंचालय आदि सभी जरूरी व्यवस्थाएं पूरी की गयी हैं। परीक्षा प्रभारी डॉ. बीसी भट्ट ने बताया कि परीक्षा केन्द्र पर 90 छात्र- छात्राएं इण्टरमीडिएट व 170 छात्र छात्राएं हाईस्कूल को मिला कर कुल 260 विद्याार्थियों को उत्तराखण्ड बोर्ड परीक्षा देनी थी। इनमें से इण्टरमीडिएट हिन्दी प्रश्न पत्र में एक छात्र अनुपस्थित रहा।

## देशबंधु कॉलेज के 31 छात्र- छात्राओं ने नहीं दी परीक्षा

**गदरपुर।** इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा के पहले दिन 31 छात्र-छात्राएं अनुपस्थित रहे। बोर्ड परीक्षा के दौरान नकल को रोकने के लिए चाक चौबंद सुरक्षा की गई थी। परीक्षा शांतपूर्वक संपन्न हुई

मंगलवार को इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा हिंदी पेपर के साथ शुरू हुई। देशबंधु इंटर कॉलेज पिपलिया नंबर 1 केंद्र व्यवस्थापक सपना विश्वास ने बताया कि कल परीक्षार्थी 521 थे।

जिनमें से 490 छात्र-छात्राएं परीक्षा देने पहुंचे। उन्होंने बताया कि 31 छात्र- छात्राएं परीक्षा देने नहीं पहुंचे। उन्होंने बताया कि नकल को रोकने के लिए परीक्षा केंद्र पर कड़े इंतजाम किए गए थे। इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा हिंदी पेपर के समाप्त होने के बाद जब छात्रों से बात की गई तो छात्र आकाश ने बताया कि बहुत ही अच्छा पेपर हुआ है।

छात्रा खुशी ने बताया कि पेपर कुछ कठिन था लेकिन सभी सवाल उसने अच्छी तरह किये। इस मौके पर प्रीति मंडल, दिया, अनामिका, संगीता घोष, संगीता ढाली, रोशनी नेगी, रिया अरोरा, ज्योति, सिमरन, संजना, राधिका, रिया, पायल शामिल थी।


काशीपुर में पोस्टर प्रतियोगिता के प्रतिभागियों के साथ अतिथि। ● अमृत विचार

## पोस्टर में निशांत अव्वल

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** चन्द्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. कीर्ति पंत के निर्देशन एवं कैम्पस एम्बैस्डर डॉ. रंजना के संयोजन में मतदान जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत मतदाता देश का गर्व विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की 18 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें निशांत (बीएड) प्रथम, लाएबा (बीएड) द्वितीय और साक्षी तिवारी (बीए) तृतीय स्थान पर रही।

प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका एसो. प्रोफेसर डॉ. वंदना सिंह एवं शालिनी सिंह ने निभायी। वहां पर असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अंजलि गोस्वामी, डॉ. गीता मेहरा, डॉ. मंगला, डॉ. पुष्पा धामा, डॉ. ज्योति गोयल, डॉ. ज्योति रावत आदि मौजूद रहे।

## ऊर्जा विभाग ने 5.25 लाख राजस्व वसूला

**खटीमा।** ऊर्जा विभाग ने बिजली बिलों के बकायादारों से पांच लाख 25 हजार रुपए वसूले और बिल जमा न करने वाले 30 बकायदारों के कनेक्शन काटे। वहीं 200 बड़े बकाएदारों को नोटिस जारी किए गए थे जिनके कनेक्शन काटे जाने की प्रक्रिया चल रही है। उपखंड अधिकारी अंबिका यादव के निर्देशन में ग्राम मझोला और बग्गा में एक दिवसीय विद्युत कैंप लगा कर बिजली बिल के बड़े बकायेदारों से पांच लाख पच्चीस हजार रुपए वसूले गए। उपखंड अधिकारी यादव ने बिजली उपभोक्ताओं से असुविधा से बचने के लिए बकाया बिल जल्द से जल्द जमा करने की अपील की। इस दौरान शिविर में अवर अभियंता विनोद जोशी, लाइनमैन जोसेफ गिल, दीपक रावत, गुलाब सिंह, मनोज राणा, ननकू आदि रहे।

## किसान कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

- **एमएसपी सहित सात सूत्रीय मांगे उठायी**
- **प्रशासन के माध्यम से भेजा राष्ट्रपति को ज्ञापन**

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** एमएसपी सहित सात सूत्रीय मांगों को लेकर उत्तराखंड किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों ने डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। उन्होंने आगाह किया कि यदि केंद्र सरकार ने किसानों की मांगों को पूरा नहीं किया तो कांग्रेस आंदोलन करेगी।

मंगलवार को उत्तराखंड किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हरमिंदर सिंह ढिल्लो सहित कांग्रेस डीएम कार्यालय पहुंचे और प्रदर्शन कर रोष जताया। उनका कहना था कि एमएसपी सहित सात सूत्रीय मांगों को लेकर किसान लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगों को रख रहे हैं। बावजूद केंद्र सरकार के इशारे पर पुलिस किसानों पर गोलियां चला रही है। उन्होंने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन में एमएसपी को लागू करने, किसानों का कर्जा माफ करने, लागू होने वाली नई बिजली नीति को रद्द करने, यूपी की तर्ज पर उत्तराखंड में भी पानी मोटर का बिल माफ करने की मांग की। इसके अलावा लखीमपुर खीरी कांड के दोषियों पर कठोर कार्रवाई करने, 2013 में भूमि अधिकरण एक्ट को लागू करने और बाजपुर के 20 गांव की भूमि का मुद्दा शीघ्र सुलझाने की मांग की। यहां महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा, हर्ष संधू, जिलाध्यक्ष सोनू कंग, गुरमेल सिंह, दीपक सिंह, बलराज कुमार, गुरबख्श सिंह, सुनील आर्य रहे।


एसडीएम को ज्ञापन देते किसान कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### नगर पालिका द्वारा शुल्क बढ़ाने से व्यापारी खफा

**काशीपुर :** महुआ खेड़ा गंज नगर पालिका परिषद में व्यापारियों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें व्यापारियों के बीच पहुंचे पूर्व राज्य मंत्री राजेश कुमार को व्यापारियों ने अपनी समस्याओं का ज्ञापन दिया। व्यापारियों ने बताया कि नगर पालिका द्वारा पहले 50 रुपये कूड़े के एवं 100 रुपये दुकान के लिए जा रहे थे। जिसको बढ़ाकर कूड़ा एवं दुकान के लिए 200 रुपये कर दिया गया है। जिस पर भाजपा नेता राजेश कुमार ने तत्काल काशीपुर उप जिला अधिकारी अभय प्रताप सिंह से फोन पर वार्ता की और शुल्क न बढ़ाने का अनुरोध किया। इस दौरान अधिशासी अभियंता सतीश कुमार, पूर्व मंत्री हाफिजुर्र रहमान, आनंद प्रकाश, चंद्रजीत भगत, हबीबुर्रहमान बबलू, अमरपाल, अरुण, यशवीर सिंह, परवेज आलम, सलीम अंसारी, मो. दानिश, कामरान, सलमान, फुरकान, नदीम अहमद, पंकज सैनी आदि लोग मौजूद थे।


महुआखेड़ा गंज में व्यापारियों को संबोधित करते भाजपा नेता राजेश कुमार।

## आशा वर्कर्स की मांगों के लिए गठित होगी कमेटी: धन सिंह

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** उत्तराखण्ड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष कमला कुंजवाल व प्रदेश उपाध्यक्ष रीता कश्यप ने मंगलवार को देहरादून में स्वास्थ्य मंत्री को मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। उन्होंने समस्याओं के समाधान की मांग की।

इस दौरान वार्ता में प्रतिनिधिमंडल को स्वास्थ्य मंत्री ने आश्वस्त किया कि शीघ्र ही उनकी मासिक वेतन, कर्मचारी का दर्जा देने, रिटायरमेंट के समय आशाओं को दो लाख रुपए का पैकेज देने और मासिक प्रोत्साहन राशि को मासिक मानदेय में बदलने आदि मांगों के समाधान के लिए राज्य स्तरीय कमेटी का गठन किया जायेगा और इन मांगों पर विचार विमर्श कर समाधान की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस कमेटी में उत्तराखण्ड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जायेगा। इसके अतिरिक्त मासिक प्रोत्साहन राशि में कई कई महीने के विलंब पर रोक लगाने और हर माह नियमित रूप से राशि देने की मांग पर सहमति व्यक्त करते हुए इसे पूरा करने का वादा किया। यह जानकारी स्वास्थ्य मंत्री से देहरादून में वार्ता करने वाले प्रतिनिनिधिमंडल में शामिल रहीं यूनियन की प्रदेश उपाध्यक्ष रीता कश्यप ने दी है। प्रतिनिधिमंडल में रीता कश्यप, सरस्वती पुनेठा शामिल रहीं।


स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत से वार्ता करते आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारी।

## प्रशांत पंडित बने जिला सलाहकार समिति के सदस्य

**काशीपुर।** केंद्रीय युवा मामलों और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने सामाजिक सेवा, युवा कार्य, शिक्षा, सांस्कृतिक के क्षेत्र से प्रतिष्ठित व्यक्तित्व के तहत नेहरू युवा केंद्र संगठन से संदर्भित युवा कार्यक्रम के तहत काशीपुर निवासी प्रशांत पंडित को जिला सलाहकार समिति का सदस्य नामित किया है।



नेहरू युवा केंद्र संगठन के महानिदेशक नितेश कुमार मिश्रा ने इस आशय का पत्र प्रशांत पंडित को प्रेषित किया है। प्रशांत पंडित के जिला सलाहकार समिति का सदस्य नामित होने पर क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई दी है।

## आंगनबाड़ी वर्कर्स का धरना जारी


रुद्रपुर गांधी पार्क में धरना देतीं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

- **कहा-मांग पूरी नहीं होने तक कार्य बहिष्कार रहेगा जारी**

**अमृत विचार :** चार सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले आठ दिन से गांधी पार्क में चल रहा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का धरना जारी है।

इस दौरान जिलाध्यक्ष मनप्रीत कौर ने ऐलान किया कि जब तक मांगे पूरी नहीं होती तब तक कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। मंगलवार को धरने के दौरान यूनियन की जिलाध्यक्ष मनप्रीत कौर ने कहा कि पिछले लंबे समय से अपनी जायज मांगों को लेकर संगठन मुद्दा उठाता आ रहा है। उन्होंने कहा कि वे पिछले लम्बे समय से न्यूनतम मजदूरी 18000 रुपये प्रतिमाह करने, सेवानिवृत्ति होने पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री को दो लाख रुपये देने, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को गोल्डन कार्ड देने और मिनी आंगनबाड़ी उच्चीकरण का जल्द शासनादेश जारी करने की मांग कर रहे हैं। लेकिन उनकी जायज मांगों की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री रंजीता अरोरा, जिला महामंत्री रंजीता अरोरा, सुमन चतुर्वेदी, संध्या सक्सेना, नीलम, राखी, रेखा, पार्वती, शकुंतला देवी, रचना देवी, शिवानी, उर्मिला मिश्रा, आरती, शर्मिला, आशा, बबली, सीमा, कंचन आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेस के पूर्व सभासद भाजपा में शामिल

**गदरपुर।** मंगलवार को देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस नेता व दो बार सभासद रहे मनोज गुंबर को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम भी मौजूद रहे। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले पूर्व कांग्रेस सभासद मनोज गुंबर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में निर्वाचित पदों पर रहते हुए निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में सेवा की। लेकिन कुछ समय से पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा सनातन धर्म एवं राष्ट्रवाद के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी करने के कारण उन्होंने कांग्रेस और उसके सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, सुरेश खुराना, परमजीत पम्मा, सुखदेव ढींगरा आदि रहे।

**सख्ती** | बिजली विभाग के अधिकारियों और विजिलेंस टीम ने चलाया बिल वसूली के लिए अभियान

## टीम ने 30 बिजली बिल बकायेदारों के कनेक्शन काटे

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** विद्युत वितरण उपखंड कार्यालय के अधिकारियों एवं विजिलेंस टीम ने बड़े बिजली बिल बकायेदारों के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है। विभागीय अधिकारियों ने संयुक्त रूप से की गई कार्यवाही के दौरान 30 बकायेदारों के बिजली कनेक्शन काट दिए। इस दौरान टीम ने करीब 5 लाख रुपए की बकाया बिल की वसूली भी की।

नगर स्थित विद्युत वितरण उपखंड कार्यालय के उपखंड अधिकारी डीसी गुरुरानी, विजिलेंस टीम के उप निरीक्षक शरद चौधरी, सहायक अभियंता विवेक उपाध्याय व आर्य सहित अवर अभियंता ओम कुमार, विद्या बिष्ट, विद्युत विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से बड़े बिल बकायेदारों के खिलाफ नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान चलाया गया। बकायेदारों की सूची के साथ विभागीय टीम ने नगर के आवास विकास, बंडिया, चीनी मिल कॉलोनी, बरेली रोड सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बकायेदारों के निवास एवं प्रतिष्ठान पर पहुंचकर कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान विजिलेंस की टीम ने 11 विद्युत कनेक्शन काट दिए। जबकि उपखंड कार्यालय की टीम ने कई वर्षों से बिल जमा न करने वाले 19 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटकर कार्रवाई शुरू कर दी। इससे बकायेदारों में हड़कंप मच गया है। टीम के पहुंचने के बाद आधा दर्जन बकायेदारों ने करीब 5 लाख रुपए की धनराशि जमा कर बिजली कनेक्शन कटने से बचा लिया। विद्युत वितरण उपखंड अधिकारी डीसी गुरुरानी ने बताया कि नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विजिलेंस व विद्युत विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से बिल वसूली के साथ ही विद्युत कनेक्शन काटने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि अभियान जारी रहेगा और विद्युत चोरी करने वाले लोगों के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की जाएगी। मौके पर लाइनमैन आरिफ अहमद, लाइनमैन हाफिज अहमद, रविंद्र सिंह सहित तमाम विद्युत कर्मचारी भी मौजूद रहे।



किच्छा में कार्रवाई के दौरान विजिलेंस एवं बिजली विभाग की टीम। ● अमृत विचार

## मुफ्त होगा पशुओं का टीकाकरण

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत खुरपका, मुंहपका रोग टीकाकरण अभियान एवं गोवंशीय पशुओं में टीकाकरण अभियान का मुख्य अतिथि दुग्ध संघ की जिलाध्यक्ष प्रभा रावत और ब्लॉक प्रमुख ममता जल्होत्रा ने वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस दौरान बिंदूखेड़ा की पांच स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने प्रतिभाग किया। मंगलवार को ब्लॉक रोड स्थित राष्ट्रीय पशु रोग कार्यालय में कार्यक्रम के दौरान में मुख्य अतिथि दुग्ध संघ की जिलाध्यक्ष ने कहा कि खुरपका, मुंहपका रोग से बचाव के एफएमडी टीकाकरण निशुल्क कराया जाएगा। इस दौरान सभी गाय और भैंस जिनकी उम्र चार माह से अधिक है उनका टीकाकरण किया जाएगा। इसके बाद सभी पशुओं के कान में टैग लगाकर पंजीकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी जानकारी ऑनलाइन पोर्टल में अपलोड की जाएगी। इस अवसर पर आत्मा ब्लॉक अध्यक्ष रविकांत वर्मा, अपर निदेशक पशुपालन विभाग कुमाऊं मंडल डॉ.एसबी पांडेय, संयुक्त निदेशक निदान प्रयोगशाला डॉ.सपना मिश्रा, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ.केके जोशी, वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉ.राजीव सिंह, किच्छा पशु चिकित्साधिकारी डॉ.मग्रेश चौधरी, डॉ.हिमांशु पाठक, डॉ. मृगाक्षी यादव रहे।


टीकाकरण वाहन को हरी झंडी दिखाते मुख्य अतिथि व अन्य।

न ह्रश्यत्यात्मसम्माने नावमानेन तप्यते।
गंगो ह्रद इवाक्षोभ्यो य: स पंडित उच्यते।।

जो अपना आदर-सम्मान होने पर खुशी से फूल नहीं उठता और अनादर होने पर क्रोधित नहीं होता तथा गंगाजी के कुंड के समान जिसका मन अशांत नहीं होता, वह ज्ञानी कहलाता है।

संपादकीय

# निष्प्रभावी यूएनएससी

यूक्रेन की स्थिति को लेकर भारत लगातार चिंतित है। भारत ने महत्वपूर्ण सवाल उठाया है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद दो साल से जारी रूस-यूक्रेन संघर्ष को सुलझाने में पूर्णतया: निष्प्रभावी क्यों रही? जबकि सुरक्षा परिषद पर अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने का जिम्मा है। शनिवार को संयुक्त राष्ट्र में भारत के प्रतिनिधि ने कहा कि शत्रुता और हिंसा का बढ़ना किसी के हित में नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सितंबर 2022 में समरकंद में शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के मौके पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ मुलाकात के दौरान कहा था कि युद्ध का युग नहीं है। भारत की ओर से हमेशा कहा गया है कि कोई भी समाधान मानव जीवन की कीमत पर कभी नहीं निकल सकता। इसलिए शत्रुता को शीघ्र समाप्त करने और बातचीत एवं कूटनीति के रास्ते पर तत्काल वापसी के लिए सभी प्रयास किए जाने चाहिए। वास्तव में यूक्रेन संघर्ष के प्रति भारत का दृष्टिकोण जन-केंद्रित रहेगा। जरूरी है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को विकास संबंधी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए साझा उद्देश्यों और इन उद्देश्यों को हासिल करने के लिए आवश्यक साझेदारी एवं सहयोग पर ध्यान केंद्रित रखना चाहिए।

युद्ध मानवता के लिए अभिशाप बनता जा रहा है। भारत ने इस बात पर खेद जताया कि युद्ध के कारण भोजन, ईंधन और उर्वरकों की कीमत बढ़ रही है,व्यापक पैमाने पर दुनिया प्रभावित हो रही है और खासकर 'ग्लोबल साउथ' के देशों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। मतभेदों एवं विवादों का एकमात्र समाधान वार्ता ही है,भले ही इस समय यह काम कितना भी दुष्कर क्यों न लगे। शांति के मार्ग के लिए हमें कूटनीति के सभी माध्यम खुले रखने होंगे। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र प्रणाली में सुधार को लेकर इसके स्थायी सदस्यों में बीते काफी समय से उत्साह की कमी देखी गई, लेकिन वे सभी इस बात पर सहमत हुए हैं कि सुरक्षा परिषद में बदलाव लाना आवश्यक है। परिषद में स्थायी सदस्य अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस, चीन और अन्य देशों के बीच शक्ति असंतुलन को तत्काल दूर करने की आवश्यकता है ताकि परिषद को अधिक लोकतांत्रिक बनाया जा सके और अंतर्राष्ट्रीय शांति, सुरक्षा एवं व्यवस्था को नियंत्रित करने में इसकी वैधता बढ़ाई जा सके। वर्तमान गैर-स्थायी सदस्य के रूप में भारत सुरक्षा परिषद में सुधार के प्रस्तावों के व्यापक सेट वाले एक संकल्प का मसौदा तैयार कर सकता है। सुरक्षा परिषद बहुपक्षवाद को प्रभावी बनाने के लिए पुरानी एवं पुरातन संरचनाओं में सुधार और उनके पुनर्निर्माण की आवश्यकता है,अन्यथा उनकी विश्वसनीयता हमेशा कम होती रहेगी। इसीलिए इसके विस्तार की जरूरत है।

# कहानियों से प्रेरणा और कैरियर चुनने का ताना-बाना



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

कौन बच्चा विकसित होकर अपने लिए कैसा काम और कैरियर चुनता है यह 'प्रिडिक्टिव' नहीं होता। जरूरी नहीं आईएएस का बेटा आईएएस ही बने और किसान का किसान ही। उम्र के बढ़ने के साथ जब सेंसेस काम करना शुरू करती है तब हर एक मनुष्य अपने लिए एक अलग तरह ही अल्गोरिथम्स की रचना करता है।

'प्रेरणा' एक बहुत ही जटिल घटना है जिसके बारे में न्यूरोबायोलॉजिस्ट द्वारा कई स्तरों पर जांच की गई है और उनके विचार और सिद्धांत प्रकाशित रूप में उपलब्ध हैं। 'प्रेरणा' की जांच करने के लिए दार्शनिक डोमेन में तल्लीन होकर इसे 'अनुभूति' और 'सीखने' के साथ सह-संबंधित करने और फिर प्रेरणादायक कहानियों को पढ़ने या सुनकर व्यवहार को संशोधित करने के अलावा, इसे और अधिक गहराई से जानने के लिए तैयार किए गए प्रश्न अभी भी अनुत्तरित हैं। मनुष्य व्यवहार के संकेतों का क्या 'नुमेरिकल वैल्यूज' देकर और एक ज्ञात स्टेटिस्टिकल मॉडल के आधार पर इनका विश्लेषण करके हम वास्तव में कुछ जान पाएंगे। मेरे हिसाब से इस मामले में मचीन लैंग्वेज विकसित करने वाले जैसे ही आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस पर जो लोग काम कर चुके हैं, वे ही अधिक स्पष्टता से टिप्पणी कर पाएंगे।

क्या एक वैज्ञानिक की कहानी पढ़कर इसे पढ़ने वाले बच्चे वैज्ञानिक बनते हैं? मेरा ख्याल है एक कहानी, जिसमें संक्षिप्त में एक व्यक्तित्व या घटना का जिक्र होता है, दस बच्चे पढ़ेंगे तो दसों ही अलग तरह से मोटिवेट होंगे। इनमें से एक टीचर बनेगा और दूसरा स्पेस साइंटिस्ट। ऐसा क्यों? जरूरत यह जानने की है कि कहानी पढ़ने से इन बच्चों के मन-मस्तिष्क में किस तरह का परिवेश जन्म लेता है और यह किस फॉर्म में विकसित होता रहा, आकार लेता रहा और इनके लिए आगे के जीवन में परिस्थितयां कैसे रूपाकार लेती रहीं, बनती-बिगड़ती रहीं। परिवेशी फैक्टर्स और मोटिवेशनल वैल्यूज में -जो कहानी पढ़ने के बाद पैदा हुई, किस तरह का सामंजस्य पैदा होता है, यह न्यूरो-बायोलॉजिकल मेथड्स से भी ठीक से मालूम नहीं पड़ता।

मोटिवेशनल सिग्नल्स के पैटर्न्स को इन्टरप्रेट करना ही एक चुनौती है। मान लीजिए इस समस्या को हम 'चैट-जीपीटी' को सौंप देते हैं जो कि एक आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस टूल है। यह टूल नहीं बता सकता कि एक कहानी पढ़ने के बाद बच्चा और व्यस्क किस तरह से प्रभावित होकर क्या करेगा। 'बिहेवियर प्रीडिक्शन' एक मुश्किल काम है। इंदौर के संजय वर्मा ने 'क्या कहानियां प्रेरणा देती हैं' (अमृत विचार-24 फरवरी 2024) के माध्यम से जो कहना चाहा है उसे निष्कर्ष तो मान ही नहीं सकते,बल्कि एक इंडिकेटर जरूर है अर्थात बड़े पैमाने पर एक्जामिन करने के लिए समस्या की ओर यह एक इशारा मात्र है। निर्भर करता है कि ऐसे किसी एक या इससे समस्या के वैज्ञानिक अध्ययन की डिजाइनिंग कितनी कुशलता से की गई है जिससे बिहेवियरल निष्कर्ष निकाला जा सके जोकि सोशयली रिलेवेंट हो। अफसोस है कि भारत के सोश्यो-साइकोलोजिस्ट इस तरह के एक्सपेरिमेंट सेट-अप नहीं करते और न ही देश के न्यूरो-बायोलॉजिस्ट से इस मामले में प्रयोग करने के लिए कोआर्डिनेट करते हैं। यह मामला बेसिक साइंसेज में रिसर्च का है जिसे डिस्करेज किया जाता है। बेसिक रिसर्च के बिना 'कौशल' विकास भी असंभव होता है। इस बारे में उपलब्ध शोध-साहित्य से भी कोई निश्चित निष्कर्ष प्राप्त नहीं किए सकते। मेरा खुद का मानना है कि ऐसे प्रश्नों का उत्तर ढूंढने के लिए जो साइंटिफिक रूट हम अपनाना चाहते हैं वह शायद इस काम के लिए अभी उतना विकसित नहीं हुआ है जितना कि सोशल टूल्स या खुद वह मनुष्य जो यह बताए कि फलानी कहानी पढ़ने से उसे यह प्रेरणा मिली और वह वैसा ही करने या बनने के लिए खुद को तैयार करता रहा और किया या बना। मुझे नहीं लगता कि ऐसा कोई उदाहरण हमें दुनिया में मिल सकता है। यह मामला थ्योरेटिकल से आगे प्रैक्टिकल तक या व्यवहार तक पहुंचाने जाने और नतीजे रिपीट होने, देखने में अभी और वक्त लग सकता है। इसीलिए दुनिया में 'डाइवर्सिटी' का बोलबाला है। अपने भीतर अगर हम खुद झांक कर देखें तो पाएंगे कि प्रेरणा के स्रोत तो मौजूद रहे लेकिन पंचतंत्र जैसा कथा साहित्य पढ़कर किसी को पत्रकार या वैज्ञानिक बनने की प्रेरणा मिली हो, ऐसा मैं नहीं मानता। यह सब परोक्ष प्रभाव से होता है और कहानियों से हम एक वैल्यू-सिस्टम से अवगत हो सकते हैं, कैरियर डेवलपमेंट के लिए नहीं। एनालिस्ट तो यह कहते हैं कि फोकलोर की कहानियों में कोई 'मोरल' कभी नहीं दिया जाता, सिर्फ घटना का जिक्र होता है। वैल्यूज ओर मोरल श्रोता को खुद निकालना होता है।

> क्या एक वैज्ञानिक की कहानी पढ़कर इसे पढ़ने वाले बच्चे वैज्ञानिक बनते हैं? मेरा ख्याल है एक कहानी जिसमें संक्षिप्त में एक व्यक्तित्व या घटना का जिक्र होता है, दस बच्चे पढ़ेंगे तो दसों ही अलग तरह से मोटिवेट होंगे। इनमें से एक टीचर बनेगा और दूसरा स्पेस साइंटिस्ट। ऐसा क्यों? जरूरत यह जानने की है कि कहानी पढ़ने से इन बच्चों के मन-मस्तिष्क में किस तरह का परिवेश जन्म लेता है और यह किस फॉर्म में विकसित होता रहा, आकार लेता रहा और इनके लिए आगे के जीवन में परिस्थितयां कैसे रूपाकार लेती रहीं, बनती-बिगड़ती रहीं।

कहानियां पढने वाले बच्चों और युवाओं में कहानियों से प्रेरणा लेकर किस तरह का 'ब्रेन-मॉडयूल' विकसित होता है, यह जानना एक कौतुक से कम नहीं। इस बारे में भी शोध हुआ है। इसके अलावा 'ह्यूमन-मोटिवेशन' की एक एव्ल्युश्नरी थ्योरी पर भी काम हुआ है जिसका जिक्र सन 2006 में प्रकाशित 'जेनेटिक, सोशल एंड जनरल साइकोलॉजी' नाम से एक मोनोग्राफ में हुआ है। अकसर पेरेंट्स ही बच्चों को कहानियों की किताबें या बाल-उपन्यास लाकर देते हैं। मुझे नहीं लगता कि किसी भी माता-पिता को पेरेंटिंग के एव्ल्युशन पर किताब पढ़ने की जरूरत महसूस होती है। कुछ तो यह 'नेचुरल' है और बाकी की अपनने परिवेश से मिले 'स्टिमुलाई' पर निर्भर करती है।

कहानी से प्रेरणा लेकर एक किशोर या युवा अगर यह चाहे कि मैं यह बनूंगा, वैसा बनूंगा और उसे वही परिवेश नहीं मिलता जिसमें उसके 'प्रेरणा स्रोत' व्यक्ति का विकास हुआ था और यह बच्चा या किशोर अगर प्रयास करता रहे और वैसा नहीं बने तो उसे निराशा घेर लेगी। निराशा एक रोग है। अनेक पेरेंट्स और खुद युवा भी अपने लिए एक रास्ता कर लेते हैं लेकिन उसके अंतिम छोर, अर्थात लक्ष्य, को नहीं छू पाते और रास्ता नहीं बदलते तो इसके दुष्परिणाम सामने आते हैं। वे कुछ और बन कर अर्थात जीवन के लिए दूसरा कार्य निर्धारित हो जाने के बाद यह टीस लेकर जीते हैं जो चाहते थे वह तो नहीं बन पाए लेकिन अब यही कर लेते हैं जो सामने है। तब इसका उनके व्यक्तित्व और फॅमिली पर क्या असर पड़ता होगा? मेरे जानकारों में एक पेरेंट्स कॉलेज टीचर्स हैं। उनकी बड़ी बेटी ने एमएससी (फिजिक्स) में करने के बाद आईएएस बनने का इरादा किया। तीन साल से परीक्षा दे रही है, लेकिन प्रीलिमिनरी ही क्लियर नहीं कर पा रही। शादी के लायक हो गई है। इतने समय में, इतने ही परिश्रम से पीएचडी कर लेती। दूसरी जगह कहीं कोशिश भी नहीं की है। जिद बांध रखी है कि आईएएस ही करूंगी। मैं ऐसे बहुत से उदाहरण जानता हूं जिन्होंनें आईएएस के लिए कोशिश एकाधिक बार की लेकिन शीघ्र ही संभल गए। आईएएस के लिए की गई तैयारी के आधार पर पर वे कहीं और कामयाब हुए और उसे एक कैरियर के तौर से लेकर खुशी-खुशी रिटायर भी हो गए हैं। मानता हूं कि एक खास काम के लिए खास लेवल तक पहुंचने के लिए समझ का उत्तरोत्तर विकास होता है, लेकिन जब तक समझ बढ़ती है तब तक अवसर निकल चुके होते हैं।

कौन बच्चा विकसित होकर अपने लिए कैसा काम और कैरियर चुनता है यह 'प्रिडिक्टिव' नहीं होता। जरूरी नहीं आईएएस का बेटा आईएएस ही बने और किसान का किसान ही। उम्र के बढ़ने के साथ जब संसेस काम करना शुरू करती है तब हरेक मनुष्य अपने लिए एक अलग तरह ही अल्गोरिथम्स की रचना करता है। इनका फंक्शन शायद इनवोलंटरी अधिक होता है। खुद की कमांड से ये कितना काम करेंगी, मुझे मालूम नहीं। यह तो प्रत्येक मनुष्य अपने भीतर झांक कर देख सकता है। विविधता का आलम इतना विशाल और जटिल प्रतीत होता है कि कहानियों से प्राप्त प्रेरणा की पृष्ठभूमि कहीं दूर गहराई में विलीन होने का अहसास बना रहता है।

प्रसंगवश

# जीवन में मिथक का सत्य

मिथक राष्ट्रीयता की शक्ति है। राष्ट्र की शक्ति है। सामूहिक मानस की शक्ति है। अवचेतन मन की ऊर्जा है। जिस के पास मिथकीयता नहीं,वह मानसिक रूप से विकलांग है। उसके पास अभिव्यक्ति की वह शक्ति कदापि नहीं हो सकती कि वह लोकमानस को संबोधित कर सके। मिथक भले ही इतिहास का सच नहीं होता,किंतु लोगों की जिंदगी में उसकी जो भूमिका होती है,वह इतिहास के सच से भी अधिक प्रभावशाली होती है। मिथक लोकचेतना का सच होता है। लोकजीवन मिथकों के साथ जीता है। मिथकों की भाषा में सोचता है, मिथकीय भाषा में अपने को अभिव्यक्त करता है, मिथक को लोकजीवन से विच्छिन्न करके नहीं सोचा जा सकता। मिथक वाचिक परंपरा है। पुराण लिखित परंपरा है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

मिथक-कथाओं की युगानुकूल व्याख्या जरूरी है अन्यथा जिहाद भी मिथक ही तो है। इस विषय पर एक जर्मन लोकवार्ता-शास्त्री कई साल से रिसर्च कर रहे हैं। मिथक समष्टिचेतना का अंश होते हैं,उनकी सत्ता विद्यमान है,किसी महापुरुष के आंख बंद कर लेने से उसकी उपस्थिति में अंतर नहीं आता। यह ऊर्जा है,चिंगारी से दीपक भी जलाया जा सकता है और झोंपड़ी भी। विश्व के लोकवार्ता शास्त्री आज मिथकों के अध्ययन की ओर प्रवृत्त हुए हैं, लिन्क्ड-इन पर जाकर आप माइथोलॉजी-ग्रुप का डिस्कशन देखें, अरबी, इस्लामिक, रोमन, ग्रीक, मेसोपोटामिया, जापानी-चीनी मिथक शास्त्र पर विमर्श चल रहा है। एमीलियोवैली, लौरी होंको आदि ने मानवीकरण, प्रतीकवाद आनुष्ठानिक सिद्धांतों का प्रतिपादन किया है।

> वास्तव में मिथकों का अध्ययन लोकजीवन के सांस्कृतिक स्रोतों का ही अध्ययन है। उनकी अनदेखी करना अपने को ही वंचित करना होगा।

वास्तव में मिथकों का अध्ययन लोकजीवन के सांस्कृतिक स्रोतों का ही अध्ययन है। उनकी अनदेखी करना अपने को ही वंचित करना होगा। मिथक मिथ्या नहीं होता है, वह हमारी चेतना का एक सूत्र है,सत्य है। इतिहास का सत्य आपकी किताबों में है,मिथक का सत्य हमारे जीवन में है।

# बढ़ती अर्थव्यवस्था और आर्थिक सुधार



प्रो.एच.सी.पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

> भारत में एक नया मध्य वर्ग उभरा है। यह नौकरी के बढ़ते अवसरों और आईटी तथा आउटसोर्सिंग जैसे क्षेत्रों के विस्तार के कारण है।

भारत की व्यापार करने में आसानी सूचकांक यानि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंक 63 है और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता सूचकांक 40 है। 476 मिलियन श्रमिकों के साथ भारतीय श्रम शक्ति दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी शक्ति है,जनसंख्या की दृष्टि से पहले स्थान है। भारत में दुनिया के सबसे अधिक अरबपतियों की संख्या और अत्यधिक आय असमानता भी है।

भारत की अर्थव्यवस्था मिश्रित, नियोजित अर्थव्यवस्था से रणनीतिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय सार्वजनिक क्षेत्र के साथ मिश्रित मध्यम आय वाली विकासशील सामाजिक बाजार अर्थव्यवस्था में परिवर्तित हो गई है। यह नाम मात्र जीडीपी के हिसाब से दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और क्रय शक्ति समता (पीपीपी) के हिसाब से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। प्रति व्यक्ति आय के आधार पर,भारत सकल घरेलू उत्पाद (नाममात्र) द्वारा 139 वें और सकल घरेलू उत्पाद (पीपीपी) द्वारा 127 वें स्थान पर है।

1947 में स्वतंत्रता के दौर से लेकर 1991 तक की आर्थिक नीति को राज्य हस्तक्षेप, प्राकृतिक संसाधन, नौकरशाह संचालित उद्यमों और आर्थिक विनियमन के साथ संरक्षणवादी आर्थिक नीतियों को बढ़ावा दिए जाने वाला रहा है। इस संरक्षणवादी आर्थिक नीति के कारण देश की विकास दर लगभग 3-4 प्रतिशत तक रही और 4 प्रतिशत से आगे नहीं बढ़ पाई। इसलिए इस व्यवस्था को लाइसेंस राज की आर्थिक अनुशासनहीनता के रूप में ही याद किया जाता है। भारत में 1991 में गंभीर आर्थिक संकट के कारण व्यापक स्तर पर आर्थिक उदारीकरण की नीति को अपनाया। इन आर्थिक सुधारों के जनक तत्कालीन प्रधनमंत्री पीवी नरसिंहा राव रहे,उन्होंने उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण की प्रक्रिया शुरू की। इन सुधारों को अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने 'सेकेंड जेनरेशन रिफॉर्म' के रूप में आगे बढ़ाया, उसका परिणाम है कि 21 वीं सदी की शुरुआत से ही वार्षिक औसत सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि 6 प्रतिशत से 7 प्रतिशत रही है और लगातार बढ़ती जा रही है।

भारत की जीडीपी का लगभग 70 प्रतिशत घरेलू उपभोग से प्रेरित है, निजी खपत के अलावा जीडीपी में सरकारी खर्च, निवेश और निर्यात से भी संचालित होती है। इसलिए विकास की गति बढ़ाने के लिए विनिर्माण उद्योग,ऊर्जा,तकनीकी,रक्षा,परिवहन आदि बुनियादी सुविधाओं की गुणवत्ता में आमूलचूल बदलाव की जरूरत थी और इन क्षेत्रों में पिछले एक दशक के दौरान तेजी से सुधार हुआ है। इन्हीं बदलावों में एक महत्वपूर्ण निर्णय जनधन खातों को खोलने का रहा इसने समाज में और गवर्नेंस में पारदर्शिता के रूप में एक नई क्रांति को जन्म दिया। कोविड-19 की वैश्विक महामारी की भीषण त्रासदी के बावजूद आज अर्थव्यवस्था विश्व के अन्य देशों के मुकाबले सबसे तेज गति से बढ़ रही है। इन आर्थिक सुधारों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए खोलने में मदद की जिससे विदेशी निवेश और व्यापार में वृद्धि हुई। आज देश का रिजर्व लगातार बढ़कर कर 600 बिलियन डॉलर को पार कर गया है, शेयर बाजार का आकार भी विश्व में चौथे स्थान पर पहुंच गया और लगातार बढ़ रहा है। भारत में एक नया मध्य वर्ग उभरा है। यह नौकरी के बढ़ते अवसरों और आईटी तथा आउटसोर्सिंग जैसे क्षेत्रों के विस्तार के कारण है। भारत आज तेज गति से बढ़ रहा है और शीघ्र तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। इसकी सबसे बड़ी वजह युवा जनसंख्या का होना है।

विकास की गति जारी रखने के लिए आवश्यक है कि बुनियादी ढांचे में सुधार के साथ-साथ ऊर्जा,रक्षा,तकनीकी व फार्मा क्षेत्र में शोध तथा नवाचार को बढ़ावा देना होगा। साथ ही शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार भी बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में करने से मानव विकास सूचकांक में सुधार होगा। पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सतत विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों पर शोध व अध्ययन को व्यापक स्तर पर प्रोत्साहित करना होगा। न्यूक्लियर एनर्जी, इलेक्ट्रॉनिक वाहनों का प्रयोग, सौर ऊर्जा तथा एथोनोल जैसे जैविक ईंधन पर भी और तेज गति से कार्य करने की आवश्यकता है जिससे पर्यावरण सुरक्षा व विकसित भारत का लक्ष्य पूरा होगा।

सोशल फोरम

# नवउदारवादी आर्थिकी की परिणति

एक आर्थिक विशेषज्ञ बता रहे थे कि पिछले दस साल में कार्पोरेट घरानों द्वारा लिए गए तेरह लाख करोड़ रुपयों के बैंक लोन 'बैड लोन'घोषित हो गए और उन्हें माफ कर दिया गया। महज दस साल में महज कुछ घरानों ने तेरह लाख करोड़ रुपयों को खा पचा लिया। उसके पहले का हिसाब अलग होगा।



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

दूसरे विशेषज्ञ बता रहे थे कि पिछले एक साल में एक सौ पच्चीस अरबपतियों ने भारतीय बैंकों से लोन लेकर भारत छोड़ दिया। इनमें जिनका लोन सबसे कम था वह एक सौ करोड़ रुपयों का था। नौकरी करने वाले और इनकम टैक्स देने वाले पढ़े लिखे लोग जानते हैं कि पिछले दस वर्षों में आय कर की दरें आनुपातिक रूप से उच्चतम स्तरों पर जा पहुंची हैं।

टैक्स वसूल करने में आयकर विभाग की सख्ती भी पिछले दशक के मुकाबले इस दशक में बढ़ी है। यानी लाखों करोड़ रुपये डकार जाने वाले शक्तिशाली कार्पोरेट से वसूली में सरकार का दम फूल जाता है और वे पब्लिक मनी की लूट मचाकर सुरक्षित निकल जा रहे हैं,लेकिन मध्य वर्ग और निम्न मध्य वर्ग के लोगों के लोन की किस्तें वसूलने में बैंकों की तत्परता देखते ही बनती है। होम लोन या किसी तरह के कंज्यूमर लोन या फिर पर्सनल लोन लेने के बाद कोई आम आदमी एक पैसे की भी हेराफेरी नहीं कर सकता। उन्हें लोन देने वाले बैंक मूल और ब्याज के एक एक पाई का हिसाब रखते हैं। बिना किसी नियमित आय वाले निम्न आर्थिक वर्ग के लोगों को तो बैंक लोन देते ही नहीं।

हम जो अक्सर पढ़ते सुनते हैं कि भारतीय बैंकों की माली हालत अच्छी नहीं है,उसके पीछे के मूल कारण हम नहीं, हमारे दौर के बड़े लोग हैं। ऐसे बड़े लोग जिनके हाथों में सत्ता की डोर होती है और बड़े नौकरशाह जिनके प्यादे बन कर खुद को धन्य महसूस करते हैं। वे हमारे सार्वजनिक संसाधनों पर लगातार कब्जा करते जा रहे हैं। यह तो अलग और बेहद विस्तृत अध्याय है। इसे ही कहते हैं कार्पोरेट राज,जो नवउदारवादी आर्थिकी की स्वाभाविक परिणति है। -फेसबुक वॉल से

# गोवा को देश की आध्यात्मिक राजधानी बनाने की तैयारी

कितने भारतीयों को पता है कि पुर्तगाली राज, खूबसूरत समुद्री तटों, नाइट लाइफ और प्राकृतिक सुंदरता से इतर गोवा का सनातन संस्कृति और ऐतिहासिक मंदिरों का समृद्ध इतिहास रहा है? गोवा अपने इसी गौरवशाली अतीत को एक बार फिर से स्थापित करने की ओर बढ़ रहा है। पुर्तगाली शासकों ने अपने 450 वर्षों से अधिक के शासनकाल के दौरान राज्य में मंदिरों को नुकसान पहुंचाया। 1961 तक देश के इस सबसे छोटे राज्य पर शासन के दौरान पुर्तगाली शासकों ने मुस्लिम शासकों की तरह ही हिंदू मंदिरों को नष्ट किया था। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत का दावा है कि पुर्तगालियों ने अपने शासनकाल के दौरान मंदिरों को नष्ट करना शुरू कर दिया था। मराठा राजाओं की चेतावनी और शांति समझौते पर हुए हस्ताक्षर के बाद उन्होंने मंदिरों को नुकसान पहुंचाना बंद किया।

17 वीं सदी में मराठा साम्राज्य की स्थापना करने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक की 350 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित एक समारोह में उन्होंने कहा कि राज्य को उसके समृद्ध सनातन संस्कृति लौटाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार योजना बना रही है। समारोह में उन्होंने कहा कि कम से कम गोवा की आजादी के 60 साल बाद हमें पुर्तगालियों के निशान मिटा देने चाहिए।

गौरतलब है कि मराठा शासक ने ही सबसे पहले देश में स्वराज या स्वशासन का विचार रखा। उन्होंने



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

> गोवा में स्थित मंदिरों में मूलत: देश के अधिकांश हिंदू मंदिरों की तरह ही एक देवता की पूजा की जाती है। ऐतिहासिक कारणों से राज्य के मंदिरों की वास्तुकला थोड़ी अलग जरूर है।

गोवा आकर सप्तकोटेश्वर मंदिर का पुनर्निर्माण कराया और पुर्तगालियों को मंदिरों को नष्ट करने के खिलाफ चेतावनी दी। राज्य के मुख्यमंत्री ने कहा कि "यही कारण है कि हम कहते हैं कि हिंदू संस्कृति को बचाने का प्रमुख श्रेय शिवाजी और उनके बेटे संभाजी को जाता है।"

इस बीच गोवा पर्यटन विभाग ने एकादश तीर्थ की शुरुआत कर आध्यात्मिकता, स्वदेशी, सभ्यतागत और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर जोर देना शुरू कर दिया है। इस योजना के एक हिस्से के रूप में राज्यभर में 11 मंदिरों के आसपास समुदाय-आधारित पर्यटन केंद्र विकसित करने की तैयारी जोरों पर है। ये सभी 11 मंदिर राज्य के उन सात पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्रों से होंगे,जहां विकास एवं निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता। गोवा पर्यटन विकास निगम (जीटीडीसी) ने क्यूपेम, सत्तारी, कैनाकोना और सवोर्डेम में स्थित मंदिरों को नया और भव्य रूप देने की दिशा में कदम बढ़ाना शुरू कर दिया है। राज्य पर्यटन विभाग गोवा को दक्षिण का काशी के रूप में पहचान दिलाने के लिए लगातार पहल कर रहा है। इसी पहल के तहत गोवा के धार्मिक पक्ष, विशेष रूप से मंदिरों को पर्यटकों के लिए खोला जा रहा है। गोवा पर्यटन बोर्ड की अधिकार प्राप्त समिति जल्द ही आध्यात्मिक पर्यटन सर्किट को अंतिम रूप देगी।

गोवा में स्थित मंदिरों में मूलतः देश के अधिकांश हिंदू मंदिरों की तरह ही एक देवता की पूजा की जाती है। ऐतिहासिक कारणों से राज्य के मंदिरों की वास्तुकला थोड़ी अलग जरूर है। आमतौर पर किसी भी हिंदू मंदिर का मूल डिजाइन मंदिर के गर्भगृह के आसपास ही व्यवस्थित होता है जिसमें मुख्य देवता विराजमान होते हैं। मंदिर के बाहरी डिजाइन में एक मीनार या शिकारा मुख्य मंदिर के ऊपर होता है,जो पारंपरिक रूप से पिरामिड के आकार जैसा होता है।

धार्मिक विरासत स्थलों और ऐतिहासिक मंदिरों में निश्चित रूप से यह क्षमता है कि वे गुणवत्तापूर्ण और अधिक खर्च करने वाले पर्यटकों को लुभा सकें। इसी दृष्टिकोण से राज्य का पर्यटन विभाग गोवा में आध्यात्मिक सर्किट बनाने की रणनीति पर काम कर रहा है। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पर्यटन विभाग जल्द ही एक विज्ञापन अभियान और वृत्तचित्र श्रृंखला शुरू करने पर विचार कर रहा है। 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के साथ ही गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने राज्य को आध्यात्मिक पर्यटन की राजधानी बनाने की घोषणा कर दी थी। देश में स्थित तिरुपति, शिरडी, अजमेर और अमृतसर जैसे क्षेत्रों की आर्थिक तंत्र का मुख्य हिस्सा ही धार्मिक पर्यटन है। इसके अलावा वेटिकन सिटी,सऊदी अरब में मक्का और पाकिस्तान में करतारपुर साहिब ऐसे स्थल हैं,जो वहां की अर्थव्यवस्था के मुख्य अंग हैं।

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों ने 15 फरवरी को अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन किए और मंदिर में पूजा-अर्चना की। राम मंदिर को लाखों भारतीयों के प्रेम और विश्वास का प्रतीक बताते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से उन्होंने अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने एक्स पर लिखा,'अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर श्रीरामलला के दर्शन-पूजन करके खुद को धन्य महसूस कर रहा हूं।'

अंत में यह सवाल है कि क्या गोवा भारत की धार्मिक और आध्यात्मिक राजधानी बन सकता है? निःसंदेह, यह हो सकता है। जिस प्रकार से गोवा अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आगे बढ़ रहा है,मुमकिन है कि जल्द ही यह भारत की आध्यात्मिक राजधानी बन जाएगी।

# बैंकों में डिपॉजिट ग्रोथ

हाल के दिनों में बैंकिग सेक्टर में जमाराशियों में अच्छी ग्रोथ देखने को मिली है। डिपॉजिट रेट यानी एफडी रेट में कुछ बढ़ोतरी से ऐसा मुमकिन हो सका है। वित्त वर्ष 2024 की दिसंबर तिमाही में 12.5 प्रतिशत की वृद्धि दर देखने को मिली है,जो वित्त वर्ष 2023 की इसी तिमाही में 9.6 प्रतिशत ही थी। हालांकि बैंकों का लो कास्ट डिपॉजिट यानी चालू खाता और बचत खाता में जमा राशि में कमी आई है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

इसका कारण जमा राशियों में बढ़ोतरी होना तो है ही,अभी हाल के दिनों में कुछ बैंको ने डिपॉजिट रेट बढ़ाए हैं,वहीं बचत बैंकों पर ब्याज का आकर्षण कम होता गया है। वर्तमान में अगर यूनियन बैंक बचत बैंक का ब्याज देखे तो घटकर 2.75 प्रतिशत रह गया है जबकि एफडी रेट निरंतर बढ़ रहा है,जो वर्तमान समय में 7.90 प्रतिशत हो गया है। (सीनियर सिटीजन के लिए आधा प्रतिशत अधिक) ऐसे में ग्राहकों ने सुविधाओं का लाभ उठाते हुए बचत खाते को फ्लेक्सी खाते (स्वीपिंगखाते) में कनवर्ट करा लिया है और अधिकाश राशियां स्वतः बचत खाते से एफडी खाते में ट्रांसफर हो रही है और ग्राहक इसका भरपूर लाभ ले रहे हैं। मोबाइल बैंकिग करने वालों के लिए और भी आसानी है। वो बगैर बैंक जाए ही इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं और लाभ ले भी रहे हैं।

> अगर बैंक एफडी पर आने वाले समय में कुछ और बढ़ोतरी करेंगे तो शायद मध्यम वर्ग की जनता के लिए थोड़ी राहत की बात होगी।

अगर बैंक एफडी पर आने वाले समय में कुछ और बढ़ोतरी करेंगे तो शायद मध्यम वर्ग की जनता के लिए थोड़ी राहत की बात होगी। चुनावी समय होने से जनता उम्मीद भी कर रही है।

# जल्द मांगें पूरी न हुईं तो बेमियादी हड़ताल शुरू करेंगी भोजन माताएं

## भोजन माताओं ने अपनी विभिन्न मांगों के समाधान के लिए शिक्षा मंत्री को भेजा ज्ञापन

**संवाददाता, गदरपुर**


गदरपुर खंड शिक्षा कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन देतीं भोजन माताएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तराखंड भोजन माता कामगार यूनियन ने मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर खंड शिक्षा कार्यालय के प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से शिक्षा मंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में कहा गया कि अगर उनकी मांगों को नहीं माना गया तो अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी।

गदरपुर-शनिवार को उत्तराखंड भोजन माता कामगार यूनियन की पुष्पा देवी के नेतृत्व में भोजन माताएं खंड शिक्षा कार्यालय पहुंचीं। जहां उन्होंने प्रशासनिक अधिकारी केपी जोशी को शिक्षा मंत्री के नाम 7 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि भोजन माता को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का दर्जा देकर राज्य कर्मचारी घोषित किया जाए, 26000 रुपए प्रति माह न्यूनतम मानदेय दिया जाए, भविष्य निधि एवं इएसआई कि सुविधा प्रदान की जाए, सेवानिवृत होने पर ग्रेजुएटी व पेंशन का लाभ दिया जाए। भोजन माता पुष्पा ने कहा कि 46 वें श्रम सम्मेलन की सिफारिश को लागू किया जाए जिसके तहत सामाजिक सुरक्षा का लाभ व कर्मकार घोषित किया जाए। उन्होंने कहा मानदेय में बढ़ोतरी की जाए तथा निकाली गई सभी भोजन माताओं को वापस कार्य पर रखा जाए।

भोजन माता से शासनादेश के अनुसार ही कार्य लिया जाए। उन्होंने कहा कि मध्याह्न भोजन योजना को निजी हाथों में दे दिया जाए। उन्होंने कहा अगर उनकी मांगों को नहीं मांगा गया तो प्रदेश भर में भोजन माताएं अनिश्चितकाल हड़ताल पर चली जाएगी। ज्ञापन देने वालों में भोजन माता पुष्पा देवी, देव मुनि, प्रीत कौर, नीतू, कमलावती, संगीता, शांति, कमला, पुष्पा, बलवीर कौर, मीरा, तारावती, गंगा देवी, प्रकाश रानी, रेखा रानी, नरेंद्र कौर सहित काफी संख्या में महिलाएं मौजूद थी।

## महाविद्यालय में ओपन एयर थियेटर का निर्माण प्रारम्भ

**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में ओपन एयर थियेटर का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। प्राचार्य प्रो. एमसी पाण्डे ने बताया कि ओपन एयर थियेटर बनने से छात्र छात्राओं में को लाभ होगा। इसके निर्माण में ग्यारह लाख रुपये का खर्च आएगा।

छात्र छात्राओं ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह ओपन थियेटर रंगमंच की विभिन्न विधाओं को सीखने का प्लेटफॉर्म होगा। छात्र छात्राएं इसके माध्यम से नाटक एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का कुशल आयोजन एवं मंचन कर सकेंगे। प्राचार्य प्रो. पाण्डे ने रूसा की मद से बनने वाले इस थियेटर का प्रभारी डॉ.योगेश चन्द्र को बनाया है। रामनगर महाविद्यालय में बनने वाला यह ओपन एयर थियेटर नैनीताल के महाविद्यालयों में सबसे पहला होगा। बता दें कि रामनगर महाविद्यालय प्रशासन ने थियेटर के निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा था जिसकी स्वीकृति मिलने पर निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। अब महाविद्यालय में इस थियेटर के माध्यम से विद्यार्थी अपना कैरियर बनाने में सक्षम होंगे।

# वॉलीबॉल में मेलाघाट व महिला बैडमिंटन में बनबसा ने बाजी मारी

**संवाददाता, खटीमा**


खटीमा के मेला घाट में विजेताओं को ट्राफी देते एसएसबी के कमांडेंट मनोहर लाल।

**अमृत विचार :** भारत नेपाल सीमा पर तैनात 57वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा आयोजित दो दिवसीय पुरुष वॉलीबॉल और महिला बैडमिंटन टूर्नामेंट संपन्न हुआ। वॉलीबल का फाइनल मेलाघाट और बैडमिंटन का फाइनल बनबसा की टीमों ने जीता।

मेलाघाट में आयोजित टूर्नामेंट के दूसरे दिन का शुभारंभ सशस्त्र सीमा बल सितारगंज के कमांडेंट मनोहर लाल, उप कमांडेंट अनुराग और आईटीआई के प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह ने विधिवत किया। वॉलीबॉल का फाइनल बनबसा तथा मेलाघाट की टीमों के बीच खेला गया। जिसमें मेलाघाट की टीम ने जीत हासिल की। जबकि महिलाओं के बैडमिंटन फाइनल में बनबसा की टीम ने मेलाघाट की टीम को हराकर जीत हासिल की। पुरुषों के वॉलीबॉल टूर्नामेंट में आठ और महिलाओं की बैडमिंटन प्रतियोगिता में सात टीमों ने प्रतिभाग किया। विजेता टीम को ट्रॉफी, मेडल, टी-शर्ट-पैंट तथा खेलकूद सामग्री देकर सम्मानित किया गया। वहीं उपविजेता टीमों को भी उचित पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले समस्त खिलाड़ियों को टी शर्ट-पेंट देकर सम्मानित किया गया। अंत में कमांडेंट मनोहर लाल ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों को नशा से दूर रहने, गलत गतिविधियों में ना पड़ने, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को सफल बनाने, बेहतर शिक्षा ग्रहण करने, महिला सशक्तिकरण तथा संस्कारवान बनने के लिए जागरूक रहने की अपील किया।

इस अवसर पर एसआई वेद प्रकाश, मनीराम मटोरिया, विपिन कुमार झा, गोपी नौटियाल, राजू कुमार, रिंचन भूटिया, बैजनाथ यादव, विश्वजीत सिंह, सुनील कुमार सिंह, विनोद ध्यानी, देवेंद्र यादव, राम बिहारी, माधव सिंह रावत, संजीत सिंह बाली, पूर्व प्रधान रामाधार, दीपक कुमार, रत्नेश कुमार, मनोज कोहली, सतीश कुमार, राजबाला आदि मौजूद रहे।

# सड़क पर फैली मिट्टी में रपटी ग्राफिक ऐरा की बस

**संवाददाता, शांतिपुरी**


खंती में फंसी ग्राफिक ऐरा स्कूल की बस।

**अमृत विचार :** शांतिपुरी में सड़क बनाने वाले ठेकेदार की लापरवाही से राहगीरों की जान को खतरा बना हुआ है। बारिश होने से ठेकेदार द्वारा सड़क के दोनों ओर फैलाई गई मिट्टी में एक स्कूल बस रपट गई और खंती में चली गयी। साथ ही आधा दर्जन स्कूटी सवार महिलाओं को भी सड़क पर रपटने से चोटें आई हैं।

शांतिपुरी मुख्य मार्ग का चौड़ीकरण एवं नव निर्माण कार्य करीब पूरा होने वाला है। बीते दिनों सड़क के ठेकेदार ने साइड पिलिंग के लिए मिट्टी भरान किया। जिससे पूरी सड़क पर मिट्टी फैल गई, जिसे ठेकेदार ने साफ नहीं कराया। इससे सड़क में भारी धूल उड़ रही थी। मंगलवार प्रातः जैसे ही बारिश हुई तो सड़क पर पड़ी मिट्टी गीली होने से सड़क में फिसलन हो गई। मंगलवार सुबह बच्चों को लेने जा रही ग्राफिक ऐरा की बस अनानक फिसलकर खेत की ओर खंती में चली गई। गनीमत रही कि उस वक्त बस में बच्चे सवार नहीं थे। वरना बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। देर शाम तक खंती में फंसी बस को बाहर निकालने के प्रयास किए जा रहे थे। यूकेडी जिलाध्यक्ष एनसी पाण्डे ने ठेकेदार पर कई जगह काम आधा अधूरा छोड़ने व सड़क से मिट्टी को हटाने में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि अगर सड़क पर फैली मिट्टी को जल्द साफ नहीं किया गया तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

# मनरेगा के 250 से अधिक कामों पर ब्रेक

- दूसरी किस्त नहीं मिलने से आपूर्तिकर्ताओं की बढ़ी देनदारी
- मार्च तक दूसरी किस्त आने की लगाई जा रही उम्मीद

**कुंदन बिष्ट, काशीपुर**

**अमृत विचार :** बजट के अभाव में मनरेगा के 250 से अधिक कामों पर ब्रेक लग गया है।

दूसरी किस्त नहीं मिलने से आपूर्तिकर्ताओं की देनदारी करीब 55 लाख रुपए हो गई। ऐसे में मनरेगा के अधिकारी बजट की दूसरी किस्त मार्च तक आने की उम्मीद लगाए हुए हैं। दरअसल ग्रामीण क्षेत्र में मनरेगा के तहत कई काम किए जाते हैं।

> दूसरी किस्त दिसंबर माह में आनी थी। लेकिन किसी कारणवश अभी तक दूसरी किस्त नहीं मिल सकी है। दूसरी किस्त के लिए 55 लाख की डिमांड भेजी गई है। मार्च तक दूसरी किस्त मिलने की उम्मीद है। 250 से अधिक काम किस्त नहीं मिलने पर रुके हुए हैं।
>
> **-पवन चौहान,** उप कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा), काशीपुर ब्लॉक

जिसमें गौशाला, पोल्ट्री शेड, गाय शेड, विभागीय सड़कें, सीसी रोड, सिंचाई नालियां आदि अन्य काम शामिल हैं।

मनरेगा विभाग को इन कामों को करने के लिए पहली किस्त अक्टूबर 2023 में मिल गई थी। जिसके तहत काम शुरू कर दिए गए।

लेकिन दिसंबर में आने वाली दूसरी किस्त जारी नहीं हो सकी। जिससे ग्रामीण क्षेत्र में करीब 250 से 260 कार्यों पर ब्रेक लग गया। विभाग ने दूसरी किस्त के लिए 55 लाख की डिमांड भेजी है।

बताया जा रहा है कि जो काम चल रहे थे उनके आपूर्तिकर्ताओं को 55 लाख की देनदारी है। ऐसे में अब विभागीय अधिकारी दूसरी किस्त का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि मनरेगा के तहत काम करने वाले श्रमिकों की मजदूरी इसमें शामिल नहीं है।

## शिविर में 550 मरीजों का किया परीक्षण

**हल्द्वानी :** आयुष विभाग की ओर से ऊंचापुल रामलीला मैदान में चल रहे तीन दिवसीय निशुल्क आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का बुधवार को समापन हो गया। नोडल अधिकारी राष्ट्रीय आयुष मिशन डॉ. प्रदीप सिंह मेहरा ने बताया शिविर में तीसरे दिन 550 से अधिक मरीजों का इलाज किया गया। साथ ही दवाएं भी निशुल्क वितरित की गईं। इस मौके पर डॉ. जगदीश सती, डॉ. एनएस काला, डॉ. योगेंद्र सिंह, डॉ. राजेश त्रिपाठी, डॉ. विजय सक्सेना, डॉ. पूनम जंगपांगी, डॉ. दीपा भट्ट, डॉ. सुरुचि सिंह, डॉ. शिवानी पांडेय समेत कई डॉक्टर व विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

# निर्वाचन सामग्री की दरें उपलब्ध कराएं

- उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिये निर्देश

**संवाददाता, रुद्रपुर**


सहायक निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक करते एडीएम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अपर जिलाधिकारी व उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी ने लोकसभा चुनाव के लिए उपयोग होने वाली सामग्री की दरें उपलब्ध कराने के निर्देश सभी सहायक निर्वाचन अधिकारियों को दिये।

उन्होंने कहा कि विधानसभावार उपलब्ध वस्तुओं के बाजार दरों के आधार पर ही जनपद स्तर पर सामग्री की निर्वाचन व्यय दरें निर्धारित की गयी है। मंगलवार को अपर जिलाधिकारी ने कार्यालय में निर्वाचन सामग्री दर निर्धारण कमेटी की बैठक की। उन्होंने उप जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति विधानसभा वार मार्केट सर्वे से प्राप्त सामग्री दरों के आधार पर जिला स्तरीय समिति द्वारा निर्वाचन में उपयोग होने वाली सामग्री की विचार-विमर्श कर दरें निर्धारित की हैं। उन्होंने कहा कि निर्धारित दरों पर शीघ्र ही राजनीतिक पार्टी पदाधिकारियों के साथ भी बैठक की जाएगी। उन्होंने कहा कि सामग्री की निर्धारित दरों की सूची सभी राजनीतिक पार्टियों को उपलब्ध करायी जायेगी। ताकि निर्वाचन के दौरान पार्टियों के प्रत्याशियों द्वारा प्रचार के दौरान उपयोग की गयी सामग्री की दरों के आधार पर राजनीतिक पार्टियों व लेखा टीम द्वारा व्यय लेखा में अंकन किया जा सकेगा। इस अवसर पर सदस्य मुख्य कोषाधिकारी डॉ. पंकज कुमार शुक्ल, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी, जिला पूर्ति अधिकारी विपिन कुमार, एआरटीओ चक्रपाणि मिश्रा, उप निदेशक खनन अमित गौरव, सहायक अभियंता लोनिवि आदि मौजूद रहे।

## वर्ग पहेली-356

**बाएं से दाएं**

4.1. नीली कुईं, कोका, इंदीवर 2. पृथ्वी, भूमंडल।

5.1. घुल-मिल जाना 2. पूर्ण होना 3. मिलना।

7.1. व्यक्ति

**ऊपर से नीचे**

1. शौच कराना, किसी अन्य को मल त्याग कराना।

2.1. तुलना के योग्य 2. जिससे तुलना की जा सकती हो।

3.1. देखने में सुंदर और भला लगने वाला 2. सुंदर, ख़ूबसूरत 3. मनोरम 4. प्रियदर्शन।

4.1. किसी विश्वविद्यालय का प्रधान अधिकारी; (वाइस चांसलर) 2. पितृसत्तात्मक व्यवस्था के अंतर्गत किसी कुल या परिवार का स्वामी, मुखिया 3. प्राचीन काल में गुरुकुल का प्रधान अधिकारी जो छात्रों की शिक्षा और भोजन आदि की व्यवस्था करता था।

6. जानवरों को होने वाला एक रोग।




### वर्ग पहेली - 355 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 कि | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ |
| र | ■ | 2 छि | 3 गु | नी | ■ |
| कि | ■ | ■ | ज | ■ | ■ |
| री | ■ | 4 अ | रा | ड़ | ■ |
| ■ | 5 जृं | भि | त | ■ | 6 म |
| 7 यू | ■ | ग | ■ | ■ | ह |
| रो | ■ | 8 म | ज़ | कू | री |

# प्रो. बीना मथेला को किया गया सम्मानित

**संवाददाता, लालकुआं**


प्रो. बीना मथेला।

**अमृत विचार :** बुलंदी संस्था की ओर से वैश्विक हिंदी यात्रा श्रृंखला पर आयोजित ऑनलाइन हिन्दी कवि सम्मेलन से प्रभावित होकर हॉवर्ड वर्ल्ड रिकॉर्ड लंदन ने उक्त कवि सम्मेलन को विश्व रिकॉर्ड में सम्मिलित कर कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाली लालबहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्दूचौड़ की प्रोफेसर बीना मथेला को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। हल्द्वानी निवासी साहित्यकार एवं कलमकार प्रोफेसर बीना मथेला जो कि वर्तमान में लालबहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्दूचौड़ में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं ने बताया कि गत 10 जनवरी से 19 जनवरी 2024 तक ऑनलाइन २२० घंटे तक चले विराट कवि सम्मेलन में दुनिया के ५५ देशों के हिन्दी साहित्यकारों समेत कुल १२०६ कलमकारों ने हिस्सा लिया था। सबसे ज्यादा देशों की सहभागिता और अनवरत २२०घंटे चले कार्यक्रम को हावर्ड वर्ड रिकार्ड लंदन ने विश्व रिकॉर्ड में शामिल किया है। इस उपलक्ष्य में उक्त कार्यक्रम में प्रमुखता के साथ प्रतिभाग करने वाली प्रोफेसर बीना मथेला को प्रशस्ति पत्र व मेडल प्रदान किया गया। पूर्व मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल सहित क्षेत्र के तमाम जनप्रतिनिधियों एवं बुद्धिजीवियों ने उन्हें बधाई दी है।

## भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ का गठन

**हल्द्वानी।** भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने चिकित्सा प्रकोष्ठ में विमल बिष्ट को संयोजक, डॉ. संदीप गौड़ और यमुना प्रसाद जोशी को चिकित्सा प्रकोष्ठ का सह संयोजक बनाया है।

भाजपा जिलाध्यक्ष समेत अन्य भाजपाईयों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

## सुडोकू-73

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 3 | 7 | 9 | | | 8 |
| | | 7 | | | | 4 | | |
| 2 | | 9 | | 6 | 4 | | | |
| 4 | | | | 1 | | 6 | | |
| | | 2 | | | | 9 | | |
| | | 1 | | 8 | | | | 3 |
| | | 6 | 8 | 3 | | 2 | | 5 |
| | | 8 | | | | 1 | | |
| 5 | | | 2 | 4 | 1 | | | |

### सुडोकू - 72 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 6 | 8 | 7 | 9 | 2 | 1 | 4 |
| 8 | 2 | 9 | 5 | 1 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 8 | 5 |
| 5 | 8 | 7 | 4 | 2 | 3 | 6 | 9 | 1 |
| 1 | 6 | 4 | 9 | 8 | 7 | 5 | 2 | 3 |
| 9 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 4 | 7 | 8 |
| 4 | 9 | 3 | 1 | 6 | 8 | 7 | 5 | 2 |
| 2 | 7 | 8 | 3 | 9 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 4 | 2 | 8 | 3 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 फरवरी, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्थी 29 फरवरी 04.18 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-हस्त 07.33 तक तत्पश्चात चित्रा।

**मेष** — आज परिवार और कारोबार दोनों में ही अच्छा तालमेल बनाकर रखेंगे। जीवनसाथी से महत्वपूर्ण विषयों पर सलाह लेना हितकर होगा। पाचन की कमजोरी के कारण अपच और उल्टी जैसी समस्या हो सकती है।

**वृष** — आज कार्यक्षेत्र में आपको अपनी गुणवत्ता का ध्यान रखना चाहिए। आत्मविश्वास के साथ अपने काम करेंगे। नकारात्मक बातों पर ज्यादा ध्यान न दें। नए प्रेम संबंधों में तनाव होने के योग बन रहे हैं। दिन के उत्तरार्ध में कोई बड़ा काम पूरा हो सकता है।

**मिथुन** — आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी। त्वरित निर्णय लेने से व्यवसाय में प्रगति हो सकती है। साझेदारी संबंधि कार्यों में आपको काफी ज्यादा ध्यान देना होगा। आपको अपनी गलतियों को सुधारने के कई मौके मिलेंगे।

**कर्क** — आज महत्वपूर्ण यात्रा होने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास की कमी के कारण निर्णय गलत हो सकते हैं। भाई-बहनों के साथ संबंध मधुर रहेंगे। कार्यक्षेत्र में राजनीति का सामना करना पड़ेगा। धन से जुड़े मामलों को लेकर भाग्यशाली रहेंगे।

**सिंह** — आज बॉस आपके ऊपर नाराज हो सकते हैं। जॉब को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा। दोपहर के पहले कुछ अनचाही स्थितियों का सामना करना पड़ेगा, लेकिन अचानक से स्थितियां आपके पक्ष में आती हुई प्रतीत होंगी।

**कन्या** — आज आपके सामाजिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। गलत खान-पान के कारण स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। नया व्यापार शुरू करने की योजना को आकार दे सकते हैं। जीवनसाथी आपके मनोबल को बढ़ायेगा। अपनी शक्ति का सकारात्मक प्रयोग करेंगे।

**तुला** — आज महत्वपूर्ण दस्तावेजों को संभाल कर रखें। बच्चों के व्यवहार से कुछ चिंतित हो सकते हैं। नए विषयों को सीखने की कोशिश करेंगे। परिवार में आपके गुणों की प्रशंसा होगी। आपके ऊपर जिम्मेदारियां बढ़ने वाली है।

**वृश्चिक** — आज आपको ऐसे व्यक्तियों से मिलना पड़ सकता है ,जो आपके व्यक्तित्व को काफी प्रभावित करने वाले हैं। आवश्यक कार्यों को शाम से पहले पूरा कर लेना हितकर होगा। बेकार की बहसों से बचने का प्रयास करें।

**धनु** — आज सभी जरूरी काम पूरे करने की कोशिश करेंगे। छोटी-छोटी परेशानियों से निजात मिलेगी। जीवनसाथी के साथ रिश्ते बहुत प्रगाढ़ होंगे। सामाजिक आयोजन में आप भागीदारी कर सकते हैं। मित्रों से शुभ सूचना आपको प्राप्त हो सकती है।

**मकर** — आज अपने जीवन-स्तर को ऊंचा करने की दिशा में प्रयास करेंगे। भोग-विलास में आप काफी धन खर्च कर सकते हैं। जीवन से सभी क्षेत्रों में आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहने वाला है। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए शुभ दिन सिद्ध होगा।

**कुंभ** — आज अनावश्यक लोगों के साथ विचार-विमर्श कर समय बर्बाद न करें। कुछ लोग आपके हितैषी होते हुए भी आपकी आलोचना करेंगे। बोलचाल में विनम्र भाषा का प्रयोग करें। मित्रों के स्वभाव में कुछ बदलाव देखने को मिलेगा।

**मीन** — आज दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। नया कार्य शुरू करने के लिए दिन अच्छा नहीं है। व्यापार में अड़चनें आ सकती हैं। सहकर्मियों से भी आपको परेशान होना पड़ सकता है। लोगों के बीच आपका व्यवहार काफी सराहा जाएगा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
होते होते प्यार हो गया — सुबह : 11.39
कीमत — रात : 07.07

**Sony Max**
लगे रहो मुन्ना भाई — सुबह : 10.12
विश्वासघात — रात : 10.04

**Sony Pix**
लाइफ — सुबह : 10.48
जिओस्ट्रोम — रात : 09.00

**Zee Cinema**
हाईजेक — सुबह : 10.30
विजय द मास्टर — रात : 07.30

**Colors Cineplex**
जुर्माना — दोपहर : 12.31
फिर हेरा फेरी — रात : 09.58

### आज की सुपरहिट फिल्म



सोनी मैक्स पर सुबह-10.12 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति -मेरे सीने में बहुत दर्द हो रहा है, जल्दी से एम्बुलेंस के लिए फोन लगाओ।
पत्नी- हां, लगाती हूं, जल्दी अपने मोबाइल का पासवर्ड बताओ
पति- रहने दो, अब थोड़ा ठीक लग रहा है।

पप्पू ने गली के कोने में कचरा फेंक दिया। थोड़ी देर बाद वो घूम फिर कर गली में ही वापस आया, तो मोहल्ले वाले आपस में लड़ने लगे कि, कचरा किसने फेका!
एक औरत ने गुस्से से कहा-फेंका होगा किसी कुत्ते के बच्चे ने।
पप्पू हंसा और बोला- कचरा मैंने फेंका और नाम कुत्ते के बच्चे का आ गया।

# मेडिकल कॉलेज कर्मचारियों को दो माह से वेतन नहीं

## सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर किया प्रदर्शन, दो घंटे का कार्य बहिष्कार शुरू

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** सोबन सिंह जीना राजकीय आयुर्विज्ञान एवं शोध संस्था, मेडिकल कालेज के उपनल और आउटसोर्स कर्मचारियों ने वेतन समेत अपनी विभिन्न मांगों पर कार्रवाई ना होने पर कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया है। मंगलवार को मेडिकल कालेज के कर्मचारियों ने दो घंटे कार्य बहिष्कार किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई करने की मांग उठाई।

लंबे समय से वेतन ना दिए जाने और अपनी अनेक विभिन्न मांगों पर कार्रवाई ना होने से नाराज मेडिकल कालेज के उपनल व आउटसोर्स कर्मचारियों के सब्र का बांध अब टूट गया है। कर्मचारियों ने कहा कि वह मेडिकल कालेज में कोरोना काल से विभाग को लगातार अपनी सेवाएं पूरी ईमानदारी से दे रहे हैं। शासन द्वारा उन्हें इन कार्यों के लिए न्यूनतम वेतन दिया जा रहा था। लेकिन इसके बाद भी वह अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे थे। लेकिन अब विभाग ने लंबे समय से उनका पूर्ण वेतन रोक दिया है। जिस कारण अब वह अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन नहीं कर पा रहे हैं और तंगहाली से जूझ रहे हैं। लेकिन अधिकारियों से कई बार की मांग और वार्ता के बाद भी उनकी वेतन दिए जाने की मांग पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। कार्मिकों ने कहा है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होगी, उनका संघर्ष जारी रहेगा।

कार्य बहिष्कार के दौरान सुशील कुमार, सागर सिंह, विवेक लोहनी, नीरज बिष्ट, पंकज टम्टा, रजत माहेश्वरी, भरत, सुनीता, चंदन, लीला, रेखा कनवाल, रेखा, भावना, नरेंद्र सिंह, सूरज आर्या, महेंद्र कनवाल, रीता देवी, नीमा समेत अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।



मेडिकल कॉलेज में कार्य बहिष्कार कर प्रदर्शन करते आउटसोर्स कर्मचारी।

"मेडिकल कालेज में विभिन्न पदों की स्वीकृति के लिए शासन से पत्राचार चल रहा है। कालेज के लिए अलग अलग करीब साढ़े तीन सौ से अधिक पदों को स्वीकृत करने की मांग की गई है। शीघ्र ही आउटसोर्स और उपनल कर्मियों के वेतन का विकल्प भी तलाश लिया जाएगा।"
**-डा. सीपी भैंसोड़ा**, प्रधानाचार्य मेडिकल कालेज, अल्मोड़ा

### मामले में कहां फंसा पेंच

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** शासन द्वारा कुमाऊं के चार पर्वतीय जिलों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के उद्देश्य से अल्मोड़ा में मेडिकल कालेज तो खोला। लेकिन इसके लिए कोई रणनीति और तैयारी ना किया जाना अब महकमे की गले की फांस बन गया है। मेडिकल कालेज को शुरू करने की जल्दबाजी में विभाग ने उपनल और आउटसोर्स के जरिए वार्ड ब्वाय, सुरक्षा गार्ड, आया, फार्मासिस्ट, पर्यावरण मित्र, ऑक्सीजन प्लांट तकनीशियन जैसे पदों पर तैनाती तो कर दी। लेकिन मेडिकल कालेज के लिए अभी तक यह पद सृजित ही नहीं किए गए हैं। ऐसे में इन कर्मचारियों का वेतन अधर में लटक गया है। इन कर्मचारियों को अब वेतन कैसे दिया जाएगा, यह महकमे के लिए टेड़ी खीर बना हुआ है।

# बीएलओ व पल्स पोलियो के कार्यों के बहिष्कार का ऐलान

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** मानदेय बढ़ाने और राजकी कर्मचारी घोषित करने समेत अपनी अन्य अनेक मांगों पर कार्रवाई करने की मांग कर रही आंगनबाड़ी वर्कर्स ने अब निर्वाचन के दौरान बीएलओ और पल्स पोलियो समेत अनेक सरकारी कार्यक्रमों के बहिष्कार का ऐलान कर दिया है। आंगनबाड़ी वर्कर्स ने अल्टीमेटम देते हुए कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी व अतिरिक्त कार्य नहीं करेंगी।

उल्लेखनीय है कि अपनी मांगों को लेकर आंगनबाड़ी वर्कर्स इन दिनों पूरे प्रदेश में आंदोलनरत हैं। बीते दिवस अपनी मांगों पर कार्रवाई की मांग को लेकर अल्मोड़ा में भी आंगनबाड़ी वर्कर्स ने रैली निकालकर जोरदार प्रदर्शन किया। लेकिन इसके बाद भी आंगनबाड़ी वर्कर्स का गुस्सा कम होने का नाम नहीं ले रहा है। आंगनबाड़ी वर्कर्स ने अब शासन को पल्स पोलियो, निर्वाचन के दौरान बीएलओ, वोटर आईडी कार्ड बनाने व जागरूकता कार्यक्रमों में भाग ना लेने की चेताावनी दे डाली है।

आंगनबाड़ी संगठन की प्रदेश अध्यक्ष सुशीला खत्री ने कहा कि जब वह अपनी जायज मांगों पर कार्रवाई की मांग कर रही हैं तो सरकार उनकी ओर से मुंह फेर रही है। जिसे वह किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं करेंगी। आंगनबाड़ी वर्कर्स न्यूनतम वेतन पर भी सरकार द्वारा संचालित सभी कार्यों को पूरी जिम्मेदारी के साथ पूरा करती हैं। ऐसे में उनके साथ उपेक्षापूर्ण व्यवहार बर्दाश्त से बाहर है। कहा है कि आंगनबाड़ी वर्कर्स की मांग पूरी होने के बाद ही वह सरकार की अन्य योजनाओं में अपना सहयोग प्रदान करेंगी।

# वन बीट अधिकारी की गोली लगने से मौत

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** शारदा वन रेंज में तैनात एक वन बीट अधिकारी की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत हो गई। प्रथम दृष्टया पुलिस इसे खुदकुशी मान रही है। मौके से तमंचा और कारतूस का खोखा बरामद हुआ है।



मृतक हरीश चन्द्र जोशी।

पुलिस के मुताबिक टनकपुर शारदा वन क्षेत्र 0के दोगाड़ी रेंज में तैनात वन बीट अधिकारी हरीश चंद्र जोशी (35) का शव मंगलवार की सुबह कलोनिया के सरकारी आवास में मिला। गोली उनकी छाती में लगी थी। मौके से तमंचा और 315 बोर के कारतूस का खोखा बरामद किया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही टनकपुर शारदा वन रेंज के रेंजर पूरन चंद्र जोशी और बनबसा थाने के एस आई जितेंद्र बिष्ट ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। इधर, शारदा वन रेंज के एसडीओ ममता चन्द, सीओ शिवराज सिंह राणा और कोतवाल चंद्र मोहन सिंह भी टनकपुर जिला उप चिकित्सालय पहुंचे। उन्होंने मृतक के परिजनों को सांत्वना दी और हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। इस घटना की जांच कर रहे एसआई जितेंद्र बिष्ट ने बताया कि मृतक के छाती में तमंचे से गोली लगने से मौत हुई है। तमंचा कहां से आया इसकी भी जांच की जा रही है। मृतक के पिता प्रकाश चंद्र जोशी भी वन विभाग में तैनात थे। पिता की मौत के बाद करीब 9 वर्ष पूर्व मृतक आश्रित कोटे में हरीश चन्द्र जोशी को वन विभाग में नौकरी मिली थी। परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं। हालांकि इस संबंध में किसी ने पुलिस में तहरीर नही दी है।

इधर, पुलिस उपाधीक्षक शिवराज सिंह राणा ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह खुदकुशी का मामला लग रहा है। मृतक के हाथ में गन पाउडर मिला है। ऐसा लगता है कि नजदीक से गोली मारी गई है। लेकिन पूरे मामले कि जांच कि जा रही है।

# गैरसैंण में बजट सत्र न कराना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण : कुंजवाल

संवाददाता, अल्मोड़ा



**अमृत विचार :** बजट सत्र को गैरसैंण के बजाय देहरादून में कराने को लेकर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और जागेश्वर के पूर्व विधायक गोविंद सिंह कुंजवाल ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा सरकार के इस निर्णय से उत्तराखंड राज्य की मूल भावनाओं को बहुत बड़ा आघात लगा है। जिस कारण तरह तरह की शंकाएं उत्पन्न हो रही हैं।

कुंजवाल ने कहा है जहां तक गैरसैंण का प्रश्न है, वहां विधान भवन बनाने का निर्णय तत्कालीन मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत व तत्कालीन सांसद सतपाल महाराज का था। जिसे सरकार की कैबिनेट द्वारा भी स्वीकृति दी गयी थी। यह दोनों नेता आज भाजपा में हैं। लेकिन इसके बाद भी गैरसैंण की उपेक्षा चिंताजनक है। कुंजवाल ने कहा कि पूर्व सीएम हरीश रावत के कार्यकाल में करोडों रुपये खर्च कर गैरसैंण में राजधानी का ढांचा तैयार किया गया। जिसके बाद मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत के मुख्यमंत्रित्व काल में इसे ग्रीष्मकालीन राजधानी बनाने का निर्णय लिया गया। लेकिन वर्तमान में ग्रीष्मकालीन राजधानी का निर्णय केवल आदेश मात्र ही देखने को मिल रहा है। शासनादेश होने के बाद कम से कम चार माह के काम काज को प्रदेश सरकार द्वारा गैरसैंण से ही संचालित करना चाहिए था। लेकिन वर्तमान सरकार ने ऐसा ना कर सारी हदों को पार कर दिया है। कुंजवाल ने कहा है कि प्रदेश की विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष करन माहरा द्वारा उत्तराखंड की भावनाओं को समझते हुए प्रतीकात्मक विधानसभा सत्र संचालित करते हुए यह संदेश दिया कि वर्तमान भाजपा सरकार ने सारे पुराने निर्णयों की उपेक्षा करते हुए राज्य निर्माण की मूल भावनाओं को नकारने का काम किया जा रहा है।




वनराजी बाहुल्य गांव खिरद्वारी में ग्रामीणों को किया गया जागरूक। ● अमृत विचार

### जिला प्रशासन का स्वीप अभियान खिरद्वारी पहुंचा

**टनकपुर, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे स्वीप अभियान जनपद के एक मात्र वनराजी बाहुल्य गांव खिरद्वारी पहुंचा। भारत निर्वाचन आयोग के स्वीप कलैंडर के अनुसार व्यापक प्रचार प्रसार के तहत जिला प्रशासन द्वारा दूरस्थ क्षेत्र के पोलिंग बूथों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत खिरद्वारी, बेलखेत , लोडियाल सेरा, फुरक्या झाला, चूका गांवों के सभी मतदाताओ को आगामी लोकसभा चुनाव में बढ़चढ़ कर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। जनपदीय स्वीप टीम द्वारा क्षेत्र में बताया कि विभिन्न माध्यमों से जोर शोर से जागरूकता अभियान चलाया जा है। यहां आयोजित कार्यक्रम में मतदाताओं से उनकी क्षेत्रीय भाषा में बातचीत कर आगामी लोक सभा चुनाव में भाग लेने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर स्वीप टीम के त्रिलोचन जोशी, कल्पना आर्या, विनोद गहतोड़ी, अर्पित शर्मा, शिक्षक हरीश चंद्र पांडेय, अर्जुन सिंह, बूथ अध्यक्ष पूरन सिंह बोहरा, नरेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, रघुवर सिंह, जीत सिंह, चंद्र सिंह, नवीन सिंह रजवार, शंकर सिंह रजवार, खीम सिंह रजवार आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# डीडीए के विरोध में दिया धरना

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** मंगलवार को बिगड़े मौसम के बाद भी जिला विकास प्राधिकरण का विरोध कर रही सर्वदलीय समिति के सदस्यों ने नगर के गांधी पार्क में धरना दिया। धरना सभा के दौरान वक्ताओं ने प्रदेश सरकार पर तानाशाही पूर्ण रवैया अपनाने और आम जनता के साथ धोखा करने का आरोप लगाया।

मंगलवार को सर्वदलीय संघर्ष समिति के सदस्य चौघानपाटा स्थित गांधी पार्क में एकत्र हुए। यहां उन्होंने जिला विकास प्राधिकरण को लागू करने पर प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी। धरना सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों के लोग प्राधिकरण के लागू होने के बाद से लगातार इसका विरोध कर रहे हैं और इसे पूरी तरह समाप्त करने की मांग भी कर रहे हैं। आम जनता की इस मांग को भाजपा के दो पूर्व मुख्यमंत्री जायज भी मान चुके हैं। लेकिन इसके बाद भी वर्तमान सरकार हठधर्मिता पर अड़ी है और इसे समाप्त करने के लिए कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। वक्ताओं ने कहा कि सरकार के इस तुगलकी फरमान से पहाड़ों का आम आदमी काफी परेशान है। जबकि पर्वती जिलों के निकायों को भी इससे काफी घाटे का सामना करना पड़ रहा है। संगठन के सदस्यों ने कहा है कि जब तक सरकार अपने निर्णय को पूरी तरह वापस नहीं ले लेगी। तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा।

प्रदर्शन और धरना सभा में पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, हेम चंद्र जोशी, आनंद सिंह बगडवाल, महेश चंद्र आर्या, ललित मोहन पंत आदि मौजूद रहे।




नगर के गांधी पार्क में धरना देते सर्वदलीय समिति के सदस्य। ● अमृत विचार



चम्पावत से अरुणाचल प्रदेश को रवाना होता सांस्कृतिक दल। ● अमृत विचार

### चम्पावत से सांस्कृतिक दल अरुणाचल प्रदेश रवाना

**चम्पावत अमृत विचार :** अरुणाचल प्रदेश के नामसल शहर में होने जा रहे भारत लोक संगीत अरुणाचल उत्सव- 2024 में एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम में जनपद चपावत से सांस्कृतिक दल कुमाऊं लोक संस्कृतिक कला दर्पण लोहाघाट का दल भैरव दत्त राय के नेतृत्व में 16 कलाकार अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुति देने के लिए रवाना हुआ। विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी द्वारा सांस्कृतिक दल को शुभकामनाएं देते हुए रवाना किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि तिवारी ने कहा कि कुमाऊं लोक संस्कृतिक कला दर्पण लोहाघाट द्वारा जिले के साथ-साथ प्रदेश का भी नाम रोशन किया है। उन्होंने इस अवसर पर दल को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पूरा विश्वास है कि हमेशा की तरह ही सभी के द्वारा अरुणाचल प्रदेश में उत्तराखंड प्रदेश की पारंपरिक संस्कृति की छटा बिखेरी जायेगी। जिससे उत्तराखंड का नाम पूरे देश में रोशन होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के समक्ष दल के लिए पारंपरिक वेशभूषा, वाद यंत्र के साथ ही हर संभव सहयोग की बात रखी जायेगी।

### चार मार्च को गुरिल्ले करेंगे टनकपुर में प्रदर्शन

**टनकपुर अमृत विचार :** गुरिल्ला संगठन के जिलाध्यक्ष ललित बगौली ने कहा कि 4 मार्च को गुरिल्ला संगठन की एक विशाल रैली टनकपुर में होगी। बगौली ने कहा कि पिछले 6 माह से राज्य सरकार गुरिल्लों को आश्वासन दर आश्वासन तो दे रही है किंतु सचिवालय स्तर पर गुरिल्लों की मांगों पर कार्यवाही नहीं हो रही है।

इस बीच लोहाघाट और देहरादून में गुरिल्ला प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री धामी से मुलाकात की, सचिवालय स्तर पर भी अनेक अधिकारियों से मुलाकात की किंतु मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 20दिसंबर को संपन्न बैठक में दिये गये दिशा निर्देशों पर विभागीय अधिकारियों ने अपने स्तर से कोई जबाब नहीं दिया है जबकि बिगत सप्ताह विभागों को पत्र भी बिशेष सचिव गृह द्वारा भेजे गये हैं। मांगों पर कार्यवाही न होने के चलते गुरिल्लों को फिर आंदोलन को बाध्य होना पड़ रहा है।

# 120 पेटी कच्ची शराब पकड़ी



कोतवाली रानीखेत में अवैध शराब की पेटी व अभियुक्त पुलिस के साथ।

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार:** कोतवाली पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने एक वाहन से 120 पेटी कच्ची शराब पकड़ी है। जिसकी कीमत 5 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। पुलिस ने वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार सोमवार की रात प्रभारी निरीक्षक हिमांशु पंत के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला रही थी तभी ऐना गांव से करीब 500 मीटर आगे बग्वालीपोखर की तरफ कोरीछीना की ओर से एक पिकअप वाहन संख्या यूके01 सीए 1427 आता दिखाई दिया। टीम ने चालक को रूकने का इशारा किया तो उसने वाहन को वापस मोड़ लिया। शक होने पर टीम ने कुछ दूर पीछा कर वाहन को पकड़ लिया और चालक को हिरासत में ले लिया। तलाशी लेने पर पिकअप से 120 पेटी यानि 5760 पव्वे देशी शराब गुलाब मार्का बरामद हुई। पूछताछ में चालक ने अपना नाम कुंदन सिंह कनवाल पुत्र भूपाल सिंह निवासी लोअर मालरोड खत्याड़ी बताया। उसने बताया कि शराब की तस्करी कर रहा था। जिस पर पुलिस ने चालक के खिलाफ धा रा 60/72 आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक बलबीर सिंह, सुनील सिंह धानिक, सौरभ कुमार भारती, मनोज तिवारी, मोहम्मद यामीन, राजेश भट्ट, दीवान सिंह, विरेन्द्र सिंह, हरीश फर्त्याल आदि शामिल रहे।

# सब्जी लेकर जा रही मैक्स सड़क पर पलटी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** विकास खंड भैंसियाछाना के सेराघाट के पास गैनार नामक स्थान पर सब्जी लेकर बेरीनाग जा रही एक मैक्स दुर्घटनाग्रस्त होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में वाहन में सवार दो लोगों को मामूली चोटें आई हैं। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है।

मंगलवार की सुबह मैक्स वाहन संख्या यूके-05-टीए-1810 हल्द्वानी से सब्जियां लेकर बेरीनाग की ओर जा रहा था। अल्मोड़ा बेरीनाग मोटर मार्ग पर जैसे ही यह वाहन सेराघाट से थोड़ा आगे पहुंचा। अचानक गैनार के पास सड़क किनारे लगे क्रश बैरियर से टकरा गया और सड़क पर ही पलट गया। हादसे में वाहन चालक बलवंत कुमार और वाहन में सवार बलबीर सिंह को मामूली चोटें आ गई। स्थानीय लोगों ने उनका प्राथमिक उपचार कराया। दुर्घटना के कारण वाहन में भरी सब्जियां सड़क पर फैल गई। जिससे मार्ग बंद हो गया और दोनों ओर वाहनों की लंबी लंबी लाइनें लग गई। काफी देर की मशक्कत के बाद बमुश्किल इस मार्ग को सुचारू किया जा सका। लोगों ने बताया कि सड़क किनारे लगे मजबूत क्रश बैरियर के चलते वाहन सड़क पर ही पलट गया। गनीमत रही कि हादसा इतने में ही टल गया।



गैनार के पास दुर्घटनाग्रस्त मैक्स जीप।

**बैठक** डीएम अनुराधा पाल ने अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश, कार्यों को प्राथमिकता से करने को कहा

# खनिज प्रभावित क्षेत्रों में सुलभ हों आधारभूत सुविधाएं

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार :** जिला खनिज फाउंडेशन न्यास की शासी परिषद की बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने कहा कि खनिज न्यास में अति आवश्यकता वाले जन हित के कार्यों को प्राथमिकता में शामिल किया जाय। बैठक में जनपद के खनन प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक आर्थिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु विभिन्न विभागों से उपलब्ध प्रस्तावों पर चर्चा की गईतथा शिक्षा विभाग के कई प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। साथ ही प्राप्त नए प्रस्तावों को लेकर जिलाधिकारी ने उनका स्थलीय निरीक्षण, तकनीकी परीक्षण और सक्षम अधिकारी की संस्तुति सहित आंगणन के साथ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। ताकि उन प्रस्ताव को अगली बैठक में शामिल किया जा सके।



खनिज न्यास की बैठक लेतीं जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

जिलाधिकारी ने कहा कि खनिज प्रभावित क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाएं सुलभ करायी जाने हेतु प्राप्त प्रस्तावों का संबंधित विभाग अवश्य परीक्षण कर लें। ताकि सुनियोजित तरीके से विकासात्मक कार्य किए जा सके। विभिन्न विद्यालयों में शौचालय निर्माण को लेकर प्राप्त प्रस्तावों पर जिलाधिकारी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी की संस्तुति लेने के निर्देश खनन अधिकारी को दिए। ताकि स्कूल की छात्र संख्या एवं आवश्यकता को देखते हुए ऐसे विद्यालयों को पहली प्राथमिकता दी जा सके। जिलाधिकारी ने पेयजल से संबंधित नगरीय क्षेत्रों के प्रस्तावों को सम्मिलित करने व ग्रामीण क्षेत्रों के प्रस्तावों को जल जीवन मिशन में सम्मिलित करने के निर्देश अधिशासी अभियंता जल संस्थान को दिए। उन्होंने कहा कि उच्च प्राथमिकता वाले प्रस्तावों को औचित्य के साथ खनिज फाउंडेशन न्यास में रखा जाय। साथ ही समिति की औचित्यपूर्ण रिपोर्ट के आधार पर ही प्रस्तावित कार्यों को स्वीकृति हेतु शासी परिषद की बैठक में प्रस्तुत किए जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ देवेश चौहान, खनन अधिकारी ताजबर सिंह नेगी, ईई सिंचाई केके जोशी, जल संस्थान सीएस देवडी, लघु सिंचाई विमल सूंठा, ग्रामीण निर्माण विभाग संजय भारती, खंड विकास अधिकारी आलोक भंडारी सहित ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख हरीश मेहरा, ग्राम प्रधान भैरूचौबट्टा नवीन चंद्र, नौगांव गणेश राम, करूली प्रकाश सिंह, दियाली कुरोली मनोज सिंह, जगदीश सिंह आदि मौजूद रहे।

# रजत जयंती समारोह में रंगारंग कार्यक्रमों की धूम

संवाददाता, अल्मोड़ा

**आयोजन**

- **मेधावी छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को किया सम्मानित**
- **स्कूल की 25 सालों की उपलब्धियों के बारे में बताया**

**अमृत विचार :** द्वाराहाट विकास खंड के बोनाफाइड पब्लिक स्कूल का रजत जयंती समारोह यहां रंगारंग कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम के दौरान स्कूल के पूर्व मेधावी छात्र छात्राओं और शिक्षकों को सम्मानित भी किया गया। समारोह का शुभारंभ उत्तराखंड मुक्त विवि के कुलपति प्रो. पीएस नेगी ने बतौर मुख्य अतिथि दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

छात्र छात्राओं ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत की और उसके बाद कुमाऊंनी, गढ़वाली लोक गीत और नृत्य, देश भक्ति गीत, नाटक व अनेक आंचलिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रबंधक पुष्कर कांडपाल और प्रधानाचार्या लक्ष्मी जोशी ने विद्यालय की 25 सालों की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि हीरा सिंह बिष्ट ने की। इस मौके पर पूर्व विधायक महेश नेगी, अनिल शाही, शंकर बिष्ट, मदन चौधरी, चंद्रा दत्त, गजेंद्र नेगी, आदित्य कांडपाल, रितेश मिश्रा, सुनीता आर्या, शंकर फुलारा, हेम कांडपाल, मुकेश पांडे, सुंदरलाल आदि मौजूद रहे।

### साह के नगर अध्यक्ष बनने पर जताई खुशी

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** पर्वतीय सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता कल्याण समिति ने मंगलवार को एक बैठक का आयोजन किया। बैठक में संगठन के सदस्यों ने संजय साह रिक्खू के लगातार तीसरी बार अध्यक्ष बनने पर खुशी व्यक्त की। इसके अलावा मनोज वर्मा को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किए जाने के फैसले का भी स्वागत किया। गल्ला विक्रेताओं ने कहा कि साह के देवभूमि नगर मंडल के अध्यक्ष बनने के बाद व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण हो सकेगा।

इस दौरान संगठन के सदस्यों ने बाजार में मिष्ठान वितरण भी किया। बैठक में दिनेश गोयल, अभय साह, पंकज कपिल, केशर खनी, सुरेश सांगा, देवेंद्र चौहान, नारायण सिंह, विपिन तिवारी, संदीप पंदा, कपिल, दीपक साह, लीला साह मौजूद रहे।

## एक नजर

### कनारीछीना से विद्युत आपूर्ति करने की मांग

**अल्मोड़ा :** जिले के राज्य आंदोलनकारियों ने विकास खंड धौलादेवी व भैंसियाछाना के ग्रामीण क्षेत्रों में कनारीछीना सब स्टेशन से बिजली आपूर्ति करने की मांग की है। राज्य आंदोलनकारियों ने कहा है कि इन दो विकास खंडों के सैकड़ों गांवों को तोली सब स्टेशन से बिजली की आपूर्ति की जाती है। लेकिन इस सब स्टेशन पर अत्यधिक भार होने के कारण अक्सर बाड़ेछीना, पेटशाल, नगरखान व अन्य क्षेत्रों में बिजली गुल रहती है। जिस कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। राज्य आंदोलनकारियों ने इस समस्या के निदान के लिए इन क्षेत्रों को कनारीछीना सब स्टेशन से जोड़ने की मांग की है।

### पहले दिन शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई बोर्ड परीक्षा

**अल्मोड़ा :** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा के पहले दिन अल्मोड़ा में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। पहले दिन हाईस्कूल के हिन्दुस्तानी संगीत, इंटर कृषि हिंदी और हिंदी की परीक्षा हुई। जिले में हुई इस परीक्षा में कुल 5,970 परीक्षार्थी शामिल हुए। पहला पेपर अच्छा रहने से छात्रों के चेहरे खिल उठे और परीक्षा को लेकर उनमें खासा उत्साह भी दिखाई दिया। उत्तराखंड बोर्ड की ओर से जिले में परीक्षा को लेकर 110 केंद्र बनाए गए हैं। जहां सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं। बोर्ड परीक्षा नियंत्रण कक्ष प्रभारी जनार्दन तिवारी ने बताया कि पहले दिन हाईस्कूल हिन्दुस्तानी संगीत में कुल पंजीकृत बारह छात्र छात्राओं ने परीक्षा दी। जबकि इंटर कृषि हिंदी में नौ और हिंदी विषय में 67 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा सुबह दस से दिन में एक बजे तक आयोजित कराई गई।

### चम्पावत में 2348 छात्र छात्राओं ने दी परीक्षा

**टनकपुर/चम्पावत :** उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल और इंटर की परीक्षा शुरू हो गई है। पहले दिन मंगलवार को हिंदी की परीक्षा हुई। परीक्षा नियंत्रण कक्ष के संजीव भट्ट ने बताया कि चम्पावत जिले में इंटर में हिंदी के रेग्युलर और प्राइवेट 2369 अभ्यर्थियों में से 2348 ने परीक्षा दी जिसमें 21 अभ्यर्थी गैर हाजिर रहे। मुख्य शिक्षाधिकारी मेहरबान बिष्ट ने बताया कि नकल रोकने के लिए पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। उड़नदस्तों दस्तों के अलावा हर परीक्षा केंद्र के 200 मीटर के दायरे में धारा 144 लगाई गई है। जिले में हाईस्कूल में 2995 और इंटर में 2397 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं।

# पूर्णागिरि मेले की तैयारियों में हो रही हीलाहवाली... मंदिर समिति का आरोप

### मंदिर समिति ने अध्यक्ष किशन तिवारी के नेतृत्व में तहसीलदार के माध्यम से जिलाधिकारी को भेजा ज्ञापन



टनकपुर तहसील में तहसीलदार जगदीश गिरी को ज्ञापन देते मां पूर्णागिरि धाम के पुजारी।

संवाददाता,टनकपुर

**अमृत विचार :** अगले माह होली पर्व के बाद शुरू होने जा रहे सुप्रसिद्ध मां पूर्णागिरि धाम मेले की तैयारी धीमी गति से होने पर मां श्री पूर्णागिरि मंदिर समिति ने नाराजगी जताई है।

मंदिर समिति के अध्यक्ष पंडित किशन तिवारी ने इस संबंध में टनकपुर के तहसीलदार जगदीश गिरी के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा है। आरोप लगाया है

**▸▸ 26 मार्च से शुरू होकर 15 जून तक चलेगा मां पूर्णागिरि धाम का मेला**

कि जिला पंचायत मेले के आयोजन को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रही है और नहीं समिति से समन्वय बना रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि मेले में किसी तरह की लापरवाही होने पर समिति पुरजोर विरोध करेगी। ज्ञापन में समिति ने मेले की व्यवस्थाओं के लिए जिला पंचायत को निर्देश देने का जिला प्रशासन से अनुरोध किया है।

मां पूर्णागिरि धाम का मेला 26 मार्च से शुरू होकर 15 जून तक चलेगा। मंदिर समिति का आरोप है कि अभी तक बूम से भैरव मंदिर तक बिजली व्यवस्था सुचारू नहीं की गई है। इससे तीर्थयात्रियों को असुविधा के साथ जंगली जानवरों का खतरा बढ़ता है। मंदिर समिति और स्थानीय लोगों से जिला पंचायत ने मेले को लेकर किसी प्रकार का समन्वय नहीं किया है। ज्ञापन में समिति के उपाध्यक्ष नीरज पांडे, सचिव सुरेश तिवारी, कोषाध्यक्ष नवीन तिवारी, कैलाश तिवारी, एमडी पांडे, राजेश तिवारी आदि के मौजूद रहे। इधर मेलाधिकारी जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी भगवत पाटनी का कहना है कि मेले को पंचायत की सभी तैयारी पूरी हो चुकी है। निविदाओं की प्रक्रिया पूरी करने के बाद व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### प्रोन्नति के प्रस्ताव का अनुमोदन न होने पर हड़ताल

**टनकपुर, अमृत विचार :** परिवहन निगम के टनकपुर मंडल में परिचालक पद से बुकिंग क्लर्क (बीसी) और कार्यालय सहायक द्वितीय के प्रस्तावों के अनुमोदन मंडल को प्राप्त न होने पर कर्मचारियों ने मंडल स्तर पर सोमवार से धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। उत्तराखंड रोडवेज इंप्लाइज यूनियन ने बताया कि उन्होंने बीते 24 फरवरी को मंडलीय प्रबंधक संचालन को इस संबंध में पत्र भेजा था। कहा कि राजेश मिश्रा जो गुरुवार को सेवानिवृत्त होने वाले हैं उनका नाम भी परिचालक से बीसी के प्रस्ताव में भेजा गया है। इसी तरह रिंकू कांडपाल का परिचालक से कार्यालय सहायक द्वितीय के पद पर प्रोन्नति होनी है। प्रस्तावित सूची में अनुमोदन लंबित है जिससे कार्मिकों के हित प्रभावित हो रहे हैं। यूनियन ने टनकपुर मंडल के साथ ही नैनीताल और देहरादून मंडल की ओर से मुख्यालय भेजे गए अनुमोदन पर तत्काल कार्यवाही की मांग की। कहा कि मंडल स्तर पर होने वाली प्रोन्नतियां पहले की तरह संबंधित नियुक्ति प्राधिकारी स्तर से हों जिसके लिए सभी मंडलीय अधिकारियों को निर्देश दिए जाएं।

## खेल कार्यक्रमों व अन्य गतिविधियों से मतदान के लिए किया जागरूक

**देहरादून, अमृत विचार:** स्वीप के तहत विभिन्न स्थानों पर वोटर जागरूता अभियान चलाया जा रहा है। डीएम सोनिका के निर्देशानुसार वाल पेंटिंग कर मतदाता जागरूकता स्लोगन, बूथ लेवल पर जागरूकता कार्यक्रम और विभिन्न विभागों की ओर से जागरूकता गतिविधियां की जा रही हैं। इसी क्रम में नगर आयुक्त नगर निगम ऋषिकेश शैलेंद्र सिंह नेगी की ओर से खेल कार्यक्रमों और विभिन्न गतिविधियों के तहत बच्चों के माध्यम से उनके परिजनों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। वहीं खेल व युवा कल्याण विभाग भी ग्राम स्तर पर बूथों पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चला रहा है।

ग्राम पंचायतों में मतदाता शपथ के साथ ही आंगनबाड़ी, आशा कार्यकर्तियों, युवा मंगल दल और स्वयं सहायता समूह मतदान का महत्व बताते हुए नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं। डीएम सोनिका ने सभी उप जिलाधिकारियों व विभागीय अधिकारियों को अपने-अपने स्तर से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित किये जाने के निर्देश दिए।

# महाराज ने बेबाकी से दिए सवालों के जवाब

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों के रिक्त 398 पदों में से उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित प्रतियोगी परीक्षा से चयनित 342 अभ्यर्थियों को नियुक्ति दिए जाने की प्रक्रिया चल रही है। उत्तराखंड विधानसभा के प्रथम सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को विधायक महेश जीना ने सदन में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए उक्त जानकारी देते हुए कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने सदन को बताया कि प्रदेश में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी बीडीओ के कुल 1175 पद सृजित हैं जिनमें 398 पद रिक्त हैं।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों की कमी के कारण गांवों में विकास योजनाओं की गति में कोई फर्क नहीं पड़ा है क्योंकि ग्राम पंचायत विकास अधिकारी ग्राम पंचायत विकास योजनाएं को पूरी कर ई ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड कर रहे हैं। कहा कि सेवा के अधिकार अधिनियम के तहत अधिसूचित सभी सेवाएं व अन्य प्रमाण पत्र ग्रामीणों को समय पर सुलभ कराई जा रही हैं। मंत्री महाराज के उत्तर से संतुष्ट होकर विधानसभा सदस्य महेश जीना ने सदन में बाकायदा उनका आभार भी व्यक्त किया। विधानसभा सदस्य गोपाल सिंह राणा के सवाल का उत्तर देते हुए सतपाल महाराज ने अवगत कराया कि नानकमत्ता साहिब को मानसखंड मिशन द्वितीय चरण के तहत धार्मिक पर्यटन के रूप में विकसित किये जाने के लिए चयनित किया गया है और गुरुद्वारे को सिख सर्किट में भी शामिल किया गया है। विधायक सुमित हृदेश के सवाल के जवाब में लोक निर्माण मंत्री महाराज ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र हल्द्वानी के अंतर्गत सड़कों की मरम्मत करने के साथ ही गड्ढा मुक्त किया जा रहा है। प्रदेश सरकार राज्य मार्गों, मुख्य जिला मार्गों और अन्य जिला मार्गों में पॉट होल्स, पैच की मरम्मत के लिए मोबाइल एप के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों का तत्काल समाधान कर रही है। महाराज ने विधानसभा सदस्य डॉ. प्रमोद नैनवाल और बृजभूषण गैरोला के सवालों का जवाब दिया।

# ग्रामीणों ने डीएम को बताईं दिक्कतें

संवाददाता, अल्मोड़ा



जिलाधकारी तोमर से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपते पनेर गांव के ग्रामीण।

**अमृत विचार :** शिक्षा स्वास्थ्य और पेयजल अव्यवस्थाओं से से आजिज आए विकास खंड भनोली के ग्रामीण अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए मंगलवार को जिलाधिकारी के दरबार में पहुंचे। यहां उन्होंने डीएम निवीत तोमर को अपनी विभिन्न समस्याओं के बारे में जानकारी दी और ज्ञापन सौंपकर इन सभी समस्याओं के निराकरण के लिए कार्रवाई करने की मांग उठाई।

जिलाधिकारी तोमर से मिले ग्रामीणों के शिष्टमंडल ने उन्हें बताया कि विकास खंड के पनेर गांव में बुनियादी सुविधाओं का नितांत अभाव है। गांव के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में लंबे समय से अंग्रेजी विषय के शिक्षक नहीं हैं। विभाग ने नियमों को ताक पर रखकर यहां तैनात शिक्षक को बीआसी से संबंद्ध किया हुआ है। जिस कारण बच्चों की अंग्रेजी की शिक्षा प्रभावित हो रही है। जबकि यह शासनादेश के बिल्कुल विपरीत है। विद्यालय का भवन जीर्ण शीर्ण अवस्था में है, बारिश के समय बच्चों को टपकती छत के नीचे अपना शिक्षण कार्य पूरा करना पड़ता है। विद्यालय भवन के ध्वस्तीकरण की मांग पर विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। इसके अलावा गांव में जल जीवन मिशन योजना के तहत कराए जा रहे कार्यों में भी भारी धांधली बरती जा रही है। निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। कहीं लाइन बिछाने के लिए खुदाई की गई है तो उसमें आज तक पाइप नहीं बिछाए गए हैं। जिस कारण ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## जिले में कड़ाके की ठंड कहीं हल्की बूंदाबांदी

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार मंगलवार का दिन भी काफी ठंडा रहा। आसामन में दिन भर काले बादल छाए रहे। जिले में कहीं कहीं हल्की बूंदाबांदी भी हुई। बर्फीली हवाओं के कारण पूरे जिले में कड़ाके की ठंड रही। ठंड से बचने के लिए लोग अलाव और इलेक्ट्रानिक उपकरणों का सहारा लेते हुए दिखाई दिए।

मंगलवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए थे। दोपहर होने तक आसमान घने और काले बादलों से ठक गया। जिसके बाद जिला मुख्यालय समेत बिनसर, कटारमल, जागेश्वर, दूनागिरि आदि क्षेत्रों में हल्की बारिश भी हुई। तेज हवाओं के कारण पूरा दिन काफी सर्द रहा। जिस कारण लोग जरूरी काम से ही घरों से बाहर निकले।

# लापता युवक का नदी में मिला शव

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** नगर के विवेकानंद पुरी वार्ड से एक शव यात्रा में शामिल होने गए लापता युवक का शव विश्वनाथ स्थित नदी में मिला है। शव मिलने की सूचना मिलने के बाद पुलिस और एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई है। शव को नदी से निकालकर उसका पंचनामा भर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

बीते 23 फरवरी को नगर के विवेकानंदपुरी निवासी मनोज कन्नौजिया (31) पुत्र जगदीश लाल एक शव यात्रा में शामिल होने के लिए विश्वनाथ घाट गया हुआ था। लेकिन देर शाम होने के बाद भी वह वहां से घर नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की। लेकिन मनोज का कहीं पता नहीं चला। परेशान होकर परिजनों ने कोतवाली अल्मोड़ा में मनोज के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसके बाद से पुलिस उसकी लगातार खोजबीन कर रही थी। मंगलवार की शाम विश्वनाथ घाट की ओर से गुजर रहे कुछ लोगों ने नदी में एक शव पड़ा देखा। इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। जिसके बाद कोतवाली पुलिस और एनडीआरएफ की टीम तत्काल मौके की ओर रवाना हुई। टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को नदी से निकाला तो उसकी शिनाख्त लापता मनोज कन्नौजिया के रूप में हुई। एसएसआई सतीश कापड़ी ने बताया कि शव का पंचनामा भर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उन्होंने बताया कि मनोज की मौत का कारण पोस्टमार्टम की रिपोर्ट से पता चलेगा।



विश्वनाथ नदी के पास नदी में शव मिलने के बाद एकत्र भीड़। ● अमृत विचार



पंचेश्वर में पल्लवी पंत का परिजनों और ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत।

# पल्लवी की कामयाबी से गदगद पंचेश्वर के लोग

संवाददाता, चम्पावत

**अमृत विचार :** नेपाल सीमा से लगे पंचेश्वर गांव की पल्लवी पंत की भारतीय रिजर्व बैंक में अफसर बनने की सफलता के बाद पहली बार माता-पिता के साथ पंचेश्वर पहुंचीं। केंद्रीय लोक सेवा आयोग की 2023 में हुई परीक्षा में पल्लवी उत्तराखंड से आरबीआई की ग्रेड बी परीक्षा में सफल रही एकमात्र अभ्यर्थी थीं।

गांव पहुंचने पर लोगों ने ढोल नगाड़ों से पल्लवी का जोरदार स्वागत किया। दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक और काशी हिंदू विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर करने के बाद पल्लवी पंत लगातार दो बार यूपीएससी की परीक्षा में इंटरव्यू राउंड तक पहुंची। और इस बार चयनित 34 अधिकारियों में सबसे कम उम्र की अफसर बन इतिहास रचा। ये अधिकारी भारतीय रिजर्व बैंक की आर्थिक नीति और अनुसंधान विभाग भारत के बैंकों की नीतियों के निर्धारण का बेहद महत्वपूर्ण काम करते हैं। पल्लवी के पिता परम पंत पिथौरागढ़ में आपात सेवा 108 की एंबुलेंस के पिथौरागढ़ के जिला प्रभारी रह चुके हैं और अब वे देहरादून में प्राइवेट संस्था में सेवा दे रहे हैं। जबकि मां एक छोटी सी चूड़ी की दुकान चलाती है। पल्लवी का छोटा भाई बीटेक कर रहा है।

खायकोट के ग्राम प्रधान गणेश सिंह, होशियार सिंह, खेमानंद, जगदीश ओझा, हरीश पंत, प्रेम पंत, दिनेश पंत सहित तमाम ग्रामीणों ने अपनी बेटी पल्लवी का फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया। वहीं पल्लवी के दादा ठांठा के पूर्व प्रधान पंडित आनदेव पंत का 10 फरवरी को ठांठा के दौरे पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अभिनंदन कर चुके हैं।

### प्रचार सामग्री व वस्तुओं के दर निर्धारण के लिए हुई बैठक

**देहरादून, अमृत विचार :** कोषागार सभागार में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मंगलवार को निर्वाचन में प्रयुक्त की जाने वाली प्रचार सामग्री, वस्तुओं के दर निर्धारण के संबंध में बैठक की गई। मुख्य कोषाधिकारी रोमिल चौधरी की अध्यक्षता निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के लिए विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों की ओर से सामान्य रूप से प्रयुक्त की जाने वाली विभिन्न प्रचार सामग्री आदि की दरें निर्धारित की गई। चर्चा के बाद दरें निर्धारित किए जाने पर सहमति बनी। इस दौरान अपर मुख्य नगर आयुक्त नगर निगम देहरादून बीर सिंह बुदियाल, व्यापार कर अधिकारी रविन्द्र सिंह बसेड़ा, सलाहकार राजीव गुप्ता, एआरटीओ राजेंद्र सिंह विराटिया, लेखाकार भरत सिंह, भाजपा से अरविन्द जैन, कांग्रेस से गोपाल, सीपीएम से अनंत आकाश सहित अन्य पार्टियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश

### ट्रेन के आगे कूदा प्रेमी युगल, मौत

**अमरोहा, अमृत विचार :** प्रेमी युगल ने ट्रेन के आगे कूद कर जान दे दी। घटना के बाद मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए।

मुरादाबाद जनपद के पाकबड़ा थानाक्षेत्र के गांव सुल्तानपुर फलेदा में अनुसूचित जाति के दो ग्रामीणों के परिवार रहते हैं। एक ग्रामीण का 18 वर्षीय बेटा कक्षा 12 में पढ़ता था। जबकि दूसरे ग्रामीण की 16 वर्षीया बेटी दसवीं की छात्रा थी। मंगलवार की सुबह करीब 10:30 बजे युवक और किशोरी घर से निकले थे। इसके बाद दोनों पैदल ही चक्कालीलेट रेलवे स्टेशन पहुंचे। अमरोहा-पाकबड़ा बॉर्डर पर गुवाहाटी एक्सप्रेस के आगे कूदकर जान दे दी।

# टायर फटने से ईको पलटी चार की मौत, सात घायल

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं को परीक्षा केंद्र छोड़ने जा रही ईको का कांट क्षेत्र के जरावन में अगला टायर फट गया जिससे ईको अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। हादसे में दो छात्राओं और दो छात्रों की मौत हो गई। जबकि सात परीक्षार्थी घायल हो गए।

मंगलवार सुबह कांट के गांव बरेंडा से द्वारिका प्रसाद महर्षि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के हाईस्कूल के ग्यारह परीक्षार्थी ईको में सवार होकर जैतीपुर स्थित लटूरी लाल इंटर कॉलेज में बने केंद्र पर गणित का पेपर देने जा रहे थे। ईको बरेंडा गांव का मुलायम चला रहा था। करीब 6:10 बजे कांट क्षेत्र के गांव जरावन में बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने अगला टायर फट गया जिससे ईको अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। चालक वैन से कूद गया जिससे उसकी तो जान बच गई, लेकिन कार में सवार चार परीक्षार्थी कांट के गांव बरेंडा निवासी मुस्कान (16) पुत्री महेंद्र, बरेंडा के मजरा गौटिया निवासी अनुराग (14) पुत्र चंद्रपाल, कांट के गांव हरीपुर निवासी प्रतिष्ठा (15) पुत्री अनिल मिश्रा और कांट के ही गांव नगला जाजू निवासी अनुरूप (17) पुत्र नीरज की मौत हो गई। गांव बरेंडा निवासी ज्योति, अवनीश, विपिन, मोहन गुप्ता, रविकांत, ध्रुव, मुलायम सिंह घायल हो गए।

### सीएम धामी चार को आएंगे रामपुर

**रामपुर, अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव की तैयारी तेज होती जा रही है। अब प्रवास कार्यक्रम के तहत उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी चार मार्च को रामपुर आएंगे। वह कई जगह आयोजित कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगे।

सिविल लाइन स्थित भाजपा कार्यालय में मंगलवार को लोकसभा चुनाव संचालन समिति की बैठक हुई। इसमें लोकसभा सह प्रभारी मंजू दिलेर, (पूर्व राष्ट्रीय सदस्य अनुसूचित आयोग) शामिल रहीं। जिला अध्यक्ष हंसराज पप्पू ने बताया कि चार मार्च को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का लोकसभा क्षेत्र में प्रवास रहेगा। वह महत्वपूर्ण व्यक्तियों से संवाद, ऐतिहासिक स्थल का भ्रमण, लाभार्थी संपर्क, युवा संवाद में भाग लेंगे।

### मार्च में तीन दिन बारिश के साथ चलेंगी तेज हवाएं

**बरेली, अमृत विचार :** मंगलवार को सुबह मौसम बदलने से बूंदाबांदी हुई। कुछ देर तक बादल छाए रहने के बाद तेज धूप खिलने से मौसम साफ हो गया। वहीं मौसम विभाग ने एक से तीन मार्च तक बारिश और तेज हवाएं चलने का पूर्वानुमान जताया है। जिले में मंगलवार को अधिकतम तापमान 25.7 और न्यूनतम तापमान 11.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जिले में करीब पांच मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के एक मार्च से प्रभावित करने की संभावना है। इस कारण यहां बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से आने वाली नमीयुक्त हवाओं का समागम रहेगा।

### निर्माण कार्य में सुस्ती: शाहजहांपुर और बदायूं की एजेंसी पर रिपोर्ट दर्ज

**बरेली, अमृत विचार :** मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने बदायूं में पीएसी के आवासीय भवनों के निर्माण और शाहजहांपुर में नगर निगम कार्यालय के निर्माण में शिथिलता बरतने पर निर्माण एजेंसियों के खिलाफ एफआईआर कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आवासीय विद्यालय को 31 मार्च तक और नंदियों के लिए अलग से गोशालाएं बनाकर उन्हें संरक्षित करने के भी निर्देश दिए। आयुक्त सभागार में समीक्षा बैठक में मंडलायुक्त ने विकास कार्यक्रमों में बरेली जिले के पहले स्थान और पीलीभीत के चौथे स्थान पर आने पर डीएम को बधाई और शाहजहांपुर और बदायूं के अफसरों को रैंकिंग में सुधार के निर्देश दिए। अटल आवासीय विद्यालय के निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई।

### 34 हजार वर्गमीटर क्षेत्र में 5 अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर

**बरेली, अमृत विचार :** बीडीए की प्रवर्तन टीम ने कैंट और बिथरी चैनपुर क्षेत्र में बिना नक्शा पास कराए 34 हजार वर्ग मीटर में बनाई जा रहीं पांच अवैध कॉलोनियों को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। कैंट क्षेत्र में लाल फाटक रोड पर वीरू शर्मा लगभग 15 हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में, सुलेमान पांच हजार वर्गमीटर, गजेन्द्र पटेल चार हजार वर्ग मीटर और अब्दुल सलाम पांच हजार वर्ग मीटर में अवैध कॉलोनी विकसित कर रहे थे। बिथरीचैनपुर में रामगंगा नगर आवासीय योजना के सेक्टर चार के पीछे प्रेम लोधी लगभग पांच हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में अवैध कॉलोनी बना रहे थे। बीडीए की टीम ने सभी पर बुलडोजर चला दिया। टीम में सहायक अभियंता हरीश चौधरी आदि रहे।

### टांडा के लोग खाड़ी देशों से कर रहे सोने की तस्करी

**रामपुर, अमृत विचार :** टांडा क्षेत्र के कुछ लोग ग्रुप बनाकर खाड़ी देशों से सोने की तस्करी कर रहे हैं। इनमें नगर के कुछ बड़े लोग भी शामिल हैं। युवाओं को कुछ पैसों का लालच देकर सऊदी अरब, दुबई व अन्य देशों को भेजते हैं। युवक सोने के कैप्सूल बनवाकर उन्हें मुंह के जरिए पेट में रखकर लाते हैं। घटना की जानकारी होने पर पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की है। नगर के कई युवक बरेली, ग्वालियर, गाजियाबाद, बिहार, लखनऊ समेत अन्य स्थानों पर पकड़े जा चुके हैं। तीन दिन पहले भी लखनऊ हवाई अड्डे के बाहर पुलिस ने 12 लोगों को हिरासत में लिया था।

### आईएमसी के राष्ट्रीय महासचिव को मारने की धमकी

**बरेली, अमृत विचार :** कुछ लोगों ने घर में घुसकर आईएमसी के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता के साथ अभद्रता और मारपीट की। विरोध करने पर झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी दी है। एसएसपी के आदेश पर किला पुलिस ने पांच नामजद समेत सात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मलूकपुर बाजदारान निवासी आईएमसी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. नफीस ने बताया कि 25 फरवरी को शाम सवा सात बजे मुन्ना कुरैशी, उसकी पत्नी सजिदा अख्तर उर्फ सीमा, एलिस कुरैशी, रेशम कुरैशी, तबिश कुरैशी और दो अज्ञात लड़के व तीन अज्ञात महिलाएं उनके घर में घुस आए।

## सार-संक्षेप

### जमीन खरीद-फरोख्त में 47 लाख की ठगी, चार नामजद

**मुरादाबाद :** जमीन की खरीद-फरोख्त में ठगी का मामला सामने आया है। इस प्रकरण में पीड़ित सैय्यद मशकूर हाशमी ने चार लोगों के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें मोहम्मद आसिफ, शराफत व इनका बेटा और शाइस्ता जवी नामजद हुए हैं। मुगलपुरा में मकबरा उत्तरी नई आबादी में गौस पाक साहब की ज्यारत के पास के रहने वाले पीड़ित सैय्यद मशकूर हाशमी का आरोप है कि आरोपी मोहम्मद आसिफ लाल मस्जिद में कुआं सराय खजूर का रहने वाला है। दूसरा आरोपी शराफत इसका चाचा है, जो हरथला में रिक्शा कॉलोनी का रहने वाला है। इन लोगों ने उन्हें याकूबपुर में 1.4000 हेक्टेयर जमीन की खरीद में उनसे 1.24 करोड़ रुपये में सौदा किया था। इस जमीन का मालिक शाइस्ता जवी को बताया था। फिर पीड़ित उनकी बातों पर भरोसा कर उन्हें बयाना के तौर पर 10 अप्रैल 2023 को 10 लाख रुपये का चेक दिया था, जबकि 11 लाख रुपये उसे नकद दिए थे।

### पेड़ से लटका मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**बिजनौर :** घर से दिल्ली जाने को कहकर निकले युवक का शव जंगल में पेड़ से लटका मिला। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता ने नौ लोगों पर पुत्र की हत्या करने का शक जाहिर करते हुए पुलिस को तहरीर दी है। शिवाला कलां थानाक्षेत्र के गांव मंझोला बिल्लोच निवासी राहुल कुमार (22) पुत्र नरेश कुमार उर्फ गुड्डू सोमवार की सुबह घर से दिल्ली जाने को कहकर निकला था। मंगलवार को उसका शव गांव के ही गालिब के खेत में पेड़ से लटका मिला। सूचना पर परिजन व पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता ने बताया कि घर से जाने के बाद राहुल अपनी मां को फोन कर अपनी जान को खतरा बता रहा था।

### दो पासपोर्ट मामले में तीन गवाहों ने दर्ज कराए बयान

**रामपुर :** अब्दुल्ला आजम के दो पासपोर्ट मामले में मंगलवार को बचाव पक्ष की ओर से तीन गवाहों ने कोर्ट में बयान दर्ज कराए। इस दौरान वीडियो कॉफ्रेंस के जरिये अब्दुल्ला आजम खां भी पेश हुए। अब इस मामले में चार मार्च को सुनावाई होगी। भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने 30 जुलाई वर्ष 2019 को सिविल लाइंस कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें अब्दुल्ला पर अलग-अलग जन्म तिथि से दो पासपोर्ट बनवाने का आरोप लगाया था। पुलिस ने जांच के बाद अब्दुल्ला के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिए थे। इसकी सुनवाई एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट (मजिस्ट्रेट ट्रायल) में चल रही है। वादी के अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि बचाव पक्ष के गवाह जुनैद खां, आकिब, जब्बाद ने बयान दर्ज कराए।

### माता-पिता अच्छी परवरिश के साथ बच्चों को तालीम दिलाएं

**मुरादाबाद :** मौजूदा समय में बच्चों को तालीम देना बहुत जरूरी है। हर मां-बाप की जिम्मेदारी है कि वह अपने बच्चों को ज्यादा से ज्यादा तालीम दिलाए और उनकी अच्छी परवरिश करे। जिससे बच्चें पढ़-लिखकर देश व समाज का नाम रोशन कर सकें। ऐसे लोगों से लड़ने के लिए हमेशा तैयार रहें जो मुसलमान होकर भी गलत और हराम काम कर रहे है। सबसे पहले उनसे लड़ना है। तभी हम मजबूत होंगे। यह बातें महानगर पहुंचे जमीयत-ए-उलमा हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी ने कहीं। मंगलवार को महानगर के जामा मस्जिद पार्क में जमीयत-ए-उलमा हिंद की उत्तर प्रदेश के प्रांतीय प्रबंधक कमेटी का अधिवेशन हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में मौलाना महमूद असद मदनी रहे। उन्होंने मंच से मुसलमानों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों की तरबियत जरूर है। मैं मां-बाप से कहता हूं कि अपनी औलाद पर ध्यान दें। उन्हें अच्छी तालीम दें। उन्होंने कहा कि आज हम ऐसी परिस्थितियों में एकत्र हुए हैं, जहां हमारे धैर्य का परीक्षण है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 990 फ्लैग 1100 डीएमओ 870 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती- 95 मसूरी- 80 बासमती- 140 दाल दलहन : काला चना- 90 साबुत चना दाल- 88 मूंग साबुत- 113 राजमा- 130- 145 दाल उड़द- 143 साबुत मसूर दाल- 107 मसूर दाल- 110 उड़द साबुत- 127 काबुली चना- 175-185, अरहर दाल- 156 लोबिया/ करमानी- 125 सोयाबीन- 88 मूंगफली- 128 मटर (सूखी)- 58-68 मक्का- 30।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 1835, राज श्री 1350, फ़ॉर्चून कि. 1720, रविन्द्रा 1760, फॉर्चुन ली0 1570, जय जवान 1420, सचिन 1485, सूरज 1445, अवसर 1575, राग गोल्ड 1550, गृहणी 1475, क्लासिक (किलो) 1670, मोर 1565, चक्र टिन 1650, ब्लू 1585, आशीर्वाद मस्टर्ड 1675, स्वास्तिक 1805। किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 14700, जीरा 41000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 41500, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950. चावल-(प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10300, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4650, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350।

# मोदी के तीसरे कार्यकाल में भी जारी रहेंगे सुधार कार्य

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उद्योग निकाय फिक्की की ओर से आयोजित कार्यक्रम में किया आश्वस्त

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को भारतीय उद्योग जगत से खुद को 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य के साथ जुड़ने का आह्वान किया। उद्योग निकाय फिक्की की ओर से आयोजित 'विकसित भारत @ 2047: विकसित भारत व उद्योग' सत्र को संबोधित करते हुए मंत्री ने उद्योग जगत को आश्वस्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल में भी सुधार जारी रहेंगे।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने फिक्की के कार्यक्रम में कहा कि कोई भी देश डिजिटल इंफ्रा के बिना विकास का लक्ष्य हासिल नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि हम डेवलपमेंट गोल के साथ आगे बढ़ेंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार एआई के क्षेत्र में इनोवेशन और निवेश को बढ़ावा देगी। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार स्पेस सेक्टर में भी निवेश को बढ़ावा देगी।



फिक्की के कार्यक्रम में मौजूद सीतारमण, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर व अन्य।

अप्रैल-मई में होने वाले आम चुनावों के बाद नई सरकार का गठन होगा और भाजपा को विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में लौटेंगे। सीतारमण ने कहा कि भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। पिछले 10 वर्षों के दौरान सरकार की ओर से कई सुधार किए गए हैं और यह प्रवृत्ति जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि अगली मोदी सरकार द्वारा किए जाने वाले सुधारों में उत्पादन के कारकों पर ध्यान दिया जाएगा।

### 'विकसित भारत@2047' कार्यक्रम में बोले अनुराग

### एक दशक में यूपीए से यूपीआई तक का आया बदलाव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि सरकार की पहल और उद्योग सहित सभी वर्गों के योगदान से भारत 2047 से बहुत पहले एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा। ठाकुर ने फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) द्वारा आयोजित 'विकसित भारत@2047' सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की साहसिक नीतियों और निर्णयों के कारण भारत दुनिया की पांच नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में से एक से हटकर शीर्ष पांच में पहुंच गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि चुनावों में मिले स्पष्ट जनादेश के कारण प्रधानमंत्री को कठोर निर्णय लेने का अधिकार मिल गया। ठाकुर ने कहा, "यदि आप 2014 पर नजर डालें तो हम दुनिया की पांच नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में से एक थे। भ्रष्टाचार के मामले थे। एक खोए हुए दशक से लेकर 'टेकेड' (प्रौद्योगिकी से भरपूर दशक) तक, यूपीए के समय से लेकर यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) के समय तक का ये सफर कैसा रहा है, मुझे लगता है कि चीजें बदल गई हैं।"

# देश में कर्मचारियों के वेतन में औसत 10% वृद्धि की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

- सर्वे के मुताबिक, सर्वाधिक लाभ वाहन-विनिर्माण के क्षेत्र में

भारत में कंपनियों द्वारा इस साल कर्मचारियों के वेतन में औसतन 10 प्रतिशत वृद्धि किए जाने की उम्मीद है। मंगलवार को जारी एक सर्वे में यह बात कही गई है। सर्वे में कहा गया है कि सबसे अधिक वेतनवृद्धि का लाभ वाहन, विनिर्माण और इंजीनियरिंग क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों को मिलेगा।

मंगलवार को जारी परामर्शक फर्म मर्सर के कुल पारिश्रमिक सर्वेक्षण (टीआरएस) के अनुसार, वर्ष 2023 में औसत वेतनवृद्धि 9.5 प्रतिशत थी। इसमें कहा गया, 'यह प्रवृत्ति भारत के मजबूत आर्थिक प्रदर्शन और नवाचार और प्रतिभा के केंद्र के रूप में इसके बढ़ती आकर्षण को दर्शाती है। भारत में वाहन, विनिर्माण, इंजीनियरिंग और जीवन विज्ञान में कर्मचारियों



को सबसे अधिक वेतनवृद्धि मिलने का अनुमान है। यह इन क्षेत्रों की प्रतिस्पर्धी प्रकृति को दर्शाता है।'

सर्वेक्षण में कहा गया है कि भारत में औसत वेतनवृद्धि 2024 में 10 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है, जो 2023 में 9.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ शीर्ष पर थी। इसमें कहा गया है कि भारत में स्वैच्छिक नौकरी छोड़ने की दर वर्ष 2021 में 12.1 प्रतिशत से धीरे-धीरे बढ़कर वर्ष 2022 में 13.5 प्रतिशत हो गई है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 72,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,650-47,850 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,200 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,050 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 72,000 |
| चांदी तैयार | 72,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,000 |
| चांदी पक्की | 715 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,100 |
| चांदी आभूषण | 72,200। |

# ऑनलाइन लोन: चीनी कंपनियों के खिलाफ जांच अंतिम चरण में

नई दिल्ली, एजेंसी

- कॉरपोरेट मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी जानकारी

एप के जरिये ऑनलाइन कर्ज वितरण से जुड़ी कंपनियों समेत कई चीनी फर्मों के खिलाफ कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय जांच कर रहा है। इनमें से कुछ जांच अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं।

गैरकानूनी ढंग से कर्ज वितरण एप का संचालन करने वाली कंपनियों के खिलाफ हाल में जांच तेज हुई है। इसके अलावा मंत्रालय लाभकारी स्वामित्व को छिपाने के लिए कंपनियों और संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मंत्रालय विभिन्न चीनी कंपनियों खासकर कर्ज एप से जुड़ी कंपनियों के खिलाफ पड़ताल कर रहा है और इनमें से कुछ जांच अंतिम चरण में हैं। अधिकारी के मुताबिक, रिजर्व बैंक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय समेत अन्य इकाइयों से मिली शिकायतों के आधार पर भी संबंधित कंपनियों के खिलाफ जांच शुरू की जाती है। हालांकि कुछ कंपनियों के वित्तपोषण स्रोतों का पता लगाना कभी-कभी मुश्किल होता है, लेकिन कंपनियों के लाभकारी स्वामित्व का पता लगाने के प्रयास किए जाते हैं।

## वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री अगले वित्त वर्ष में 7% तक घटेगी: इक्रा

**नई दिल्ली।** घरेलू वाणिज्यिक वाहन (सीवी) की बिक्री में अगले वित्त वर्ष में उच्च आधार प्रभाव की वजह से चार से 7 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने कहा कि आम चुनावों से पहले आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण जनवरी-मार्च तिमाही में बुनियादी ढांचागत गतिविधियों में रुकावट के कारण बिक्री कम रह सकती है। एजेंसी ने कहा, "अनुमान है कि वित्त वर्ष 2023-24 में घरेलू सीवी उद्योग की मात्रा में सालाना दो से पांच प्रतिशत की वृद्धि होगी।

# खेती के साथ आय बढ़ाएगी कृषि विकास योजना

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- सरकार के अधीन विभाग और संस्थाएं करेंगी काम, मिली मंजूरी

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में खेती के साथ किसानों की आय 'राज्य कृषि विकास योजना' बढ़ाएगी। इस योजना को शासन ने स्वीकृति दी है। इसमें कृषि एवं सम्वर्गीय विभाग व संस्थाएं योजनाओं-परियोजनाओं पर काम कर किसानों को लाभान्वित करेंगी। इनके सहयोग से किसानों की आय में गुणात्मक वृद्धि होगी।

इसमें एक जिला एक उत्पाद में मुख्य फसल को शामिल किया जाएगा। जीआई टैग भी दिया जाएगा। इससे उत्पाद को पहचान के साथ बिक्री का प्लेटफार्म मिलेगा। वहीं, राज्य सरकार विभाग



व संस्थाओं को निधि पर 100 प्रतिशत अनुदान देगी। योजना का कृषि विभाग को नोडल नामित किया गया है, जिसकी देखरेख में बजट, भुगतान से लेकर योजनाओं पर सभी काम होंगे। विभाग व संस्थाएं प्रगति रिपोर्ट के साथ खर्च का उपभोग प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराएंगे।

**प्रोत्साहन के लिए करेंगे नई पहल:** कौशल विकास के तहत किसानों को अंतर्राज्यीय व अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण, विस्तार सेवाओं के प्रोत्साहन के लिए नई पहल, फार्म मैकेनाइजेशन, सोलर संचाई पंप, कृषि ड्रोन, कंबाइन हार्वेस्टर, प्राकृति खेती, श्री अन्न पर प्रशिक्षण व मेला, प्रदर्शनी, गोष्ठी व कार्यशाला में सम्मलित किया जाएगा। इसके अलावा कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र के अंतर्गत नवीन अवसंरचनाओं की आवश्यकता होने पर प्रयोगशाला की स्थापाना, भंडारण सुविधा, मोबाइल मल्टी यूटिलिटी वैन, कृषि निवेश केंद्र, कृषि रक्षा इकाई, कृषि विपणन पर कार्य होंगे।

## राष्ट्रीय

# कांग्रेस-कम्युनिस्ट केरल में दुश्मन, बाकी जगह अच्छे मित्र

## भाजपा की राज्य इकाई की पदयात्रा के समापन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों दलों पर किया कटाक्ष

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र में भाजपा के खिलाफ मजबूत विकल्प तैयार करने का प्रयास कर रहे कांग्रेस और कम्युनिस्ट दलों पर कटाक्ष करते हुए मंगलवार को कहा कि वे केरल में एक-दूसरे के दुश्मन हैं, लेकिन अन्य राज्यों में वे 'बीएफएफ' यानी हमेशा के लिए सबसे अच्छे दोस्त हैं।

मोदी ने यहां सेंट्रल स्टेडियम में भाजपा की राज्य इकाई की पदयात्रा के समापन समारोह में विपक्ष पर निशाना साधते हुए दावा किया कि उसके पास देश की प्रगति के लिए कोई खाका नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्ष यह मान चुका है कि वह इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव में जीत नहीं पाएगा, इसीलिए उसके नेता उन्हें भला-बुरा कहने की



रणनीति अपना रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'केरल में कांग्रेस और कम्युनिस्ट एक-दूसरे के दुश्मन हैं, लेकिन अन्य राज्यों में वे 'बीएफएफ' हैं।'

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने कम्युनिस्ट मुख्यमंत्री (पिनराई विजयन) पर भ्रष्टाचार एवं घोटालों में शामिल होने का आरोप लगाया और वाम सरकार को फासीवादी करार दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा, 'इसके जवाब में कम्युनिस्टों ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज कराया और उनके पूर्ववर्ती प्रशासनों पर विभिन्न घोटालों में शामिल होने का आरोप लगाया, लेकिन केरल के बाहर 'इंडी' गठबंधन की बैठकों में वे एक साथ बैठते हैं। समोसे और बिस्कुट खाते हैं और चाय पीते हैं।' उन्होंने कहा, 'यानी तिरुवनंतपुरम में वे कुछ और कहते हैं तथा दिल्ली में कुछ और कहते हैं। केरल के लोग आगामी लोकसभा चुनावों में इस विश्वासघात का जवाब देंगे।'

मोदी ने केरल के लोगों से आग्रह किया कि वे आगामी लोकसभा चुनावों में राज्य में उनकी पार्टी को दोहरे अंकों में सीट जिताकर अपना आशीर्वाद दें। उन्होंने कहा कि भाजपा कभी किसी राज्य को वोट बैंक के नजरिए से नहीं देखती। मोदी ने दावा किया कि पिछले 10 साल में केरल को अन्य भाजपा शासित राज्यों की तरह ही विकास से लाभ हुआ है। उन्होंने कहा कि यह उनकी गारंटी है कि वह केरल के लोगों के सपनों और आकांक्षाओं को साकार करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के साथ-साथ देश से गरीबी और भ्रष्टाचार मिटाना 'मोदी की गारंटी' है।

### तमिलनाडु में बोले मोदी- 'इंडिया' गठबंधन ने अपनी हार स्वीकार कर ली

**तिरुपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों ने हार स्वीकार कर ली है, लेकिन उनका इरादा लूटने का है। मोदी ने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए द्रमुक और कांग्रेस की आलोचना की और अन्नाद्रमुक के नेताओं दिवंगत एमजी रामचंद्रन और जयललिता की विरासत का उल्लेख किया। मोदी ने यहां भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई की राज्यव्यापी यात्रा 'एन मन एन मक्कल' के समापन समारोह को संबोधित करते हुए विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान केंद्र की भाजपा सरकार ने तमिलनाडु में विकास परियोजनाओं के लिए पहले की तुलना में अधिक धनराशि दी है। मोदी ने कहा, 'इंडिया के घटक दलों ने हार स्वीकार कर ली है, लेकिन उनका इरादा लूटने का है। लेकिन लोगों ने ऐसे किसी भी प्रयास को रोकने का मन बना लिया है। तमिलनाडु में भी भाजपा भ्रष्टाचार की राजनीति को खत्म करने की तैयारी कर रही है।"

## बिहार: कांग्रेस के दो व राजद के एक विधायक भाजपा में शामिल

**पटना।** बिहार में कांग्रेस के विधायक मुरारी प्रसाद गौतम, सिद्धार्थ गौतम और राष्ट्रीय जनता दल की विधायक संगीता कुमारी मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गईं। भाजपा में शामिल होने के बाद उन्होंने बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा से मुलाकात की। सम्राट चौधरी से मिलने जाते वक्त जब संगीता कुमारी से पत्रकारों ने पूछा कि क्या वह भाजपा में शामिल हो गई हैं तो उन्होंने कहा- हां।

तेजस्वी यादव की 'जन विश्वास यात्रा' और 3 मार्च को प्रस्तावित रैली से पहले इस पालाबदल को भाजपा की ओर से लोकसभा चुनाव से पहले हर संभव समीकरण साधने के तौर पर देखा जा रहा है। संगीता कुमारी कैमूर जिले की मोहनिया सीट से विधायक हैं। वहीं सिद्धार्थ विक्रम सीट और मुरारी गौतम चेनारी से विधायक हैं।

# परिवारों का उपभोग खर्च सर्वे चुनाव से प्रेरित: खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस अध्यक्ष मोदी सरकार पर लगाए आरोप

कांग्रेस ने हाल में आए उपभोग खर्च सर्वे को 'चुनाव से प्रेरित और भ्रामक सर्वे' करार देते हुए मंगलवार को दावा किया कि सरकार ने गरीबी के विषय पर अपनी पीठ थपथपाने की नाकाम कोशिश की है, जबकि हकीकत यह है कि आज 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यह भी कहा कि अगर केंद्र में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनती है तो देश में जाति आधारित जनगणना करवाई जाएगी ताकि सही आंकड़ा एकत्र हो सके।

राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) के ताजा अध्ययन के मुताबिक, देश में परिवारों का प्रति व्यक्ति मासिक घरेलू खर्च 2011-12 की तुलना में 2022-23



में दोगुना से अधिक हो गया है। गत शनिवार को जारी बयान के अनुसार, एनएसएसओ ने अगस्त, 2022 से जुलाई, 2023 के दौरान परिवारों का उपभोग खर्च सर्वेक्षण किया। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, '10 साल की गहन निद्रा में खर्राटे लेने के बाद आखिरकार मोदी सरकार जनता के खर्च और आमदनी पर चुनाव से प्रेरित सर्वे लाई है। सर्वे में मोदी सरकार ने अपनी पीठ थपथपाने की नाकाम कोशिश की है।'

## एक नजर

### संदेशखालि जा रहे आईएसएफ विधायक नौशाद सिद्दीकी गिरफ्तार

**कोलकाता।** पुलिस ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के अशांत संदेशखालि जा रहे 'इंडियन सेक्युलर फ्रंट' (आईएसएफ) के विधायक नौशाद सिद्दीकी को गिरफ्तार कर लिया। निषेधाज्ञा लागू होने का हवाला देते हुए संदेशखालि की ओर जा रहे कांग्रेस के एक दल को भी नजात के पास रोक दिया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि भांगड़ से विधायक सिद्दीकी को कोलकाता में साइंस सिटी के पास गिरफ्तार किया गया था।

### राजद विधायक के परिसरों पर ईडी ने की छापेमारी

**आरा/पटना।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आय से अधिक संपत्ति के मामले को लेकर मंगलवार को बिहार के भोजपुर जिला मुख्यालय आरा में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) विधायक किरण देवी, उनके पति और पूर्व विधायक अरुण यादव तथा कुछ अन्य से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की। किरण देवी भोजपुर जिले के संदेश निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती हैं, जहां उनके पति ने 2015 के विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की थी। तेजस्वी यादव ने कहा कि ये छापे इस बात का सबूत हैं कि केंद्र में शासन करने वाली भाजपा डरी हुई है।

## बीजद से टिकट पाने के लिए 10 हजार से ज्यादा ने किया आवेदन

**भुवनेश्वर।** आगामी लोकसभा चुनाव और ओडिशा विधानसभा का चुनाव लड़ने के लिए बीजू जनता दल का टिकट पाने के लिए 10,000 से ज्यादा लोगों ने आवेदन किया है। ओडिशा विधानसभा में 147, जबकि राज्य में लोकसभा की 21 सीटें हैं। बीजद के संगठन सचिव प्रणब प्रकाश दास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "आगामी चुनावों में पार्टी टिकट के लिए 10,000 से अधिक लोगों ने आवेदन किया है।"

## जमात-ए-इस्लामी पर प्रतिबंध पांच साल बढ़ा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राष्ट्र की सुरक्षा, अखंडता और संप्रभुता के खिलाफ गतिविधियों को जारी रखने को लेकर मंगलवार को जमात-ए-इस्लामी (जम्मू कश्मीर) पर प्रतिबंध पांच साल के लिए बढ़ा दिया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश की सुरक्षा को खतरा पहुंचाने वाले किसी भी व्यक्ति को कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की आतंकवाद और अलगाववाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति का पालन करते हुए सरकार ने जमात-ए-इस्लामी (जम्मू कश्मीर) पर प्रतिबंध पांच साल के लिए बढ़ा दिया है।' जमात पर देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने का आरोप है। इसे पहली बार 28 फरवरी 2019 को 'गैरकानूनी संगठन' घोषित किया गया था।

## राजस्थान: आईसीयू में भर्ती महिला से दुष्कर्म, आरोपी कर्मचारी गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान के अलवर जिले में एक निजी अस्पताल की आईसीयू में भर्ती महिला से दुष्कर्म के आरोप में एक कर्मचारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने बताया कि घटना मंगलवार सुबह करीब साढ़े चार बजे की है। आरोपी चिराग यादव को हिरासत में ले लिया गया। वह अस्पताल में नर्सिंग सहायक के पद पर कार्यरत है। शिवाजी पार्क थाना प्रभारी राजपाल सिंह ने बताया कि फेफड़ों में संक्रमण के कारण महिला अस्पताल के आईसीयू में उपचाराधीन है।

## मुंबई : छोटा राजन गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने वर्ली से छोटा राजन गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है और उसके पास से एक देसी पिस्तौल और कारतूस बरामद किए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान श्याम तांबे उर्फ सेवियो रॉड्रिग्स (42) के रूप में हुई है, जिसे सोमवार को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने कहा, "मुंबई पुलिस की अपराध शाखा को विशेष सूचना मिली थी कि तांबे मध्य मुंबई में वर्ली के जीजामाता नगर इलाके में आ रहा है। सूचना के अनुसार जाल बिछाया गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।" उन्होंने बताया कि उसके पास से एक देसी पिस्तौल और तीन कारतूस बरामद किए गए। अधिकारी ने बताया कि तांबे छोटा राजन गिरोह का सक्रिय सदस्य था

# बीकानेर: जासूसी के आरोप में कैंटीन का संचालक गिरफ्तार

जयपुर, एजेंसी

- पाकिस्तानी महिला एजेंट के साथ खुफिया सूचना कर रहा था साझा

पाकिस्तानी गुप्तचर एजेंसियों के लिए जासूसी करने को लेकर बीकानेर जिले में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी सैन्य क्षेत्र 'महाजन' में कैंटीन चलाता है, जो 'हनीट्रैप' में फंसकर सामरिक महत्व की सूचनाएं पाक 'हैंडलर' को दे रहा था।

अतिरिक्त महानिदेशक (पुलिस खुफिया) संजय अग्रवाल ने बताया कि राजस्थान खुफिया विभाग ने मिलिट्री इंटेलिजेंस (सैन्य खुफिया शाखा), बीकानेर के साथ संयुक्त कार्रवाई कर पाकिस्तान गुप्तचर एजेंसी के लिए जासूसी कर रहे 'ऊपर का बास' गांव (बीकानेर जिले) के निवासी विक्रम सिंह (31) को गिरफ्तार किया है। अग्रवाल ने बताया कि सतत निगरानी के दौरान पता चला कि विक्रम सिंह सोशल मीडिया के माध्यम से पाकिस्तानी खुफिया हैंडलर के निरंतर संपर्क में है। उन्होंने बताया कि जब विक्रम सिंह की गतिविधियों पर गहनता से नजर रखी गई तो पता चला कि वह 'हनीट्रैप' में फंसकर सोशल मीडिया के माध्यम से पाक महिला एजेंट के साथ सामरिक महत्व की सूचना साझा कर रहा है।

## मराठा आरक्षण आंदोलन की होगी एसआईटी जांच

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने सरकार को निर्देश दिया कि वह एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करके उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के खिलाफ मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे की टिप्पणी की व्यापक जांच करे। सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्यों ने जरांगे की टिप्पणियों का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि राज्य में अशांति फैलाने की साजिश थी। अध्यक्ष ने सरकार को फडणवीस के खिलाफ जरांगे की टिप्पणियों की जांच के लिए एक एसआईटी गठित करने का निर्देश दिया। जरांगे ने आरोप लगाया था कि फडणवीस उनकी हत्या कराने कोशिश कर रहे हैं।

# आप ने दिल्ली से चार और हरियाणा से एक उम्मीदवार घोषित किया

नई दिल्ली, एजेंसी

- विधायक सोमनाथ भारती को नई दिल्ली सीट से टिकट

आम आदमी पार्टी (आप) ने लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली की चार और हरियाणा की एक सीट के लिए मंगलवार को उम्मीदवारों की घोषणा की। पार्टी ने वरिष्ठ नेता सोमनाथ भारती को नई दिल्ली सीट से मैदान में उतारा है। पार्टी ने राज्यसभा के पूर्व सदस्य सुशील गुप्ता को हरियाणा के कुरुक्षेत्र से अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक के बाद पांच नामों की



घोषणा की गई। आप के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) संदीप पाठक ने यहां संवाददाता सम्मेलन में उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। आप ने दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष एवं मालवीय नगर से विधायक सोमनाथ भारती को नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से, कोंडली के विधायक कुलदीप कुमार को पूर्वी दिल्ली सीट से, सहीराम पहलवान को दक्षिणी दिल्ली से और पूर्व सांसद महाबल मिश्रा को पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा है।

पार्टी ने दिल्ली में लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की अपने सहयोगी कांग्रेस से हाथ मिलाया है। सीट बंटवारे को लेकर दोनों दलों के बीच हुए समझौते के तहत आप दिल्ली में चार और कांग्रेस तीन लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लोकसभा की कुल सात सीट हैं।

## आदर्श आचार संहिता से पहले जारी हो सकते हैं सीएए के नियम

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए बिना दस्तावेज वाले गैर-मुस्लिम प्रवासियों को तेजी से नागरिकता देने के लिए विवादास्पद नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 (सीएए) के कार्यान्वयन के नियम लोकसभा चुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले जारी किए जाने की संभावना है। चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है। चुनाव का कार्यक्रम अगले पखवाड़े में घोषित किया जा सकता है। सूत्रों ने कहा कि आदर्श आचार संहिता प्रभाव में आने से पहले सीएए के नियम जारी किए जा सकते हैं।

# हॉकी इंडिया की सीईओ एलेना नॉर्मन का त्यागपत्र

## आरोप लगाया- लंबे समय से वेतन रोका, गुटबाजी से काम करना मुश्किल

नई दिल्ली, एजेंसी



लंबे समय तक हॉकी इंडिया की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रहीं एलेना नॉर्मन ने त्यागपत्र दे दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि लंबे समय से उनका वेतन रोका गया था तथा महासंघ में गुटबाजी से काम करना मुश्किल हो गया था।

ऑस्ट्रेलिया की नॉर्मन 13 वर्ष से यह पद संभाल रही थीं और उन्हें तीन महीने से भुगतान नहीं किया गया था। हॉकी इंडिया के नॉर्मन के पद छोड़ने के संबंध में किसी कारण का उल्लेख किए बिना इस ऑस्ट्रेलियाई ने कहा कि (वेतन से जुड़े हुए) कुछ मुद्दे थे तथा काफी पहल करने के बाद पिछले सप्ताह उन्हें मंजूरी मिली। नॉर्मन ने कहा कि हॉकी इंडिया में दो गुट हैं। एक तरफ मैं और (अध्यक्ष) दिलीप टिर्की हैं तथा दूसरी तरफ (सचिव) भोलानाथ सिंह, (कार्यकारी निदेशक) कमांडर आरके श्रीवास्तव और (कोषाध्यक्ष) शेखर जे मनोहरन हैं। दो गुटों की लड़ाई में काम करना मुश्किल हो रहा था। नॉर्मन का त्यागपत्र भारतीय महिला हॉकी टीम की मुख्य कोच यानेक शोपमैन के उस बयान के कुछ दिनों बाद आया है, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि राष्ट्रीय महासंघ उन्हें महत्व नहीं देता और उनका सम्मान नहीं करता।

### 13 साल तक एलेना नॉर्मन ने संभाला था पद

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया की निवर्तमान सीईओ एलेना नॉर्मन ने कहा कि महासंघ में जैसा माहौल बन गया था उसमें काम करना मुश्किल था और ऐसे में उनके पास त्यागपत्र देने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। 13 साल तक यह पद संभालने के बाद नॉर्मन ने त्यागपत्र दे दिया। हॉकी इंडिया ने अपने आधिकारिक बयान में इसका कोई कारण नहीं बताया है लेकिन नॉर्मन ने उन चीजों का जिक्र किया है जिनसे उन्हें अपना पद छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा।

नॉर्मन का त्यागपत्र राष्ट्रीय महासंघ के लिए एक और झटका है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष और पूर्व भारतीय कप्तान दिलीप टिर्की ने नॉर्मन का त्यागपत्र स्वीकार करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। टिर्की ने कहा कि न सिर्फ हॉकी इंडिया के अध्यक्ष बल्कि पूर्व खिलाड़ी और हॉकी प्रेमी होने से मैं 12-13 वर्षों में उल्लेखनीय योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त करता हूं। नॉर्मन के सानिध्य में भारत की पुरुष और महिला टीमों ने सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की थी। यही नहीं पुरुष टीम ने तोक्यो ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक जीतकर 41 साल के इंतजार को खत्म किया था।

# नामीबिया के लॉफ्टी-ईटन ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में 33 गेंद पर जड़ा शतक

कीर्तिपुर (नेपाल), एजेंसी



नामीबिया के यान निकोल लॉफ्टी-ईटन ने मंगलवार को त्रिकोणीय शृंखला के पहले मैच में नेपाल के खिलाफ 33 गेंद में शतक के साथ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास का सबसे तेज शतक जड़ा। मध्य क्रम के बल्लेबाज लॉफ्टी-ईटन ने नेपाल के कुशाल मल्ला के 34 गेंद में शतक के रिकॉर्ड को तोड़ा।

मल्ला ने पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों के दौरान यह उपलब्धि हासिल की थी जब उनकी टीम ने मंगोलिया के खिलाफ 3 विकेट पर 314 रन का विश्व रिकॉर्ड स्कोर बनाया था। लॉफ्टी-ईटन ने सिर्फ 36 गेंद में 101 रन की पारी खेली। उन्होंने 11 चौके और 8 छक्के लगाए तथा 280.55 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 92 रन बाउंड्री से जुटाए। 22 साल के लॉफ्टी-ईटन ने अब तक 33 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय और 36 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। यह उनका पहला अंतर्राष्ट्रीय शतक है। लॉफ्टी-ईटन के अलावा सलामी बल्लेबाज मलान क्रूगर ने भी नाबाद 59 रन की पारी खेली, जिससे नामीबिया ने 4 विकेट पर 206 रन बनाए। नेपाल की टीम इसके जवाब में 19वें ओवर में 186 रन पर सिमट गई। दीपेंद्र सिंह ऐरी (48) नेपाल की ओर से शीर्ष स्कोरर रहे। नामीबिया की ओर से रूबेन ट्रंपलमैन ने 29 रन देकर 4 विकेट चटकाए। टूर्नामेंट की तीसरी टीम नीदरलैंड है।

## खेल डायरी

### एंडी मरे ने दुबई में जीत के बाद दिया संकेत, कुछ महीने और बचे हैं



**दुबई, एजेंसी।** तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन एंडी मरे ने दुबई टेनिस चैंपियनशिप के पहले दौर में तीन सेट में डेनिस शापोवालोव को हराने के बाद संकेत दिया कि उनके करियर के अब कुछ अंतिम महीने बचे हैं। मरे ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करत हुए शापोवालोव को 4-6, 7-6 (5), 6-3 से हराकर हार्ड कोर्ट पर 500वीं जीत दर्ज की। पहले दौर में जीत के बाद मरे ने कहा कि बेशक मुझे अब भी प्रतिस्पर्धा पेश करना पसंद है और अब भी खेल से प्यार करता हूं। लेकिन उम्र बढ़ने के साथ युवा खिलाड़ियों से प्रतिस्पर्धा करना और शरीर को फिट तथा तरोताजा रखना मुश्किल हो जाता है। संभवत: मेरे पास काफी समय नहीं बचा है लेकिन इन अंतिम महीनों में मैं जितना संभव हो सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा। मरे पहले भी संन्यास लेने पर विचार कर चुके हैं। शापोवालोव के खिलाफ जीत साल की उनकी सिर्फ दूसरी जीत है। मरे अगले दौर में उगो हम्बर्ट और गेल मोनफिल्स के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे। ओपन युग में मरे के अलावा रोजर फेडरर (783), नोवाक जोकोविच (700), आंद्रे अगासी (592) और रफेल नडाल (518) ने हार्ड कोर्ट पर 500 से अधिक जीत दर्ज की हैं।

### रोनाल्डो के आपत्तिजनक इशारे से बवाल

**रियाद (सऊदी अरब), एजेंसी।** दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो सऊदी प्रो लीग में दर्शकों की तरफ कथित आपत्तिजनक इशारा करने से विवादों में फंस गए हैं। उनके इस व्यवहार की जांच की जा रही है। सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में रोनाल्डो को अपने कान पकड़ते हुए और बार-बार अपनी श्रोणि के पास हाथ ले जाते हुए दिखाया गया है। ऐसा लगता है कि रोनाल्डो इस तरह का आपत्तिजनक इशारा करके अपनी टीम अल नासर की प्रतिद्वंद्वी टीम अल शबाब के समर्थकों को चिढ़ा रहे हैं। यह घटना रविवार को खेले गए मैच के दौरान हुई जिसमें अल नासर ने अल शबाब को 3-2 से हराया। इस वीडियो में दर्शकों को मेसी मेसी के नारे लगाते हुए सुना जा सकता है। लियोनेल मेसी रोनाल्डो के प्रतिद्वंद्वी रहे हैं।

### मेरा लक्ष्य पैरालंपिक स्वर्ण बरकरार रखना है : प्रमोद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पांच विश्व चैंपियनशिप खिताब के लिन डैन के रिकॉर्ड की बराबरी करने वाले भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत अब पेरिस में अपना पैरालंपिक खिताब बरकरार रखना चाहते हैं और उनका इरादा 2036 खेलों में भी भाग लेने का है। बिहार में जन्मे 35 वर्ष के भगत ने रविवार को इंग्लैंड के डेनियन बेथेल को एसएल3 वर्ग के फाइनल में हराकर चीन के लिन डैन के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। पोलियो के शिकार भगत ने कहा कि ओलंपिक के बाद से मेरे अभ्यास में कमी आ गई थी और उसने भी अपने खेल पर काम किया। हमने जितने फाइनल खेले हैं, उसका दबदबा रहा है लिहाजा मेरे लिए मानसिक अवरोध पैदा हो गया था। पेरिस पैरालंपिक से पहले वह तोड़ना जरूरी था। मैं यह गलती सुधारना चाहता था जो मैने ओपन टूर्नामेंटों में की थी।

### न्यूजीलैंड के नील वैगनर ने टेस्ट से संन्यास लिया



**वेलिंगटन (न्यूजीलैंड), एजेंसी।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज नील वैगनर ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। दक्षिण अफ्रीका में जन्मे वैगनर ने न्यूजीलैंड की तरफ से 64 टेस्ट मैच खेले, जिनमें उन्होंने 37 की औसत से 260 विकेट लिए। वह न्यूजीलैंड की तरफ से टेस्ट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में पांचवें नंबर पर हैं। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच के लिए न्यूजीलैंड की टीम में जगह मिलने की संभावना नहीं थी और उन्होंने 5 दिवसीय प्रारूप से संन्यास लेने की घोषणा कर दी। वैगनर ने 2012 में टेस्ट में पदार्पण किया था तथा वह न्यूजीलैंड के सबसे सफल दौर में टीम का अहम हिस्सा रहे। उन्होंने टीम को 2022 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वैगनर ने जो 64 टेस्ट मैच खेले उनमें से न्यूजीलैंड ने 34 में जीत दर्ज की। वैगनर 2008 में दक्षिण अफ्रीका से न्यूजीलैंड आ गए थे और उन्होंने ओटैगो प्रांत की तरफ से प्रथम श्रेणी क्रिकेट में छाप छोड़ी।

# शमी के टखने का ऑपरेशन आईपीएल से बाहर होना तय

## जून में होने वाले टी-20 विश्व कप से भी रह सकते हैं बाहर



- गत वर्ष वनडे विश्व कप में भारत को फाइनल में पहुंचाने में निभाई थी अहम भूमिका
- 19 नवंबर 2023 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था अपना अंतिम मैच

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के बाएं टखने (अकिलीज़ टेंडन) का सफल ऑपरेशन हुआ है, जिससे वह अगले महीने से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में नहीं खेल पाएंगे। इस कारण से वह जून में होने वाले टी-20 विश्व कप से भी बाहर रह सकते हैं।

इस 33 वर्षीय गेंदबाज ने पिछले साल वनडे विश्व कप में भारत को फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने भारत की तरफ से अपना अंतिम मैच 19 नवंबर 2023 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप फाइनल के रूप में खेला था। उनका सोमवार को लंदन में ऑपरेशन हुआ। शमी को फिट होने में 3 महीने का समय लग जाएगा। इससे वह 22 मार्च से 26 मई तक होने वाले आईपीएल में नहीं खेल पाएंगे। उनका जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप में खेलना भी संदिग्ध है। शमी ने सोमवार को अस्पताल से अपनी कई तस्वीरों को साझा करते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, अभी मेरे अकिलीज़ टेंडन का सफल ऑपरेशन हुआ है। इससे उबरने में समय लगेगा लेकिन मैं फिर से अपने पांवों पर खड़े होने के लिए उत्सुक हूं।वनडे विश्व कप में 24 विकेट लेने वाले शमी दर्द के बावजूद इस टूर्नामेंट में खेले थे। वह टखने में विशेष इंजेक्शन लगाने के लिए जनवरी में लंदन चले गए थे। उन्हें हालांकि इससे कोई फायदा नहीं हुआ जिसके बाद उन्हें ऑपरेशन करवाना पड़ा।

इस घटनाक्रम से राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) की ओर से शमी के लिए तैयार किए रिहैबिलिटेशन कार्यक्रम पर भी सवाल उठ गया है। इस गेंदबाज के बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ अक्टूबर-नवंबर में भारत में होने वाली टेस्ट शृंखला से पहले वापसी की संभावना नहीं है। उनका लक्ष्य ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसकी धरती पर होने वाली टेस्ट शृंखला में वापसी करना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शमी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मैं आपके शीघ्र स्वस्थ होने और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं मोहम्मद शमी। मुझे विश्वास है कि आप अपने अंदर रचे बसे साहस से जल्द चोट से उबर जाएंगे।

### शमी का बाहर होना गुजरात टाइटंस के लिए झटका

शमी का आईपीएल से बाहर होना गुजरात टाइटंस के लिए करारा झटका है, जिसके ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या पहले ही मुंबई इंडियंस से जुड़ चुके हैं। शमी ने पिछले साल आईपीएल में अपनी टीम की तरफ से सर्वाधिक विकेट लेकर उसे फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। शमी को हाल में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्होंने अभी तक एक दशक के अपने करियर में टेस्ट क्रिकेट में 229, वनडे में 195 और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 24 विकेट लिए हैं।

# भारत से प्रतिस्पर्धा का मौका तक नहीं था: बेन

रांची, एजेंसी



इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि वर्तमान टेस्ट शृंखला में उनके पास भारत के साथ प्रतिस्पर्धा करने का मौका तक नहीं था, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने मेजबान टीम को कड़ी चुनौती दी और इसलिए उन्हें अपने खिलाड़ियों पर गर्व है।

भारत ने इंग्लैंड को चौथे टेस्ट मैच में 5 विकेट से हराकर 5 मैच की शृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त ले ली है। इंग्लैंड ने स्टोक्स के कप्तान और ब्रैंडन मैकुलम के मुख्य कोच बनने के बाद पहली बार कोई शृंखला गंवाई है। स्टोक्स ने कहा कि 3-1 अच्छा नहीं लग रहा है, लेकिन जिस तरह से हमने भारत को चुनौती दी उस पर मुझे गर्व है। उन्होंने कहा कि यहां तक कि हमारे पास भारत के साथ प्रतिस्पर्धा करने तक का मौका नहीं था, लेकिन हमने भारत को आसानी से नहीं जीतने दिया और मुझे लगता है कि वे इसे स्वीकार करेंगे।

स्टोक्स ने कहा कि यह युवा और कम अनुभवी टीम दो वर्ष से सफल रही है लेकिन भारत आना पूरी तरह से भिन्न होता है जिसका इस टीम को अभी तक अनुभव नहीं था। हमने जिस तरह से उनकी हर चुनौती का जवाब दिया उस पर मुझे वास्तव में गर्व है भले ही हमें हार का सामना करना पड़ा हो। हमारे हर खिलाड़ी ने जिस तरह से आखिर तक हार नहीं मानी, उस पर मुझे गर्व है। कोई भी खिलाड़ी किसी भी समय पीछे नहीं हटा।

### गिल-जुरेल की साझेदारी ने भारत को संभाला

इंग्लैंड ने चौथे टेस्ट मैच में एक समय अच्छी वापसी की थी। चौथे दिन 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत का स्कोर एक समय 5 विकेट पर 120 रन था। इसके बाद शुभमन गिल और ध्रुव जुरेल ने 72 रन की साझेदारी करके भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया।

# डब्ल्यूपीएल संहिता के उल्लंघन में अरुंधति पर लगा 10% जुर्माना

बेंगलुरु, एजेंसी



दिल्ली कैपिटल्स की तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी पर यूपी वॉरियर्स के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

इस खिलाड़ी ने दिल्ली की यूपी के खिलाफ 9 विकेट से जीत में 1 विकेट लिया था। डब्ल्यूपीएल ने कहा कि अरुंधति रेड्डी पर यूपी के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान डब्ल्यूपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। अरुंधति ने डब्ल्यूपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.1 के अंतर्गत आने वाले लेवल एक के अपराध को स्वीकार किया है। संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के मामले में मैच रेफरी का फैसला अंतिम होता है।

# तुर्की महिला कप: उप विजेता बनीं भारतीय टीम

अलान्या (तुर्की), एजेंसी



भारतीय महिला फुटबॉल टीम का दक्षिण एशिया क्षेत्र से बाहर अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट जीतने का सपना मंगलवार को टूट गया जब तुर्की महिला कप के अंतिम राउंड रोबिन मैच में कोसोवो ने इंजरी टाइम में गोल दागकर उसे हरा दिया। कोसोवा ने एर्लेंटा मेमेटी (90+2) के गोल की मदद से 1-0 से जीत दर्ज की।

कोसोवो ने 4 देशों के इस टूर्नामेंट में अपने तीनों मुकाबले जीते और 3 मैच में 9 अंक के साथ टीम शीर्ष पर रही। कोसोवो का यह लगातार दूसरा खिताब है। फीफा रैंकिंग में 65वें स्थान पर मौजूद भारत 3 मैच में 6 अंक के साथ उप विजेता रहा। टूर्नामेंट में तीसरी बार हिस्सा ले रही भारतीय महिला फुटबॉल टीम का यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारत की मनीषा कल्याण को सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर चुना गया। कोसोवो ने पिछला मुकाबला नवंबर 2022 (स्लोवेनिया के खिलाफ 1-3 की हार) में गंवाया था और भारत के खिलाफ ड्रॉ से ही उसका खिताब पक्का हो जाता लेकिन टीम ने जीत दर्ज की। भारत ने हांगकांग के खिलाफ मैच के दौरान कार्तिका अंगमुथु की जगह संगीता बासफोर को मैदान में उतारा। भारत ने शुरुआत में ध्यान कोसोवो को रोकने पर दिया। पहले हाफ में भारत की सौम्या गोगुलोथ को मौका मिला। प्यारी शाशा ने गेंद को इंदुमति कथिरेसन की ओर बढ़ाया जिन्होंने डिफेंस को छकाते हुए गेंद सौम्या की ओर बढ़ाई। सौम्या को 6 यार्ड के बॉक्स में सिर्फ जेल्जा मेहमेती को पछाड़ना था लेकिन उनका शॉट सीधे गोलकीपर के हाथ में चला गया। कोसोवो के डिफेंस पर दबाव का भारत को फायदा मिला। प्यारी ने 38वें मिनट में अच्छा मूव बनाया लेकिन डोनजेता हालिलाज ने उसे नाकाम कर दिया। मनीषा ने इसके बाद फ्री किक पर लेकन मेहमेती ने गेंद को गोल में जाने से रोक दिया।

## बॉलीवुड हलचल

### वार 2 का ऋतिक ने वीडियो किया शेयर




फिल्म 'फाइटर' के बाद ऋतिक रोशन की नई फिल्म 'वॉर 2' की शूटिंग शुरू हो चुकी है। ऐसे में खुद एक्टर ने स्टाइलिस्ट अनाइता श्रॉफ अदजानिया को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए 'वॉर 2' का बीटीएस वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया। ऋतिक रोशन ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें वह अपनी स्टाइलिस्ट के साथ चल रहे हैं और खूब मस्ती करते नजर आ रहे हैं उस वीडियो में स्टाइलिस्ट अनाइता श्रॉफ अदजानिया भी है उन्हीं को एक्टर ने विश कर लिखा- अनसुनी चीजों को पर्दे पर लाने के लिए धन्यवाद, आपका आने वाला साल सुपरसोनिक हो! प्यार। ऋतिक रोशन और स्टाइलिस्ट अनाइता श्रॉफ काफी समय से एक-दूसरे के साथ काम कर रहे हैं। वह एक्टर के लुक से शानदार जादू चलाती है। इससे पहले बैंग बैंग, वॉर और अब वॉर 2 जैसी फिल्मों में भी ऋतिक के साथ काम किया हैं।

### अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के इवेंट में हंगामा

अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ-स्टारर 'बड़े मियां छोटे मियां' साल की मचअवेटेड फिल्मों में से एक है। एक्टर सोमवार (26 फरवरी) को लखनऊ में थे जहां उन्होंने भारी भीड़ के सामने कुछ स्टंट किए। शेयर हुए एक वीडियो के मुताबिक हालात जल्द ही बेकाबू हो गए क्योंकि भीड़ ने इवेंट में हंगामा शुरू कर दिया। वीडियो में अक्षय और टाइगर को मंच पर देखा गया जहां उन्होंने लखनऊ आने पर अपनी एक्साइटमेंट के बारे में बात की। जैसे-जैसे भीड़ बढ़ती गई सिक्योरिटी के होते हुए भी भीड़ को संभालना मुश्किल हो गया। कई लोगों को सामने चप्पल फेंकते देखा गया जबकि सुरक्षा बलों ने हालात कंट्रोल करने की कोशिश की। भीड़ में से कई चप्पलें मैदान के चारों तरफ पड़ी देखी गईं। हंगामे के कारण मची अफरा-तफरी से कुछ देर के लिए प्रोग्राम रोक दिया गया। टाइगर श्रॉफ को लोकेशन पर इकट्ठा हुए फैन्स से कुछ देर इंतजार करने के लिए माफी मांगते भी देखा गया। इसके बाद उन्होंने कहा कि लखनऊ आना और वहां की एनर्जी देखना उनके लिए अब तक का सबसे 'हैरान कर देने वाला पल' था। इस इवेंट के दौरान सितारों ने कुछ हवाई स्टंट भी दिखाए।

### यामी गौतम के आगे विद्युत का एक्शन फेल



फिल्म आर्टिकल 370 का कलेक्शन वीकेंड के बाद गिरा है लेकिन इसे वीकडेज के हिसाब से बुरा नहीं कहा जाएगा। ये फिल्म विद्युत जामवाल की क्रैक पर भारी पड़ती दिख रही है। एक्ट्रेस यामी गौतम की फिल्म आर्टिकल 370 जब रिलीज हो रही थी उस दौरान लोगों का ऐसा मानना था कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाएगी, लेकिन इससे एकदम विपरीत होता दिख रहा है। फिल्म फैंस काफी पसंद कर रहे हैं और इसकी कमाई के ताजा आंकड़े इस बात का सबूत हैं। इसी के साथ विद्युत जामवाल की फिल्म क्रैक कमाई के लिए काफी संघर्ष कर रही है। दोनों फिल्में एक साथ ही रिलीज हुई थीं। वीकेंड के बाद यामी गौतम की फिल्म में गिरावट देखने को मिल रही है। फिल्म ने वीकेंड में काफी अच्छा कलेक्शन किया। फिल्म ने 3 दिनों में 23 करोड़ का कलेक्शन किया था। रविवार को फिल्म ने 9 .6 करोड़ का कलेक्शन किया, लेकिन सोमवार को फिल्म की कमाई में गिरावट दर्ज की गई है। फिल्म ने 3 .25 करोड़ का कलेक्शन चौथे दिन किया है। ये कलेक्शन भले ही रविवार की तुलना में कम है, लेकिन इसके बाद भी फिल्म के कलेक्शन को वीकडेज के हिसाब से बुरा नहीं कहा जाएगा। 4 दिनों में आर्टिकल 370 ने 26 .15 करोड़ कमा लिए हैं। फिल्म की इस कमाई से यामी गौतम भी खुश नजर आ रही हैं और उन्होंने फैंस को थैंक्स कहा है। वहीं, क्रैक तो रिलीज होने के बाद से ही दर्शकों के लिए तरस रही है। फिल्म का कलेक्शन अच्छा नहीं जा रहा है। फिल्म ने वीकेंड तक 8 .70 करोड़ की कमाई कर ली थी। रविवार को फिल्म सिर्फ 2 .3 करोड़ कमा सकी . लेकिन सोमवार को फिल्म के कलेक्शन में भारी गिरावट देखने को मिली। बड़े स्टार्स से सजी ये फिल्म एक दिन में 1 करोड़ रुपये भी कमाने के लिए संघर्ष कर रही है। फिल्म ने सोमवार को करीब 1 करोड़ कमाए हैं। फिल्म के लिए आगे के दिन और मुश्किल होने वाले हैं। फिल्म को रफ्तार पकड़ने के लिए वीकेंड का इंतजार करना होगा।

### चाचा की नकल से अर्जुन को मिली थी फिल्म



अर्जुन कपूर बॉलीवुड में एक दशक से काम कर रहे हैं। अब वह अजय देवगन की सिंघम अगेन में बड़े रोल में नजर आएंगे। अर्जुन ने कई सारी फिल्मों में काम किया है। भले ही वे फिल्मी खानदान से आते हैं, लेकिन एक्टर को फिल्मों में आने के लिए ऑडिशन देना पड़ा था। अर्जुन कपूर की डेब्यू फिल्म इशकजादे आज तक उनके करियर की सबसे बड़ी फिल्म मानी जाती है। हाल ही में अर्जुन कपूर ने एक इंटरव्यू में इसी फिल्म और अपने करियर पर बात करते हुए बताया कि उन्हें ये फिल्म उनके चाचा अनिल 5कपूर की कॉपी करके मिली थी। दरअसल अर्जुन कपूर और रणबीर का 'कॉफी विद करण' शो का एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें अर्जुन कपूर से पूछा गया कि उन्हें ये फिल्म कैसे मिली, तो एक्टर ने इस बारे में बताया कि 'इशकजादे' फिल्म उन्हें ऑडिशन के बेस पर मिली थी। अर्जुन कपूर ने बताया कि जब वो ऑडिशन दे रहे थे, तो उन्होंने उस सीन को अपने चाचा की नकल करते हुए किया। उन्होंने अनिल कपूर की एक्टिंग की। इसके अलावा उन्होंने ये भी बताया कि उन्होंने अनिल कपूर के साथ सलमान खान की एक्टिंग भी की। प्रोड्यूसर को दोनों सुपरस्टार्स की कॉपी की गई एक्टिंग पसंद आई और उन्होंने अर्जुन को फाइनल कर लिया। इस तरह से अर्जुन कपूर को चाचा की नकल करके उनके करियर की सबसे बड़ी फिल्म मिल गई। इस फिल्म में उनके अपोजिट परिणीति चोपड़ा थीं।

### ओम शांति ओम ने बदल दी अर्जुन रामपाल की किस्मत



अर्जुन रामपाल इन दिनों क्रैक को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म ने 23 फरवरी 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक दे दी है। इस फिल्म में वो विद्युत जामवाल के साथ हैं। हाल ही में अर्जुन रामपाल ने शाहरुख खान के साथ 27 साल पहले की एक फिल्म का जिक्र किया और बताया कि कैसे उस फिल्म ने अर्जुन रामपाल की जिंदगी बदल दी थी। अर्जुन रामपाल ने अपने करियर की शुरुआत 22 साल पहले 2001 में आई फिल्म प्यार इश्क और मोहब्बत से की थी। उन्होंने इस फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू किया। उसके बाद से अब तक वो विलेन से लेकर हीरो तक कई रोल निभा चुके हैं। 2 दशक से फिल्म इंडस्ट्री में काम कर रहे अर्जुन रामपाल ने कई फिल्में की हैं, जिसमें उनके अलग-अलग तरह के रोल देखने को मिले हैं, लेकिन वो शाहरुख खान के साथ की ओम शांति ओम को अपने करियर की सबसे अहम फिल्म मानते हैं . उनका कहना है कि ये फिल्म उनके करियर में टर्निंग प्वाइंट साबित हुई। शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म ओम शांति ओम साल 2007 में आई। फिल्म का निर्देशन फराह खान ने किया था। इस फिल्म ने दर्शकों का दिल जीत लिया था और ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। फराह खान की इस फिल्म में अर्जुन रामपाल ने विलेन मुकेश मेहरा का रोल किया था। उनकी एक्टिंग की खूब तारीफ हुई थी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# नागरिक का जीवन और व्यक्तिगत आजादी की सुरक्षा सर्वोपरि : उच्चतम न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुनवाई करते हुए शीर्ष कोर्ट ने की टिप्पणी कहा- अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा

एक नागरिक की आजादी सर्वोपरि है और उससे जुड़े मामले में तेजी से फैसला न करना व्यक्ति को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मिले बहुमूल्य अधिकार से वंचित करेगा। शीर्ष अदालत ने हाल ही में एक मामले में सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की।

शीर्ष अदालत ने अनुच्छेद 21 को जीवन और व्यक्तिगत आजादी की सुरक्षा से जुड़े अनुच्छेद 21 को संविधान की आत्मा बताया। अदालत ने कहा कि बंबई उच्च न्यायालय से ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां जमानत या अग्रिम जमानत के आवेदनों पर तेजी से फैसला नहीं किया जा रहा है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ सुनवाई कर रही थी। पीठ ने अपने 16 फरवरी के आदेश में कहा, हमारे सामने ऐसे कई मामले आए हैं जिनमें न्यायाधीश गुण-दोष के आधार पर मामले पर फैसला नहीं कर रहे हैं। लेकिन कई आधारों पर मामलों को दबाने के लिए बहाने ढूंढ रहे हैं। इसलिए, हम बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से अनुरोध करते हैं कि वह आपराधिक अधिकार क्षेत्र का इस्तेमाल करने वाले सभी न्यायाधीशों से जल्द से जल्द जमानत से जुड़े मामले पर फैसला करने का अनुरोध करें।

पीठ ने कहा, यह कहने की जरूरत नहीं होनी चाहिए कि भारत के संविधान का अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा है। नागरिकों की आजादी सर्वोपरि है। इसमें कहा गया, किसी नागरिक की आजादी से जुड़े मामले में तेजी से फैसला न करना और किसी न किसी आधार पर मामले को दबाना भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत उनके बहुमूल्य अधिकार से वंचित करेगा। पीठ ने सर्वोच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार (न्यायिक) से कहा कि वह उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार (न्यायिक) को अपने आदेश से अवगत कराए। शीर्ष अदालत एक आरोपी की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। आरोपी ने बंबई हाईकोर्ट के 31 मार्च 2023 के फैसले को चुनौती थी। हाईकोर्ट ने उसकी जमानत याचिका का निपटारा करते हुए उसे निचली अदालत के सामने ऐसी याचिका दायर करने की अनुमति दी थी।

# पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन गगन चूमेंगी देश की चार शक्तियां

*गगनयान देश का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन है जिसके तहत चार अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष की सैर कराई जाएगी। इस मिशन को 2024 के आखिर या 2025 की शुरुआत तक भेजा जा सकता है। इसी साल मानव रहित परीक्षण उड़ान होगी, जिसमें एक व्योममित्र रोबोट भेजा जाएगा। गगनयान मिशन तीन दिवसीय है। मिशन के लिए 400 किलोमीटर की पृथ्वी की निचली कक्षा पर मानव को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा और फिर सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाया जाएगा।*

**400** किलोमीटर की निम्न पृथ्वी की कक्षा में अंतरिक्ष यात्रियों को भेजा जाएगा

- भारत का गगनयान मिशन सफल होता है, तो भारत उन देशों की एक खास सूची में शामिल हो जाएगा, जिन्होंने खुद चालक दल अंतरिक्ष यान लॉन्च किया है। वर्तमान में ऐसा मुकाम हासिल करने वाले देश केवल अमेरिका, रूस और चीन ही हैं।



### प्रशांत बालाकृष्णन नायर

ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालाकृष्णन नायर केरल से ताल्लुक रखते हैं। ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालाकृष्णन नायर (47) ने अपनी स्कूली शिक्षा कुवैत से पूरी की। उन्होंने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) से स्नातक की डिग्री हासिल की है। उन्होंने वहां 'स्वोर्ड ऑफ ऑनर' हासिल करके उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। साल 1999 में एक कमीशन अधिकारी के रूप में वो वायु सेना में शामिल हो गए।

### अंगद प्रताप

ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप ने ग्रुप के अन्य तीन सदस्यों के साथ रूस में 13 महीने तक ट्रेनिंग की है। उनका जन्म 17 जुलाई 1982 को प्रयागराज में हुआ था। वह एनडीए के पूर्व छात्र हैं और 18 दिसंबर 2004 को भारतीय वायुसेना की फाइटर स्ट्रीम में नियुक्त हुए थे। वह एक फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर और टेस्ट पायलट हैं और उनके पास लगभग 2000 घंटे की उड़ान का अनुभव है।

### अजित कृष्णन

ग्रुप कैप्टन अजित कृष्णन उन चार अंतरिक्ष यात्रियों में से हैं जिन्हें मिशन के लिए चुना गया था। उनका जन्म 19 अप्रैल 1982 को चेन्नई, तमिलनाडु में हुआ था। वह एनडीए के पूर्व छात्र हैं और वायु सेना अकादमी में राष्ट्रपति के स्वर्ण पदक और स्वॉर्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित हैं। उन्हें 21 जून 2003 को भारतीय वायुसेना की फाइटर स्ट्रीम में कमीशन दिया गया था। वह फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर और टेस्ट पायलट हैं और उनके पास लगभग 2900 घंटे की उड़ान का अनुभव है।

### शुभांशु शुक्ला

गगनयान मिशन के चार अंतरिक्ष यात्रियों में से एक विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला ने रूस की राजधानी मॉस्को के यूरी गगारिन कॉस्मोनॉट ट्रेनिंग सेंटर में ट्रेनिंग हासिल की है। उनका जन्म 10 अक्टूबर 1985 को लखनऊ, यूपी में हुआ था। वह एनडीए के पूर्व छात्र हैं और 17 जून 2006 को भारतीय वायुसेना की फाइटर स्ट्रीम में नियुक्त हुए थे।

वह एक फाइटर कॉम्बैट लीडर और एक टेस्ट पायलट हैं, जिनके पास लगभग 2000 घंटे की उड़ान का अनुभव है।

## एक नजर



### थाईलैंडः भारत से पहुंचे भगवान बुद्ध के अवशेष, भक्तों ने किए दर्शन

**बैंकॉक।** थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में बौद्ध भिक्षुओं ने ध्यान लगाकर माखा बुचा पर्व मनाया। भगवान बुद्ध ने इसी दिन अपने पहले शिष्यों में से 1,250 को दीक्षा दी थी। एक लाख भक्तों ने भगवान बुद्ध और उनके दो शिष्यों के पवित्र अवशेषों की पूजा की। इन्हें भारत से ले जाया गया है।

### वीजा रैकेट में शामिल ब्रिटिश एयरवेज का कर्मचारी फरार

**लंदन।** ब्रिटेन की पुलिस अपने भारतीय अधिकारियों के साथ मिलकर ब्रिटिश एयरवेज (बीए) के एक कर्मचारी की तलाश कर रही है। कर्मचारी वीजा रैकेट मामले में फरार चल रहा है और कथित तौर पर भारत में है। मीडिया के मुताबिक, व्यक्ति (चौबीस वर्षीय) हीथ्रो हवाई अड्डे के टर्मिनल पांच पर सुपरवाइजर के रूप में काम करता था। आरोपी लोगों को बिना जरूरी वीजा दस्तावेजों के ब्रिटिश एयरवेज से यात्रा कराने के लिए प्रत्येक यात्री 25 हजार पाउंड लेता था। फरार कर्मचारी का नाम सार्वजनिक नहीं किया गया है। ब्रिटिश पुलिस भारतीय समकक्षों के साथ मिलकर खोज रही है।



### आंदोलनः किसानों ने ट्रैक्टरों की बाड़ लगा पोलैंड की सीमा सील की

**वर्सा।** यूरोप के कई देशों में चल रहा किसान आंदोलन लगातार उग्र होता जा रहा है। अब पोलैंड के किसानों ने जर्मनी के साथ अपने देश की सीमा सील कर दी है। उन्होंने बॉर्डर पर ट्रैक्टरों की बाड़ बना दी है। बढ़ती कीमतों, करों में वृद्धि और हरित प्रतिबंधों के खिलाफ किसान आंदोलन कर रहे हैं।

### चंद सिक्कों में खरीदी गई हैरी पॉटर किताब की प्रति लाखों में बिकी

**लंदन।** करीब 30 साल पहले पुरानी किताबें बेचने वाली एक दुकान से महज कुछ रुपयों में खरीदी गई हैरी पॉटर के पहले उपन्यास की शुरुआती प्रति (प्रूफ कॉपी) नीलामी में 11,000 पाउंड (करीब 11.5 लाख रुपये) में बिकी। ब्रिटिश नीलामीकर्ता ने सोमवार को बताया कि एक दुकान से दो अन्य पुस्तकों के साथ कुल 40 पेंस (आज की दर से करीब 41 रुपये) में खरीदी गई थी। इस प्रति के पृष्ठ पर असंशोधित प्रूफ कॉपी लिखा है।

# रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने में नाकाम रही यूएनएससी, भारत ने उठाई बदलाव की मांग

## कंबोज बोलीं-जब तक इसमें बदलाव नहीं होगा, तब तक सुरक्षा परिषद विश्वसनीयता के घेरे में रहेगी

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मौजूदा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने सवाल उठाते हुए पूछा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने में क्यों असफल रहा? भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की पुरानी व्यवस्था में बदलाव की मांग की। यूएन जनरल असेंबली प्लेनरी की बैठक हुई, जिसमें रुचिरा कंबोज ने सवाल उठाए।

रुचिरा कंबोज ने कहा 'रूस-यूक्रेन युद्ध को चलते हुए दो साल का समय बीत चुका है। ऐसे में हमें बतौर संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों को कुछ पल रुककर सोचने और अपने आप से पूछने की जरूरत है कि क्या निकट भविष्य में इस संकट का समाधान निकल सकता है? और अगर नहीं निकल सकता तो फिर संयुक्त राष्ट्र व्यवस्था, खासकर सुरक्षा परिषद क्यों है? इसका गठन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शांति और सुरक्षा के लिए किया गया था, ऐसे में ये क्यों मौजूदा संघर्षों को सुलझाने में पूरी तरह से बेअसर साबित हुई है?'

बीते शुक्रवार को यूक्रेन संकट पर संयुक्त राष्ट्र की जनरल असेंबली की प्लेनरी बैठक हुई। इसी दौरान भारत की संयुक्त राष्ट्र में स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने सुरक्षा परिषद में बदलाव की मांग उठाई। कंबोज ने यूएनएससी के पुराने ढांचे में बदलाव की मांग की और कहा कि जब तक इसमें बदलाव नहीं होंगे तब तक सुरक्षा परिषद की विश्वसनीयता सवालों के घेरे में रहेगी।

### कूटनीतिक से निकलेगा समाधान यूक्रेन को लेकर भारत चिंतित

रुचिरा कंबोज ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस बयान को भी दोहराया, जिसमें पीएम मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा था कि 'ये युद्ध का युग नहीं है।' कंबोज ने कहा कि 'यूक्रेन हालात को लेकर भारत चिंतित है। हम लगातार इस बात पर जोर दे रहे हैं कि इंसानी जिंदगी की कीमत पर कोई समाधान नहीं होना चाहिए। हिंसा किसी के भी हित में नहीं है।' कंबोज ने कहा कि कूटनीतिक तरीके से ही शांति संभव है और इसके लिए सभी पक्षों के बीच बातचीत होनी चाहिए। हमें ऐसे कदम उठाने से बचना चाहिए, जिनसे बातचीत और समाधान के रास्ते बंद हो जाएं।




### मानवाधिकार हमारे लोकतांत्रिक सिद्धांतों का हिस्सा, यूएन की बैठक में बोले जयशंकर

**नई दिल्ली।** स्विट्जरलैंड के जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार परिषद का सत्र सोमवार से शुरू हो गया है। यह मानवाधिकार परिषद का 55वां सत्र है, जो सबसे लंबा होगा और अप्रैल तक चलेगा।



इस बैठक के पहले दिन भारतीय विदेश मंत्री ने अपने संदेश में मानवाधिकार परिषद की बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल के पूरे सहयोग का वादा किया और कहा कि भारत मानवाधिकारों की सुरक्षा के लिए काम करता रहेगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने संदेश में कहा कि 'मैं ये सुनिश्चित करूंगा कि हमारा प्रतिनिधिमंडल और उच्चायुक्त आपको पूरा समर्थन और सहयोग दें। भारत परिषद के सदस्यों के साथ मिलकर मानवाधिकारों की सुरक्षा और बढ़ावे के लिए काम करता रहेगा। भारत के लोकतांत्रिक सिद्धांतों और विविधता भरी सोच में मानवाधिकार गहरे तक समाए हुए हैं। विदेश मंत्री ने नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से सत्र को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 'पुरानी संरचनाओं को सुधारने, प्रणालीगत खामियों को ठीक करने और वर्तमान वैश्विक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करने वाले बहुपक्षीय ढांचे को तत्काल बनाने का समय आ गया है।' उन्होंने कहा, 'भू-राजनीतिक चुनौतियों का स्थायी समाधान खोजने के लिए यूएन और उसके बाहर मिलकर काम करना हमारे सामूहिक हित और हमारी जिम्मेदारी भी है।

# इमरान-बुशरा बीबी भ्रष्टाचार के नए मामले में दोषी करार

इस्लामाबाद, एजेंसी

- दंपती ने लगे आरोपों से किया इनकार, मामले की सुनवाई छह मार्च तक स्थगित



पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पत्नी बुशरा बीबी को अदालत ने दोनों के खिलाफ 190 मिलियन पाउंड (लगभग 20 अरब रुपये) के अल-कादिर भ्रष्टाचार मामले में आरोप तय किए हैं। न्यायाधीश नासिर जावेद राणा ने रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में सुनवाई की। कई मामलों में इमरान इसी जेल में सजा काट रहे हैं।

न्यायाधीश ने अदालत कक्ष में इमरान खान और बुशरा बीबी की मौजूदगी में आरोप पत्र पढ़ा। अल-कादिर ट्रस्ट के नाम पर सैकड़ों नहरों की जमीन का कथित तौर पर अधिग्रहण किया गया था। मामले में राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने इमरान खान, उनकी पत्नी और अन्य के खिलाफ जांच शुरू की थी। जिसमें सरकारी खजाने को 190 मिलियन पाउंड का नुकसान होने का मामला सामने आया था।

मीडिया के मुताबिक, सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने कहा कि मामले में 58 गवाहों के बयान दर्ज किए जाएंगे। न्यायाधीश ने इमरान खान के खिलाफ आरोप तय करते समय पूछा कि क्या वह दोषी हैं या नहीं। इमरान ने जवाब दिया, मुझे आरोप पत्र क्यों पढ़ना चाहिए, जब मुझे पता है कि उसमें क्या लिखा है? इमरान खान और उनकी पत्नी दोनों ने अपने खिलाफ लगे आरोपों से इनका किया। मामले की सुनवाई छह मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई। जवाबदेही अदालत ने एनएबी के पांच गवाहों को भी सुनवाई में शामिल होने का आदेश दिया। एक जवाबदेही अदालत ने तोशाखाना मामले में इमरान और बुशरा को 14 साल की सजा सुनाई थी। बुशरा को इमरान के इस्लामाबाद स्थित बनी गाला आवास में नजरबंद किया गया है। अल-कादिर ट्रस्ट मामला 190 मिलियन पाउंड के समझौते से जुड़ा है। जिसे ब्रिटेन की राष्ट्रीय अपराध एजेंसी ने कारोबारी मलिक रियाज हुसैन से रकम वसूलने के बाद पाकिस्तान भेजा था।

## तंबाकू-सिगरेट पर लगे प्रतिबंध को हटाएगा न्यूजीलैंड

**वेलिंग्टन।** न्यूजीलैंड की नई सरकार तंबाकू की बिक्री पर लगे प्रतिबंध को हटाने जा रहा है। रिसर्चर और प्रचारकों द्वारा सरकार को तंबाकू से होने वाले मौतों के बारे में दी गई चेतावनी के बावजूद मंगलवार को सरकार ने इस पर लगे प्रतिबंध को हटाने की घोषणा की है।

ये इसी साल जुलाई से लागू हो जाएगा। इसके साथ ही स्मोक्ड तंबाकू उत्पादों में निकोटीन सामग्री में कटौती की जाएगी और तंबाकू खुदरा विक्रेताओं की संख्या 90% से अधिक कम हो जाएगी। अक्टूबर में चुनी गई नई गठबंधन सरकार ने पुष्टि की कि मंगलवार को तत्काल कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार धूम्रपान को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## सड़क पर उतरे लोग...



**साओ पाउलो :** ब्राजील के साओ पाउलो शहर में पूर्व राष्ट्रपति जैर बोल्सोनारो पर लगाए गए तख्तापलट की कोशिश के आरोप के खिलाफ उनके 5 लाख से ज्यादा समर्थक सड़कों पर उतर आए। साथ उन पर लगाई गई चुनावी पाबंदी का भी विरोध किया। दरअसल, बोल्सोनारों से जनवरी 2023 में हुई हिंसा को लेकर पूछताछ हुई। लोगों ने पूर्व राष्ट्रपति पर लगी चुनावी पाबंदी हटाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। ● एजेंसी




# अंतरिक्षयान ओडीसियस ने चंद्रमा से भेजी पहली तस्वीर

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के टेक्सास की इंट्यूटिव मशीन का लूनार लैंडर ओडीसियस चंद्रमा पर लैंडिंग करने में सफल रहा, लेकिन यह लैंडिंग पूरी तरह से सटीक नहीं थी और लैंडिंग के बाद यान थोड़ा सा टेढ़ा हो गया। इस घटना से यह कई मायनों में एक अनोखी लैंडिंग बन गई है।

ओडीसियस, 1972 में अपोलो17 मिशन के बाद चंद्रमा पर पहुंचने वाला पहला अमेरिकी अंतरिक्षयान बन गया है। ओडीसियस ने चंद्रमा की दक्षिणी सतह से पहली तस्वीर भेजी है। इंट्यूएटिव मशीन्स ने एक्स पर सोमवार को एक पोस्ट पर कहा, ओडीसियस चंद्रमा की सतह से नोवा कंट्रोल में फाइटर कंट्रोलर के साथ कम्यूनिकेट कर रहा है। पोस्ट में दो तस्वीरें भी शेयर की गई हैं। पहली तस्वीर षट्भुज आकार के अंतरिक्ष यान के उतरने की, और दूसरी उसके गिरने के 35 सेकंड बाद ली गई, जिसमें मालापर्ट ए प्रभाव क्रेटर की पक्की मिट्टी का पता चलता है। आपको बता दें यह एक प्राइवेट कंपनी का लैंडर था, और इसमें नासा का भरपूर सहयोग था।



## सूरज की रोशनी से जागा जापान का मून लैंडरः जाक्सा

**टोक्यो।** जापान के पहले मून लैंडर ने पृथ्वी से एक संकेत का जवाब दिया है। इससे पता चलता है कि यह सप्ताह भर की दूसरी चंद्र रात से बच गया है। यह जानकारी देते हुए जापान की अंतरिक्ष एजेंसी जाक्सा ने इसे चमत्कार बताया।

गत 20 जनवरी को जापान के मानव रहित स्मार्ट लैंडर फॉर इन्वेस्टिगेटिंग ने 20 जनवरी को चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग की थी। इसके साथ ही जापान चांद पर पहुंचने वाला पांचवां देश बन गया। जाक्सा ने बताया कि एसएलआईएम गत माह गलत दिशा में गिर गया था और इसके सौर पैनलों तक सूरज की रोशनी नहीं पहुंच पा रही थी। हालांकि, सूरज की रोशनी मिलते ही लैंडिंग के आठवें दिन एसएलआईएम से संपर्क हो गया।

# अगले सोमवार तक गाजा में थम जाएगा युद्धः जो बाइडन

वाशिंगटन, एजेंसी



- बोले- दोनों पक्ष संघर्ष विराम समझौते के करीब फाइनल मुहर लगना बाकी

इजराइल और हमास के बीच पांच महीने से अधिक समय से युद्ध जारी है। इजराइल ने कड़ी जवाबी कार्रवाई और समझौता कर अपने कुछ लोगों को रिहा करा लिया था। अब एक बार फिर जंग थोड़े समय के लिए रुक सकती है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने उम्मीद जताई है कि अगले सोमवार तक इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम हो सकता है। उन्होंने माना है कि दो पक्ष संघर्ष विराम समझौते के करीब हैं।

जो बाइडन ने गाजा में संघर्ष विराम के सवाल पर कहा, 'मेरे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने मुझसे कहा है कि हम इसके करीब हैं और मेरी उम्मीद है कि अगले सोमवार तक हम युद्धविराम कर लेंगे।' साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि हम इसके नजदीक हैं, लेकिन यह अभी तक पूरा नहीं हुआ है। अभी इस पर फाइनल मुहर लगना बाकी है। गौरतलब है, इससे एक दिन पहले ही व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने बताया था कि, 'इस्राइल, अमेरिका, मिस्र और कतर के प्रतिनिधियों ने पेरिस में मुलाकात की। इस दौरान अस्थायी संघर्षविराम के बदले हमास द्वारा बनाए गए बंधकों को रिहा करने पर चारों के बीच सहमति बन गई है। मोसाद के निदेशक डेविड बार्निया सहित एक इस्राइली प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को पेरिस में सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी (सीआईए) के निदेशक बिल बर्न्स, मिस्र और कतर के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की।

विज्ञान | इसरो 2030 तक अगला मंगल मिशन लॉन्च करने की बना रहा है योजना

# मंगल की धरती पर उड़ान भरेगा भारतीय हेलीकॉप्टर

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** इसरो लाल ग्रह मंगल पर उड़ान भरने की योजना पर काम कर रहा है। मंगलयान के बाद यह दूसरा भारतीय मंगल मिशन होगा, जिसे 2030 में लॉन्च करने की योजना है। मंगल मिशन नन्हा हेलीकॉप्टर साथ लेकर इस मिशन को महत्वाकांक्षी बनाने जा रहा है।

इसमें दोराय नही कि अंतरिक्ष की दुनिया में भारत बहुत कम समय पर दुनिया के अग्रणी देशों में अपना नाम सुमार कर चुका है। बहुत कम लागत और कम समय में मार्स ऑर्बिटर मिशन (मंगलयान) की सफलता से इसरो ने दुनिया को अपनी ओर आकर्षित किया था। मंगलयान को 2013 में लॉन्च किया था और 2014 में मंगल की कक्षा में स्थापित हुआ था। करीब आठ साल मंगल मिशन ने अनेक महत्वपूर्ण खोज कर भारतीय विज्ञान क्षमता का परिचय दिया। अब इसरो मंगल ग्रह की सतह पर नासा का इनजेनिटी हेलीकॉप्टर की तर्ज पर अपना हेलीकॉप्टर शामिल करना चाहता है, जो 2030 के दशक की शुरुआत में लॉन्च हो जाएगा।

हेलीकॉप्टर भारतीय मार्सलैंडर के साथ उड़ान भरेगा। विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र के अंतरिक्ष भौतिकी प्रयोगशाला के वैज्ञानिक जयदेव प्रदीप ने हाल ही में एक वेबिनार के दौरान यह जानकारी दी। मंगल ग्रह पर लैंडिंग मिशन के लिए हेलीकॉप्टर मंगल के हवाई अन्वेषण के लिए पेलोड का एक सूट साथ ले जाएगा। पेलोड में एक तापमान सेंसर, आर्द्रता सेंसर, दबाव सेंसर, हवा की गति सेंसर, विद्युत क्षेत्र सेंसर और धूल एरोसोल के ऊर्ध्वाधर वितरण को मापने के लिए एक ट्रेस प्रजाति और धूल सेंसर शामिल किया जाएगा। भारतीय हेलीकॉप्टर मंगल की सतह से 328 फीट यानी100 मीटर ऊपर तक उड़ान भरने में सक्षम होगा, जबकि नासा का इनजेनिटी 79 फीट की ऊंचाई तक उड़ सकता है। मंगल की धरती के वातावरणीय जानकारी जुटाने के लिये अगली पीढ़ी के लिए वरदान साबित होगा।



मंगल की धरती पर नासा का हेलीकॉप्टर।

### मंगल पर कीर्तिमान स्थापित करेगा इसरो, बसाएगा मानव बस्ती

मंगल की धरती पर मानव बस्ती बसाने को लेकर नासा व चीन के साथ भारत भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर चुका है। इन सभी देशों का एकमात्र सपना मंगल पर मानव का दूसरा घर बसाना है। मंगलयान की सफलता से भारतीय वैज्ञानिको के हौसले बुलंद हैं। इसरो की तैयारी अब मंगल पर नया कीर्तिमान स्थापित करना है। मगर आज भी यह सवाल अनुत्तरित है कि कब तक मंगल पर मानव बस्ती बसाई जा सकेगी।

# यूएईः आम लोगों के लिए मार्च से खुलेगा बीएपीएस मंदिर

आबू धाबी, एजेंसी

**15** से 29 फरवरी तक वीआईपी मेहमानों को दी गई थी दर्शन करने की अनुमति



अबू धाबी में पहला हिंदू मंदिर एक मार्च से जनता के लिए खोला जाएगा। बता दें कि इस महीने की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मंदिर का उद्घाटन किया था। लगभग 700 करोड़ रुपये की लागत से इस मंदिर का निर्माण बोचासनवासी श्री अक्षर पुरूषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) द्वारा अबू मुरीखा में किया गया।

भव्य मंदिर का उद्घाटन 14 फरवरी को एक समर्पण समारोह के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने किया था, जिसमें 5,000 से अधिक आमंत्रित लोग शामिल हुए थे। 15 से 29 फरवरी तक पहले से पंजीकरण कराने वाले विदेशी श्रद्धालुओं या वीआईपी मेहमानों को मंदिर में दर्शन की अनुमति दी गई थी। अब मंदिर 1 मार्च से सुबह 9 बजे से रात 8 बजे तक जनता के लिए खुला रहेगा। मंदिर हर सोमवार को बंद रहेगा। इसकी जानकारी मंदिर के एक प्रवक्ता ने दी है।

इस मंदिर के निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाली 18 लाख ईंटों और 1.8 लाख घन मीटर बलुआ पत्थर राजस्थान से लाए गए है। यह मंदिर अयोध्या में हाल ही में उद्घाटन किए गए राम मंदिर की तरह, वास्तुकला की नागर शैली में बनाया गया है।